
# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 25 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 55, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 1069 अंकों की गिरावट

एआई से जुड़ी चुनौतियों व अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली होने से सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया। } 14

## विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा हर किसी का मिशन होना चाहिए

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सभी के लिए किफायती और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा हर किसी का मिशन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि भारत वैश्विक स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में प्रतिष्ठा हासिल करेगा। } 16

# इलाहाबाद हाईकोर्ट की शरण में अविमुक्तेश्वरानंद

## गिरफ्तारी से बचने के लिए दाखिल की अग्रिम जमानत याचिका

जिला संवाददाता

प्रयागराज/वाराणसी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की।

सूत्रों के अनुसार, अदालत में आवेदन दाखिल करने से पहले इस संबंध में सरकारी वकील के कार्यालय को नोटिस भेजा गया है। प्रयागराज के झूंसी थाने में अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ताओं में स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज और एक नाबालिग सहित दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं, जिन्होंने गुरुकुल में और माघ मेले सहित धार्मिक सभाओं के दौरान यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाया था। इस बीच, ...शेष पृष्ठ 14 पर



# केरल का नाम बदलकर केरलम करने को मिली मंजूरी

○ कैबिनेट ने रेलवे की 9,072 करोड़ रुपये लागत वाली तीन परियोजनाएं की पास ○ कच्चे जूट का एमएसपी 275 रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर केरलम करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। यह नए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर सेवा तीर्थ में आयोजित मंत्रिमंडल की पहली बैठक थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने मंगलवार को रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन तीन परियोजनाओं में गोंदिया-जबलपुर खंड का दोहरीकरण और पुनारख-किऊल तथा गम्हरिया-चांडिल खंड के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाना शामिल है। सरकार ने कहा कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार और झारखंड के आठ जिलों को कवर करने वाली इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी। वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में केरल राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 नामक विधेयक को भारत के संविधान के अनुच्छेद 3 के प्रावधान के तहत विचार व्यक्त करने के लिए केरल राज्य विधानसभा को भेजेंगी। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को विपणन सत्र 2026-27 में कच्चे जूट के लिए 5,925 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी, जो पिछले सत्र के एमएसपी से 275 रुपये ज़्यादा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि इस फैसले से खासकर पश्चिम बंगाल और असम में, जूट उगाने वालों को फ़ायदा होगा। भारत दुनिया में कच्चे ...शेष पृष्ठ 14 पर



"नया प्रधानमंत्री कार्यालय परिसर में अपनी पहली बैठक में यह संकल्प लिया कि सेवा तीर्थ में लिया गया हर निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा-भाव से प्रेरित होगा।"



## संक्षेप

### ढाका के रास्ते कोलकाता अगरतला बस सेवा शुरू

अगरतला। बांग्लादेश में गत 18 महीने से राजनीतिक उथल-पुथल के कारण स्थगित की गयी कोलकाता-अगरतला बस सेवा मंगलवार को बहाल हो गई और कम से कम 20 यात्री ढाका के रास्ते यहां पहुंचे। त्रिपुरा के परिवहन मंत्री सुशांत चौधरी ने अखौरा एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) पर यात्रियों का स्वागत किया। कम से कम 20 यात्रियों को लेकर यह बस कोलकाता से ढाका होते हुए अगरतला पहुंची, जबकि दूसरी बस पश्चिम बंगाल की राजधानी के लिए रवाना हुई। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण रॉयल-मैत्री अंतरराष्ट्रीय बस सेवा निलंबित कर दी गयी थी, जिसके परिणामस्वरूप वीजा संबंधी समस्याएं और यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई।

### पिता की बीमारी के चलते वर्ल्ड कप से लौटे रिंकू सिंह

ग्रेटर नोएडा। भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खांचेन्द्र सिंह को ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, उनकी हालत अभी स्थिर बताई जा रही है। उन्हें चौथे चरण का लिवर कैंसर है। उनके पिता आईसीयू में भर्ती हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। रिंकू सिंह के पिता खांचेन्द्र सिंह को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। इसी कारण रिंकू सिंह को जिम्बाब्वे के साथ टी20 विश्व कप खेलने से पहले घर लौटना पड़ा। उनके अचानक टीम का साथ छोड़ने से टीम प्रबंधन में चिंता बढ़ गई है।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:16 | 5:08 | 6:06 | 5:11 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 27.06 डिसे.

न्यूनतम : 14.00 डिसे.

### भीतर पढ़ें


○ सिंगापुर के साथ यूपी की बड़ी रणनीतिक साझेदारी (पृष्ठ-02)

○ आय सीमा बढ़ने से लाखों छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति (पृष्ठ-02)

○ रुपया 6 पैसे बढ़कर 90.95 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)

○ झारखंड में 1.58 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश (पृष्ठ-14)

○ चीन ने जापानी कंपनियों को निर्यात नियंत्रण सूची में डाला (पृष्ठ-14)


# यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना लक्ष्य : योगी

○ सिंगापुर में मिले 1 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव ○ 60 हजार करोड़ के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर



विशेष संवाददाता

सिंगापुर/लखनऊ। उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ सिंगापुर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिंगापुर में टीम यूपी को लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 60 हजार करोड़ रुपये के एमओयू इन्वेस्ट यूपी की तरफ से संपन्न किए जा चुके हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह निवेश प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी हो चुकी है। निवेशकों को उत्तर प्रदेश में हो रही प्रत्येक गतिविधि की जानकारी है। यही कारण है कि कम समय में ही यूपी को इतना बड़ा निवेश प्राप्त हुआ है।

मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर व जापान की यात्रा पर आया है। सिंगापुर पहुंचने के बाद सुबह 8:30 बजे से देर रात तक लगातार बैठकें चलीं और दूसरे दिन भी प्रातःकाल से ही कार्यक्रम जारी रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने समग्र विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उसी विजन को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश ने बीते साढ़े आठ-नौ वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और जन-कल्याण के क्षेत्रों में तेज गति से विकास किया है। आज भारत और उत्तर प्रदेश की छवि विश्व स्तर पर अत्यंत सकारात्मक रूप में देखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो दिनों में उन्होंने 100 से अधिक प्रतिनिधियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तर प्रदेश में निवेश पूरी तरह सुरक्षित

विशेष संवाददाता

सिंगापुर। सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन इन्वेस्ट यूपी मेगा रोड शो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के ट्रिपल एस (सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड) मॉडल को निवेश की सबसे बड़ी गारंटी बताते हुए प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में हो रहे प्रयासों का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश केवल संभावनाओं की नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस की भूमि बन चुका है। हमने पिछले 9 वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश में केवल सुरक्षा का ही माहौल नहीं दिया, बल्कि स्केल को स्किल और स्पीड के साथ कैसे जोड़ा जाता है, इसको ...शेष पृष्ठ 14 पर



## नोएडा हवाई अड्डे पर दो परियोजनाओं में निवेश करेगी एआई सैट्स

सिंगापुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश सरकार ने विमानन सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एआई सैट्स (एआईएसएटीएस) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत कंपनी गौतमबुद्ध नगर स्थित जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो प्रमुख परियोजनाएं स्थापित करेगी।

इन परियोजनाओं में एक अत्याधुनिक कार्गो परिसर और दूसरी विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचन (विमान यात्राओं के लिए भोजन उपलब्ध कराने वाली रसोई) शामिल है। इन दोनों परियोजनाओं पर एआई सैट्स 4,458 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एक बयान के मुताबिक, समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार, एआई सैट्स जेवर हवाई अड्डा परिसर में एक अत्याधुनिक कार्गो परिसर का निर्माण करेगी।

# अतिक्रमणकारियों को खाली करनी होगी रेलवे की भूमि

## परियोजना विस्तार के लिए 5,000 से अधिक परिवारों को हटाने का आदेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी से संकेत मिलता है कि प्रस्तावित विस्तार परियोजना के लिए 5,000 से अधिक परिवारों को विवादित जमीन खाली करनी होगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि संबंधित भूमि से जुड़ा विवाद विभिन्न अदालतों में जा चुका है और रेलवे की अतिक्रमित जमीन पर गतिरोध को अनिश्चितकाल तक जारी रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीठ ने केंद्र और राज्य के प्राधिकारों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र में रहने वाले परिवारों की प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के लिए पात्रता सुनिश्चित करें। शीर्ष अदालत ने नैनीताल के जिलाधिकारी, हल्द्वानी के उप जिलाधिकारी और जिला स्तरीय विधि सेवा प्राधिकरण के सदस्यों सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र का दौरा करें और शिविर लगाएं, ताकि जमीन पर कब्जा करने वाले परिवारों की योजना का लाभ उठाने के लिए फॉर्म भरने सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी करने में मदद की जा सके। पीठ ने कहा कि अगर पात्र परिवार पीएमएवाई योजना के लिए आवेदन 31 मार्च तक जमा करें तो न्यायालय को खुशी होगी। उसने जिलाधिकारी और राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव को मामले में वस्तुस्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि उनके मुवक्किल हल्द्वानी रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्र में पिछले चार से पांच दशकों से रह ...शेष पृष्ठ 14 पर



## अंडमान : समुद्र में हुई हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

श्री विजयपुरम। उत्तरी और मध्य अंडमान जिले के रंगत से उड़ान भरने के बाद पवनहंस के एक हेलीकॉप्टर को मंगलवार सुबह आपात स्थिति में समुद्र में उतारना पड़ा और उसमें सवार चालक दल के दो सदस्यों सहित सभी सात लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यात्रा कार्यक्रम के अनुसार हेलीकॉप्टर को अंडमान निकोबार द्वीप समूह में मायाबंदर हेलीपैड पर उतरना था, लेकिन उसे वहां से 300 मीटर की दूरी पर समुद्र में उतारना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर के उत्तरी और मध्य अंडमान जिले के रंगत से उड़ान भरने के बाद, सुबह करीब साढ़े नौ बजे यह घटना हुई। एक अधिकारी ने बताया कि बीच समुद्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कुमाऊं की होली हमारी सांस्कृतिक विरासत : धामी

## चम्पावत में खड़ी-बैठकी होली का उल्लास, सीएम ने किया वर्चुअली शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता

चम्पावत (उत्तराखंड)। कुमाऊं अंचल की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान मानी जाने वाली खड़ी और बैठकी होली ने एक बार फिर पहाड़ की फिजाओं में राग और रस घोल दिया। पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों ने जब सामूहिक स्वर में होली गाई तो पूरा वातावरण लोकआस्था, भक्ति और उल्लास से गूंज उठा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि कुमाऊं की होली हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। यह केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली परंपरा और जीवन मूल्यों की अभिव्यक्ति है। महोत्सव में ढोल, हुड़का और मंजीरे की लय पर प्रस्तुत खड़ी होली की ऊर्जावान शैली और बैठकी होली की गंभीर, शास्त्रीय प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रागों पर आधारित गीतों में आध्यात्मिकता के साथ-साथ पहाड़ी जनजीवन की सहज छवि भी दिखाई दी। सामूहिक गायन ने आपसी सौहार्द और एकता का सजीव दृश्य प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि खड़ी-बैठकी होली समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाती है और भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुटता का संदेश देती है। यह परंपरा पीढ़ियों से सांस्कृतिक निरंतरता बनाये रखने का माध्यम रही है और आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। सीएम धामी ने कहा कि तेजी से बदलते समय में ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। पारंपरिक होली गीतों में समाहित नैतिक मूल्य, भक्ति भाव और जीवन दर्शन नई पीढ़ी को अपनी पहचान समझने और संस्कृति पर गर्व करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार लोकभाषा, लोकसंगीत और लोककलाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर



विशेष खबर — तीन दिवसीय उत्कर्ष-26 की थीम होगी 'विरासत से विकास तक'

# बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप में उत्कर्ष-2026 का आगाज 26 से

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बाबू बनारसी दास एजूकेशनल ग्रुप का वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-26 का आयोजन 26 फरवरी से 28 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव में बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के लखनऊ कैम्पस के लगभग बीस हजार छात्र-छात्राओं के साथ ही प्रदेश और लखनऊ के विभिन्न कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के हजारों छात्र भी सहभागिता करेगें।

यह जानकारी देते हुए पत्रकारवार्ता में मंगलवार को बीबीडी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. सुधर्मा सिंह और बीबीडी यूनिवर्सिटी के डीएसडब्ल्यू एवं चीफ प्रॉक्टर और मुख्य संयोजक-उत्कर्ष 2026 प्रो. एसएमके रिजवी ने बताया कि उत्तर भारत के सर्वोत्तम प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने वाले इस उत्सव में तकनीकी, सांस्कृतिक, होटल मैनेजमेंट, खेल, साहित्य, ललित कला एवं मिस्टर एंड मिस उत्कर्ष आदि प्रतियोगिताओं की विविधता देखने को मिलेगी। उत्कर्ष-26 का थीम 'विरासत से विकास तक' है। यह तीन दिवसीय आयोजन बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की टीम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस वार्षिकोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में भाग लेने वाले सहभागियों से कैम्पस में जीवन्तता परिलक्षित होगी।

उन्होंने बताया कि उत्कर्ष-26 का उद्घाटन 26 फरवरी को मुख्य अतिथि के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया जायेगा। उत्कर्ष-26 के तीसरे दिन 28 फरवरी को समापन समारोह होगा। समापन समारोह की बतौर मुख्य अतिथि बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास और वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास होंगी। सम्मानित अतिथियों द्वारा उत्कर्ष-2026 की विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता टीम को पारितोषिक प्रदान किये जायेंगे और सर्वोत्तम प्रस्तुति के लिए चैम्पियनशिप ट्रॉफी भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि उत्कर्ष-2026 ...शेष पृष्ठ 14 पर




# मेरठ : घर में लगी आग, पांच बच्चों सहित छह की मौत

जिला संवाददाता

मेरठ (उत्तर प्रदेश)। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक मकान में आग लगने से पांच बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (मेरठ) अविनाश पांडे ने सिविल अस्पताल में संवाददाताओं को बताया कि घटना किदवई नगर इलाके में रात करीब आठ बजे हुई।

उन्होंने बताया कि इकबाल अहमद के आवास पर आग लगने की सूचना रात आठ बजकर 49 मिनट पर मिली, जिसके बाद पुलिस एवं दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। पांडे ने कहा तीन मिनट के भीतर, डायल 112 पुलिस प्रतिक्रिया वाहन मौके पर पहुंच गया और उसके तुरंत बाद दमकल की गाड़ियां भेजी गईं।

पुलिस के मुताबिक, घर में सिलाई का काम होता था और बड़ी मात्रा में कपड़े रखे हुए थे जिससे आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं। उन्होंने कहा कि इलाके में संकरी गलियों के कारण दमकल वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचने में चुनौती पेश आती है इसलिए अग्निशमन विभाग के बेड़े में शामिल की गईं नयी मोटरसाइकिलों को भेजा गया। एसएसपी ने बताया कि एक स्थानीय निवासी ने भी फंसे लोगों को निकालने में मदद के लिए सीढ़ी लगाकर बचाव प्रयासों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सिंगापुर के साथ यूपी की बड़ी रणनीतिक साझेदारी

## इन्वेस्ट यूपी व एससीई के बीच एमओयू, सिंगापुर कोऑपरेशन एंटरप्राइज के साथ हुआ करार

विशेष संवाददाता (vol)



- **जेवर एयरपोर्ट पर दो प्रोजेक्ट्स में 4458 करोड़ रुपये निवेश करेगी एआई सैट्स**

**सिंगापुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी और सिंगापुर सरकार के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था सिंगापुर कोऑपरेशन एंटरप्राइज (एससीई) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता उत्तर प्रदेश में संस्थागत क्षमता व नीतिगत ढांचे को सुदृढ़ बनाने और इकोसिस्टम के विकास के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एविएशन सर्विस सेक्टर की अग्रणी कंपनी एआई सैट्स (एआई सैट्स) के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत कंपनी गौतमबुद्ध नगर स्थित जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो प्रमुख परियोजनाएं स्थापित करेगी। एक अत्याधुनिक कार्गो कैंपस और दूसरा विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचेन। इन दोनों प्रोजेक्ट्स पर एआई सैट्स 4458 करोड़ रुपये निवेश करेगी।

एससीई के साथ हुए एमओयू के तहत दोनों पक्ष विषयगत ज्ञान के आदान-प्रदान, तकनीकी सहयोग और परामर्श सेवाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश में सतत आर्थिक विकास, औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और आधुनिक अवसंरचना के विकास को गति देने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। समझौते के अनुसार, दोनों पक्ष न सिर्फ स्टडी विजिट्स व लीडरशिप डेलिगेशन का आयोजन करेंगे, बल्कि ट्रेनिंग व कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रमों का खाका तैयार कर उसे लागू भी कराएंगे। इससे लोगों की कार्यक्षमता व कौशल, दोनों को बेहतर किया जा सकेगा। इसके अलावा सलाह व मार्गदर्शन उपलब्ध कराना, साथ मिलकर तकनीकी सहयोग की परियोजनाएं तैयार करना और उन्हें लागू करना, सरकारी व निजी क्षेत्र से जुड़े संबंधित लोगों व संस्थाओं का सहयोग हासिल करना भी एमओयू के प्रावधानों में शामिल है। आवश्यकता पड़ने पर विशिष्ट परियोजनाओं के लिए अलग से लिखित समझौते किए जाएंगे, जिनमें कार्यक्षेत्र, समयसीमा और वित्तीय प्रावधान स्पष्ट किए जाएंगे। दो माह के भीतर विस्तृत परियोजना समझौतों पर बातचीत शुरू की जाएगी और छह माह के भीतर उन्हें अंतिम रूप देने का प्रयास किया जाएगा। इस साझेदारी से उत्तर प्रदेश को सिंगापुर के प्रशासनिक अनुभव, शहरी नियोजन, औद्योगिक क्लस्टर विकास, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में अनुभव का लाभ मिलेगा। इस समझौते को उत्तर प्रदेश की वैश्विक सहभागिता और लॉन्ग टर्म विजन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। प्रदेश सरकार ने एविएशन सर्विस सेक्टर की अग्रणी कंपनी एआई सैट्स (एआई सैट्स) के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत कंपनी गौतमबुद्ध नगर स्थित जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो प्रमुख परियोजनाएं स्थापित करेगी। एक अत्याधुनिक कार्गो कैंपस और दूसरा विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचेन। इन दोनों प्रोजेक्ट्स पर एआई सैट्स 4458 करोड़ रुपये निवेश करेगी। एमओयू के अनुसार, एआई सैट्स जेवर एयरपोर्ट परिसर में एक अत्याधुनिक कार्गो कैंपस का निर्माण करेगी। यह कार्गो कैंपस ना केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए एयर फ्रेट और लॉजिस्टिक्स का प्रमुख केंद्र बनेगा। इस परियोजना से निर्यात-आयात गतिविधियों को गति मिलेगी, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों को बड़ा लाभ होगा। जेवर एयरपोर्ट को मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के साथ विकसित किया जा रहा है, जिससे यह कार्गो कैंपस अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक रणनीतिक हब के रूप में उभरेगा। एमओयू के दूसरे प्रमुख निवेश के तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ही एक अत्याधुनिक विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचेन की स्थापना की जाएगी। यह किचेन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से संचालित होने वाली उड़ानों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराएगा। विशेष बात यह है कि यहां तैयार किया गया भोजन केवल जेवर एयरपोर्ट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसकी सप्लाई पूरे उत्तर भारत के विभिन्न एयरपोर्ट्स पर भी की जाएगी। इस क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग और सप्लाई चेन नेटवर्क को मजबूती मिलेगी तथा हजारों प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री के सिंगापुर दौरे का उद्देश्य वैश्विक निवेशकों को उत्तर प्रदेश की संभावनाओं से जोड़ना है। दूसरे दिन हुए इस एमओयू को राज्य के एविएशन, लॉजिस्टिक्स और सर्विस सेक्टर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट के चालू होने के साथ ही यह कार्गो कैंपस और एयर कैटरिंग सुविधा उत्तर भारत के आर्थिक परिदृश्य को नई दिशा देंगे और प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर और मजबूत स्थिति में स्थापित करेंगे।

# सैट्स के सीईओ ने योगी सरकार की कार्यप्रणाली को खुलकर सराहा

विशेष संवाददाता (vol)

- **विदेशी निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं सीएम योगी आदित्यनाथ**



**लखनऊ।** इन्वेस्ट यूपी मेगा रोड शो में सिंगापुर की एयरपोर्ट ग्राउंड हैंडलिंग क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सैट्स के सीईओ (एशिया-पैसिफिक) बॉब ची ने कहा कि सीएम योगी का सैट्स के कार्गो हब का दौरा करना उनकी विदेशी निवेश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जाहिर करता है। हम उत्तर प्रदेश की विकास संभावनाओं को लेकर अत्यंत आशावादी हैं।

यूपी की प्रगति का आधार उसका तेजी से विस्तार करता कृषि, औद्योगिक और सेवा क्षेत्र है। बीते एक दशक में उत्तर प्रदेश का एयर कार्गो वॉल्यूम लगभग पांच गुना बढ़ा है, जो लगातार दो अंकों की सालाना वृद्धि दर को दर्शाता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि उत्तर प्रदेश भारत की आर्थिक शक्ति का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है। बॉब ने कहा कि हमने देखा है कि उत्तर प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली अत्यंत प्रगतिशील है। यह तत्परता से कार्रवाई करती है, जो उद्यमिता के लिए अनिवार्य शर्त है। यह समाधान-उन्मुख है और प्रो-एक्टिव दृष्टिकोण अपनाती है। राज्य सरकार विशेष रूप से नई तकनीकों, डिजिटलीकरण से जुड़े निवेशों तथा स्थानीय आबादी के लिए उच्च-कौशल वाले रोजगार अवसरों के सृजन को लेकर पूरी तरह सक्रिय है। हमने यूपी सरकार की सशक्त एवं उद्योगों के अनुकूल नीतियों का प्रत्यक्ष अनुभव किया है।

सरकार द्वारा हमें जो सहयोग और सकारात्मक समर्थन मिला है, उसके लिए हम आभारी हैं। यूपी में वैसा ही माहौल है, जिसे वैश्विक कंपनियां महत्व देती हैं और यही कार्यप्रणाली उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करती है।

# जर्मनी में यूपी की दमदार दस्तक में रक्षा संबंधी निवेश को मिला समर्थन

## उपमुख्यमंत्री व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने वैश्विक रक्षा कंपनियों से किया संवाद



विशेष संवाददाता (vol)

**जर्मनी/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी मार्गदर्शन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में जर्मनी पहुंचा प्रतिनिधिमंडल वहां के उद्यमियों से संवाद स्थापित कर रहा है।

इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व प्रदेश सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जर्मन-इजराइल की अग्रणी कंपनी क्वाटंम सिस्टम जीएमबीएच के साथ बैठक की।

यह कंपनी मानवरहित और ड्रोन आधारित प्रौद्योगिकी की विशेषज्ञ है। यह कंपनी भारत में पिछले एक दशक से अधिक समय से उन्नत हवाई निगरानी तथा 160 किमी तक की परिचालन क्षमता वाले मानवरहित प्लेटफॉर्म में विशेषज्ञ है। इस कंपनी की टेक्नोलॉजी जर्मनी और स्पेन की सशस्त्र सेनाओं की सेवा में भी है। उपमुख्यमंत्री व आईटी मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारत की तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था का मुख्य केंद्र है। राज्य प्रतिनिधिमंडल ने निवेश, रक्षा विनिर्माण, एयरोस्पेस सहयोग एवं औद्योगिक साझेदारी के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण और परिणामोन्मुख बैठकें कीं।न्यूरेम्बर्ग, जर्मनी में उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने नूर्नबर्गमेस्से ग्रुप के सीईओ पीटर ओटमैन से भेंट कर उत्तर प्रदेश में निवेश की नई संभावनाओं एवं औद्योगिक सहयोग पर विस्तृत चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों, निवेशक-अनुकूल वातावरण, विश्वस्तरीय अवसंरचना एवं कुशल मानव संसाधन की जानकारी देते हुए जर्मन उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

इसी क्रम में जर्मन-इजराइली अग्रणी कंपनी क्वांटम टेक्नोलॉजीज के साथ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित हुई। कंपनी मानव रहित एवं ड्रोन आधारित उन्नत तकनीकों, रक्षा-स्तरीय टोही प्रणाली तथा 160 किलोमीटर तक की परिचालन क्षमता वाले उच्च-ऊंचाई प्लेटफॉर्म विकसित करने में विशेषज्ञ है। कंपनी की तकनीक जर्मनी एवं स्पेन की सशस्त्र सेनाओं द्वारा उपयोग में लाई जा रही है तथा प्रिसिजन एग्रीकल्चर में भी सहायक है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने कंपनी को राज्य में विनिर्माण एवं अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। बैठक में विनिर्माण, अनुसंधान, कौशल विकास एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग पर सहमति बनी, जिससे भारत के एयरोस्पेस एवं मानव रहित प्रणाली तंत्र को सशक्त किया जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश की सशक्त औद्योगिक पारिस्थितिकी, रक्षा विनिर्माण को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों तथा आकर्षक प्रोत्साहनों को रेखांकित करते हुए उत्तर प्रदेश को एयरोस्पेस एवं रक्षा निवेश के प्रमुख गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया।

न्यूरेम्बर्ग में भारत के राजदूत अजीत गुप्ते एवं अन्य गणमान्यजनों के साथ आयोजित रात्रि भोज के दौरान उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास, निवेश वातावरण एवं उभरते आर्थिक अवसरों पर सार्थक चर्चा हुई। साथ ही जर्मनी में भारत के कांसल जनरल श्री शत्रुघ्न सिन्हा से भी आत्मीय मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग को और सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श किया गया। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने जर्मनी स्थित मदरसन सूमी प्लांट का भ्रमण कर उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विस्तार एवं निवेश संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। फ्रैंकफर्ट में आयोजित इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव में उन्होंने प्रदेश के अनुकूल आर्थिक परिदृश्य, मजबूत आधारभूत संरचना एवं विविध क्षेत्रों में उपलब्ध निवेश अवसरों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। केल्स्टरबाख के मेयर मैनफ्रेड ओकेल, रौनहेम के मेयर डेविड रेंडेल और इनोवेशन राइनमेन के सीईओ स्टीफन विट्टेकिंड से भेंट कर द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। चर्चा का मुख्य केंद्र फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच लॉजिस्टिक्स, डाटा सेंटर, नवाचार एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में सहयोग स्थापित करना रहा।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मजबूत नीतिगत समर्थन एवं विश्वस्तरीय अवसंरचना के साथ उत्तर प्रदेश उन्नत विनिर्माण एवं रणनीतिक निवेश का अग्रणी केंद्र बनता जा रहा है। प्रदेश सरकार सुरक्षित, सक्षम एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# पीसीएस सुबोध मणि शर्मा ने मांगा वीआरएस

**लखनऊ।** पीसीएस सुबोध मणि शर्मा ने स्वास्थ्य और पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) मांगी है। इस समय सुबोध मणि शर्मा प्रतापगढ़ रानीगंज तहसील में उपजिलाधिकारी (न्यायिक) के पद पर तैनात हैं। उन्हें वर्ष 2024 में तहसीलदार से उपजिलाधिकारी के पद पर पदोन्नति मिली है। उन्होंने नियुक्ति विभाग में वीआरएस के लिए प्रार्थना पत्र भेजा है। उन्होंने इसमें स्वास्थ्य और पारिवारिक कारणों का हवाला दिया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि अब वे नौकरी कर पाने की स्थिति में नहीं हैं, इसलिए उनके आवेदन पर विचार करते हुए वीआरएस दिया जाए। नियुक्ति विभाग उनके प्रार्थना पत्र पर विचार कर रहा है।

# पराग का खोवा आज से बाजार में

**लखनऊ।** पराग के अधिकृत बूथों पर बुधवार की प्रातः से स्टीम पद्धति से तैयार पराग खोवा उपलब्ध रहेगा। इनमें एक किलो पैक की कीमत 450 रुपये तथा आधा किलो पैक की कीमत 225 रुपये होगी। पराग डेयरी लखनऊ ने विगत वर्ष की तरह होली के त्यौहार के अवसर पर पराग का खोवा बिक्री करने का निर्णय लिया है। होली पर पराग खोवा की मांग अत्यधिक रहती है जिसको देखते हुए पराग ने 15 टन बिक्री करने का लक्ष्य रखा है विगत वर्ष 8 टन बिक्री की थी। इसके अतिरिक्त होली के मुद्दे नजर देसी घी के रसगुल्ले गुलाब जामुन, मिल्क केक, कलाकंद आदि अन्य भी पराग बूथों पर उपलब्ध रहेगा। यह जानकारी महाप्रबंधक लखनऊ दुग्ध संघ की ओर से दी गई है।

# आय सीमा बढ़ने से लाखों छात्रों को मिलेगा छात्रवृत्ति का लाभ

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को अपने मंत्री आवास में विभागीय उपलब्धियों एवं वर्ष 2026-27 के सामान्य बजट के संबंध में विस्तृत प्रेस वार्ता की।



मंत्री कश्यप ने कहा कि वर्ष 2026-27 के सामान्य बजट में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को ऐतिहासिक बढ़ोतरी दी गई है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का बजट इस वर्ष 3402 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है, जबकि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का बजट बढ़ाकर 2140 करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 से प्रदेश में एक भी पात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहा है। यह प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले छात्रवृत्ति वितरण 31 मार्च को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन होता था लेकिन योगी सरकार ने व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए वर्ष 2025 में 25 सितंबर से ही छात्रवृत्ति वितरण प्रारंभ कर दिया। अब तक लगभग 20 लाख छात्र-छात्राओं को समयपूर्व छात्रवृत्ति वितरित की जा चुकी है।उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री के निर्णय से छात्रवृत्ति के लिए अभिभावकों की आय सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये कर दी गई है, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा। पूर्वदशम छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि 2250 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये किये जाने की भी घोषणा की गई है। वर्ष 2026-27 में लगभग 38 लाख विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलने की संभावना है।

मंत्री कश्यप ने बताया कि पिछड़े वर्ग की गरीब बेटियों के लिए संचालित शादी अनुदान योजना के तहत वर्ष 2026-27 में 210 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पूर्व में यह योजना केवल बीपीएल आय सीमा (ग्रामीण 46,000 और शहरी 56,000 रुपये) तक सीमित थी, जिसे बढ़ाकर अब ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 1 लाख रुपये वार्षिक आय तक कर दिया गया है। इससे अधिक पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सकेगा।

# जनप्रतिनिधियों व अफसरों के बीच संवाद के लिए संवाद सेतु का आगाज

विशेष संवाददाता (vol)

- **गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज से पायलट प्रॉजेक्ट की शुरूआत**
- **अब 10 मिनट में सुनिश्चित होगा जवाब, कमांड सेंटर करेगा मॉनिटरिंग**

**लखनऊ।** जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बुधवार से संवाद सेतु (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था लागू की जाएगी। यह व्यवस्था पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज जनपदों में शुरू होगी। इस संबंध में समयबद्ध तैयारियों को लेकर समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं, जिससे योजना सुचारु रूप से लागू हो सके।

इस नई व्यवस्था के अंतर्गत हर जनपद में जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा। अगर किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव या कॉल बैक नहीं की जाती है, तो जनप्रतिनिधि कमांड सेंटर को सूचित कर सकेंगे।

कमांड सेंटर संबंधित अधिकारी को तुरंत कॉल बैक के लिए निर्देशित करेगा और संवाद सुनिश्चित करेगा। यह व्यवस्था केवल कार्य दिवसों और कार्यालय समय में और सरकारी नंबरों पर लागू होगी। बेहतर संवाद और त्वरित प्रतिक्रिया देने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही की स्थिति में रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। गौरतलब है कि यह पहल विधानसभा में उठे मुद्दे के बाद अमल में लाई जा रही है। इस संबंध में राज्यमंत्री असीम अरुण ने सुझाव दिया था।

# विधायिका को लेकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश की विधायिका को लेकर समाज में बनी नकारात्मक धारणा में उल्लेखनीय सकारात्मक परिवर्तन आया है। श्री महाना ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को अपनी सीमाओं में रहकर अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।



उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपरांत आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष ने सत्र की उपलब्धियों और सदन के बदलते स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक समय था जब विधानसभा की कार्यवाही को लेकर आमजन के मन में शंका और निराशा का भाव था, किंतु आज वही सदन गंभीर, सार्थक और परिणाममुखी चर्चाओं का केंद्र बन चुका है। अध्यक्ष ने कहा कि 18वीं विधानसभा ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सहेजते हुए नवाचार, पारदर्शिता और आधुनिक तकनीक को अपनाकर कार्यसंस्कृति में व्यापक सुधार किया है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा अब केवल एक ऐतिहासिक भवन नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व, अनुशासन और जन-आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त मंच बन चुकी है। इन सुधारात्मक प्रयासों के कारण प्रदेश की विधानसभा को देश की अग्रणी विधानसभाओं में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि बजट सत्र अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण, विचारोत्तेजक और परिणाममुखी रहा। वित्तीय वर्ष के बजट पर विस्तृत, गंभीर और सारगर्भित चर्चा की गई। विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर क्रमबद्ध विचार-विमर्श हुआ तथा जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विधेयकों को सदन की स्वीकृति प्राप्त हुई।

प्रश्नकाल के माध्यम से शासन-प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित की गई, जबकि शून्यकाल में जनसरोकार के विविध विषय प्रभावी ढंग से उठाए गए। इससे स्पष्ट है कि सदन जनता की आवाज को सरकार तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। अध्यक्ष ने संतोष व्यक्त किया कि पूरे सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष दोनों ने संसदीय मयार्दाओं का सम्मान किया। मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक अंग हैं, किंतु संवाद, संयम और शालीनता उसकी मूल आत्मा हैं।

इस सत्र में स्वस्थ बहस, तार्किक प्रतिपादन और सकारात्मक सहभागिता देखने को मिली, जो प्रदेश की संसदीय परंपराओं के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है। विभिन्न दलों के सदस्यों द्वारा विधानसभा के बदलते स्वरूप की सराहना भी की गई। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए अध्यक्ष ने मीडिया प्रतिनिधियों का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा की सकारात्मक छवि को जन-जन तक पहुँचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अंत में उन्होंने सभी सदस्यों, संसदीय कार्य मंत्री, नेता प्रतिपक्ष तथा विभिन्न दलों के नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सदन की गरिमा, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को सर्वोपरि रखते हुए भविष्य में भी स्वस्थ और सार्थक संवाद की परंपरा को और सुदृढ़ किया जाएगा।

# पीआरए भवन दूर-दराज से आने वाले मरीजों के परिजनों के लिए अत्यंत उपयोगी : राज्यपाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के अंतर्गत राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृत्व शिशु चिकित्सालय परिसर में मरीजों के तीमारदारों के लिए पेशेंट रिलेटिव अकोमोडेशन (पीआरए)/रैन बसेरा भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। साथ ही संस्थान के रेडियोलॉजी डायग्नोस्टिक ब्लॉक में सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड एवं एक्स-रे सुविधाओं का लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद राज्यपाल ने आधुनिक रेडियोलॉजी सुविधाओं का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की समुचित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



राज्यपाल जी ने कहा कि पीआरए भवन दूर-दराज से आने वाले मरीजों के परिजनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन के उपयोग के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाएं, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने स्वच्छता बनाये रखने पर विशेष बल देते हुए कहा कि कक्षों को उपयोग के बाद उसी स्वच्छ अवस्था में छोड़ा जाए, जैसा प्राप्त हुआ था।

राज्यपाल ने यह भी निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में बाहरी खाद्य पदार्थों के अनियंत्रित प्रवेश पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए तथा मरीजों के स्वास्थ्य हित में निर्धारित आहार व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, अनुशासन एवं नियमों के पालन से मरीज शीघ्र स्वस्थ होकर अपने घर लौट सकेंगे। राज्यपाल ने गर्भवती महिलाओं के समुचित मार्गदर्शन के लिए संस्थान में गर्भ संस्कार संबंधी एक समर्पित केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान मातृ आहार, व्यवहार, विचार एवं परिवेश का प्रभाव गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है। अतः गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, सकारात्मक चिंतन एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में परामर्श एवं आवश्यक साहित्य उपलब्ध कराया जाना चाहिए। राज्यपाल ने सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, अधिकारियों तथा उपस्थित माताओं एवं बच्चों को होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रासायनिक रंगों के प्रयोग से त्वचा संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

# राहुल की मुहब्बत की दुकान में मिल रहा भारत विरोधी समान

## राहुल गांधी बन गये देश में भारत विरोधी ताकतों के राष्ट्रीय प्रवक्ता : उपमुख्यमंत्री

**लखनऊ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को भाजपा राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की तथाकथित मुहब्बत की दुकान में केवल और केवल नफरत, अराजकता, दंगा और भारत विरोध का सामान मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने झूठ की राजनीति के उस स्तर को छू लिया है, जहां से वापसी संभव नहीं है। जिस प्रकार के अनर्गल और तथ्यहीन आरोप राहुल गांधी हर दिन प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार पर लगाते हैं और सोशल मीडिया पर विष-वमन करते हैं, वह न केवल निंदनीय हैं बल्कि राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है। आज देश देख रहा है कि राहुल गांधी की राजनीति का स्तर किस कदर गिर चुका है। उनका एकमात्र उद्देश्य अब झूठ पर झूठ बोलना, जनता को उकसाना, अराजकता फैलाना और



भारत की ताकत को नीचा दिखाना रह गया है।

उपमुखममंत्री ने कहा कि जब भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है, तब एआई ग्लोबल समिट में कांग्रेस नेताओं ने नंगा नाच कर न केवल देश की गरिमा को तार-तार किया, बल्कि देश को दुनिया में बदनाम करने की साजिश रची। आज राहुल गांधी ने इस नंगा नाच का समर्थन कर इन नंगे कांग्रेसियों को बब्बर शेर कहा है। राहुल गांधी द्वारा इस कृत्य का समर्थन करना यह सिद्ध करता है कि इस पूरी पटकथा के सूत्रधार वही हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विरोध लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन विरोध के नाम पर नग्नता और अराजकता का सहारा लेना भारतीय संस्कृति और भारत की महान विरासत के खिलाफ है। राहुल का मतलब रा-रार, हु - हुड़दंग, ल- लफंगई। देश की जनता अराजकता फैलाने वाली इस नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि विदेशी प्रोपेगेंडा मशीनों के कंधे पर बंदूक रखकर भारत के प्रधानमंत्री पर कीचड़ उछालना राहुल गांधी की पुरानी आदत है लेकिन याद रखिए, सूरज पर थूकने से खुद का चेहरा ही गंदा होता है। देश की जनता अराजकता फैलाने वाली इस नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी खुद को बब्बर शेर होने का दावा करते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि आप केवल विदेशी शक्तियों के प्यादे बनकर रह गए हैं। राहुल गांधी का एजेंडा स्पष्ट है-भारत की बढ़ती इकोनॉमी को रोकना और दुनिया भर में भारत की छवि को धूमिल करना। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी देश में भारत विरोधी ताकतों के राष्ट्रीय प्रवक्ता बन गए हैं। राहुल गांधी देश में नकारात्मक राजनीति के सबसे बड़े ब्रांड एम्बेसडर हैं। देश में अराजकता फैलाना, दंगे कराना, विदेशी मंचों पर भारत को बदनाम करना, फेक न्यूज फैलाकर लोगों को उकसाना, अफवाह फैला कर आंदोलन कराना ही राहुल गांधी की राजनीति का परिचय है। राहुल गांधी गालियां देकर सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं।

कल जिस तरह से राहुल गांधी ने फिर अनर्गल प्रलाप किया है, झूठ का प्रपंच किया है, उससे स्पष्ट है कि राहुल गांधी अब अराजकता पर उतर आए हैं। देश को हर दिन बदनाम करना और मोदी को गाली देना राहुल गांधी का पैशन और फैशन, दोनों बन चुका है। सच्चाई यह है कि राजीव गांधी फाउंडेशन में चीन से फंड लेने वाले लोग आज हमें देश रक्षा का पाठ पढ़ा रहे हैं।

संक्षेप

## चोरी के आरोप में मुकदमा

प्रतापगढ़। चोरी के आरोप में पेड़ से बांधकर पीटे गये युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उदयपुर थाना क्षेत्र के आमीशंकरपुर गांव निवासी राम सिंह पुत्र दीनानाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने अपने खेत में झटका मशीन, तार व बैटरी लगवा रखा है। आरोप है कि बीती बाइस फरवरी की रात गांव का ही मो0 सोहेल पुत्र लाल मोहम्मद ने उसे चुरा लिया। काफी पूछतांछ के बाद भी उसने चोरी किये गये सामान को वापस नही लौटाया। बतादें कि घटना को लेकर आरोपी को ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर जमकर पीटा था। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

## युवती के अपहरण का केस दर्ज

प्रतापगढ़। युवती के अपहरण को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बाइस फरवरी की शाम करीब पांच बजे उसकी उन्नीस वर्षीया पुत्री घर से अचानक गायब हो गयी। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर अज्ञात आरोपी अपहृत कर ले गया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अज्ञात मैजिक डाला चालक के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। दुर्घटना में हुई मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात मैजिक डाला चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के रामपुर राहाटीकर गांव की संजू देवी पत्नी पवन कुमार दुबे उर्फ सोनू ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौदह फरवरी को सुबह करीब ग्यारह बजे उनके पति पवन कुमार बोलेरो से रानीगंज कैथौला बाजार जा रहे थे। लालगंज कोतवाली अन्तर्गत अगई मोड़ के पास अज्ञात मैजिक डाला ने बोलेरो में टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो सड़क किनारे गडढे में जा गिरी। इससे गंभीर चोट लगने से पवन कुमार की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## उत्पीड़न को लेकर ससुरालीजनों पर दर्ज हुआ मुकदमा

प्रतापगढ़। उत्पीड़न को लेकर महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे वैसन अगई निवासी प्रिया सिंह पत्नी अनिल कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह अप्रैल 2022 को उसका विवाह हुआ था। उसके एक पुत्र भी है। उसके पति की बीती तेरह दिसंबर 2025 को असामयिक मौत हो गयी। पीड़िता का आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद ससुरालीजन उसका उत्पीड़न करने लगे। दहेज की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट भी करने लगे। बीती तेरह फरवरी को दोपहर करीब दो बजे ससुर अवधेश कुमार सिंह, सास सुमन, देवर सुनील कुमार, ननद ज्योती ने एकराय होकर उसे मारपीट कर जेवरात छीन लिये और घर से भगा दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसके पति के नाम से जारी सिम को सुनील कुमार सिंह ने अपने नाम करा लिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खड़ंजे पर अतिक्रमण व धमकी को लेकर एसडीएम से शिकायत

प्रतापगढ़। खडण्जे पर अतिक्रमण व धमकी को लेकर प्रधान प्रतिनिधि ने एसडीएम से शिकायत की है। लालगंज कोतवाली के पड़री गांव निवासी सुरेश गौतम पुत्र रामकिशोर गौतम प्रधान प्रतिनिधि हैं। आरोप है कि गांव में आवागमन के लिए बनाए गए खडण्जे पर गांव के कुछ लोगों ने अतिक्रमण करते हुए निर्माण कार्य करा लिया है। विरोध करने पर आरोपियों ने प्रधान प्रतिनिधि को जातिसूचक गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कोतवाली पुलिस से जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 63 जोड़े

## पूर्व संसद अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने दिया उपहार और आशीर्वाद



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 63 जोड़ों का विवाह कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) अमरेन्द्र कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव, उपजिलाधिकारी संजय कुमार तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी डा० अमरनाथ यति ने दीप प्रज्वलन एवं कलश पूजन के साथ किया। अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार जन-जन के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। आर्थिक अभाव के कारण बेटियों के विवाह में असमर्थ परिवारों के लिए यह योजना संबल और सहारा बन रही है। सरकार स्वयं के व्यय से पात्र परिवारों की पुत्रियों का विवाह कराकर सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रही है। अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। प्रत्येक लाभार्थी जोड़े को एक लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें 60 हजार रुपये सीधे खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, 25 हजार रुपये के उपहार दिए जाते हैं तथा 15 हजार रुपये भोजन, टेंट एवं अन्य व्यवस्थाओं पर व्यय किए जाते हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी डा० अमरनाथ यति ने बताया कि विकास खण्ड इकौना के 10, गिलौला के 19, हरिहरपुररानी के 9, जमुनहा के 13, सिरसिया के 8 तथा नगर पालिका परिषद भिनगा के 4 जोड़े सम्मिलित हुए। वर्गवार विवरण में अल्पसंख्यक वर्ग के 8, अन्य पिछड़ा वर्ग के 24, अनुसूचित जाति के 20, अनुसूचित जनजाति के 6 तथा सामान्य वर्ग के 5 जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी विनीत कुमार, जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मो० मुमताज, जिला बचत अधिकारी रामप्रसाद, सदभावना संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्रमणि त्रिपाठी सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारीगण, अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं वर-वधुओं के परिजन उपस्थित रहे। समारोह सामाजिक समरसता और सर्वधर्म सद्भाव का प्रेरक उदाहरण बना।

# रिश्वतखोर कृषि कर्मी रंगे हाथों गिरफ्तार



श्रावस्ती। जनपद में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत देवीपाटन मंडल गोंडा इकाई की एंटी करप्शन टीम ने कृषि विभाग के कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार मौर्या को 5000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई विकास भवन परिसर स्थित चाय कैंटीन के समीप सुनियोजित रणनीति के तहत की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी कर्मी वेतन भत्तों के भुगतान के एवज में शिकायतकर्ता से धनराशि की मांग कर रहा था। गाजीपुर निवासी महेंद्र प्रताप सिंह की विधिवत शिकायत पर टीम ने त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाते हुए जाल बिछाया। निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पूर्व नियोजित योजना के अनुसार दोपहर 11 बजकर 12 मिनट पर आरोपी को घूस स्वीकार करते ही धर दबोचा गया।

गिरफ्तारी के उपरांत थाना कोतवाली भिनगा में विधिक प्रावधानों के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। टीम ने मौके से ऑडियो-वीडियो अभिलेख तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए हैं। इस निर्णायक कार्रवाई से प्रशासनिक तंत्र में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुदृढ़ होने की आशा व्यक्त की जा रही है।

## 52 लाभार्थी कृषकों को डीजल पंप सेट वितरित



गिलौला श्रावस्ती। विधायक राम फेरन पाण्डेय ने गिलौला ब्लॉक सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत पूर्व निर्मित उथले नलकूपों पर डीजल पंप सेट वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने 52 लाभार्थी कृषकों को डीजल पंप सेट वितरित किए। कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच किसानों के चेहरों पर आत्मविश्वास की आभा स्पष्ट दिखाई दी। विधायक ने कहा कि यह योजना किसानों की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने की अभिनव पहल है। इससे कृषि उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बनेगी। उन्होंने इसे सरकार की दूरदर्शी, जनकल्याणकारी और प्रतिबद्ध नीति का प्रमाण बताया। यह पहल कृषकों के जीवन में समृद्धि, स्वावलंबन और प्रगति का नवीन अध्याय लिखेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी योजना को कृषक हित में अत्यंत महत्त्वपूर्ण और प्रेरणादायक बताया।

## जनगणना 2027 की तैयारी बैठक संपन्न

श्रावस्ती। आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनगणना से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील दायित्व है, जिसे पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपादित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक तैयारियाँ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनगणना की समयावधि, चार्ज निर्धारण, पदानुक्रम व्यवस्था, प्रगणक एवं सुपरवाइजर की नियुक्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा गतिविधियों की सतत निगरानी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि यह जनगणना पहली बार पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न होगी। नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल, त्वरित एवं प्रभावी बनेगी। अधिकारियों को डिजिटल प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर बल दिया गया। जनपद में दो मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं—राकेश कुमार, सहायक अभियंता बाढ़ खंड श्रावस्ती तथा सर्वेश कुमार, अनुदेशक आईटीआई भिनगा। दोनों का प्रशिक्षण 9 से 12 मार्च 2026 तक मुख्यालय स्तर पर लखनऊ में प्रस्तावित है। कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण में 22 मई से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। द्वितीय चरण में 9 से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या एवं जाति गणना संपन्न होगी। इसके उपरांत 1 से 5 मार्च 2027 तक पुनरीक्षण चरण संचालित किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरिया-सीमेंट की दुकान में चोरी

इकौना श्रावस्ती। 23 फरवरी 2026 को थाना इकौना क्षेत्र में सरिया-सीमेंट की एक दुकान में चोरी की घटना प्रकाश में आई। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी। घटनास्थल से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा शीघ्र ही घटना का अनावरण कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## पानी में डूबने से युवक की मौत

प्रतापगढ़। नगर से गुजरी छोटी नहर के पानी में गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थानान्तर्गत इदिलपुर गांव निवासी पचीस वर्षीय अशरफ पुत्र आबिद अली बीती सोमवार की रात करीब नौ बजे नगर के घुइसरनाथ मार्ग के बगल से गुजरी छोटी नहर से होते हुए साइकिल से घर जा रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। नहर के पानी में डूबने से उसकी मौत हो गयी। दरोगा बनवारी लाल ने बताया कि नशे मे होने के कारण नहर के पानी में गिरने के बाद युवक उठ नही सका। इसके चलते पानी में डूबने से उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में पानी में डूबने से युवक की मौत की पुष्टि हुई है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने बांसी विकास खंड के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय, सोनखर और मॉडल प्राइमरी स्कूल सूपाराजा का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण शिक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के उद्देश्य से किया गया था। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने बच्चों से पाठ पढ़वाया। इसमें पाया गया कि कुछ बच्चे ठीक से पढ़ पाए, जबकि कुछ नहीं पढ़ सके। सभी बच्चे स्कूल ड्रेस में उपस्थित थे। बच्चों के पढ़ने में कमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय, सोनखर की प्रधानाध्यापक गीता वर्मा से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्कूलों में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पीटीएम रजिस्टर, निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर और मिड-डे मील रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों की भी जांच की। मॉडल प्राइमरी स्कूल सूपाराजा के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक जया साहनी रजिस्टर पर हस्ताक्षर के बावजूद मौके पर अनुपस्थित पाई गईं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस (शो-कॉज नोटिस) जारी करने का निर्देश दिया।

# हत्याओं को लेकर वकीलों में रोष, किया विरोध प्रदर्शन



- आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन ने संघर्ष का बजाया बिगुल

**लखनऊ।** आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन ने यूपी में गोण्डा समेत चार चार जिलों में वकीलों की हत्याओ से जुडी घटना पर मंगलवार को जोरदार विरोध दर्ज कराया। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी हाईकोर्ट के गेट सं0-6 पर गोण्डा के अधिवक्ता सुभाष मिश्र की हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं के जत्थे मे शामिल हुए। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि गोण्डा मे सुभाष मिश्र की हत्या मे एसपी समेत जिले के पुलिसकर्मियो की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध है। उन्होने मुख्यमंत्री से इस हत्याकांड की हाईकोर्ट के कार्यरत न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित एक कमेटी के द्वारा न्यायिक जांच कराए जाने की मांग रखी।

एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि प्रदेश भर में वकीलो की हत्या हो रही है तथा प्रशासन सिर्फ कार्रवाई की झूठी ढपली बजा रहा है। विरोध प्रदर्शन का संयोजन हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी तिवारी व संचालन रोहित तिवारी ने किया। वही अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन द्वारा मंगलवार को भी हाईकोर्ट अधिवक्ता चेंबर में अधिवक्ताओं को सम्मान पत्र सौपकर हौसला आफजाई की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल तिवारी तथा लखनऊ मण्डल अध्यक्ष आनन्द त्रिपाठी ने अधिवक्ता शाइस्ता परवीन, कंचन मौर्या, रूपाली श्रीवास्तव, बीएन तिवारी, पवन सिंह, राजकुमार पाण्डेय, आलोक पाण्डेय, संध्या भारती, मोनी यादव, प्रियंका साहू, अलका राय, आरती यादव, निधि पाण्डेय, मिथलेश यादव, शीतल विश्वकर्मा, खुशी सिंह, निहारिका गुप्ता, प्रीती राजपूत, विशाल शर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, बृजराज सिंह, अभिषेक तिवारी, वेदप्रकाश शुक्ला आदि अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश मिश्र एवं संचालन जिला इकाई अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने किया।

### भरत का भातृ प्रेम अनूठा उदाहरण: आचार्य आकाश

प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम समीप रेवत बाबा धाम में चल रही श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथाव्यास आचार्य आकाश जी महराज ने बताया कि प्रभु श्रीराम के भाई भरत ने भातृप्रेम का ऐसा अनूठा उदाहरण पेश किया।

# जिलाधिकारी ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

## बच्चों की पढ़ाई में लापरवाही पर प्रधानाध्यापकों से मांगा स्पष्टीकरण



सिद्धार्थनगर- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने 24 फरवरी, मंगलवार को बांसी विकासखंड के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की पढ़ाई का स्तर परखा, जिसमें कई स्कूलों में लापरवाही सामने आई। निरीक्षण की शुरूआत पीएम कम्पोजिट विद्यालय, सोनखर से हुई। जिलाधिकारी ने बच्चों से सीधे पाठ पढ़वाए, जिसमें पाया गया कि कई बच्चे पढ़ने में असमर्थ थे, जबकि कुछ ही सही ढंग से पढ़ पाए।

बच्चों के कमजोर प्रदर्शन पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और प्रधानाध्यापिका गीता वर्मा से स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने जोर दिया कि सरकार द्वारा सभी सुविधाएँ देने के बावजूद बच्चों का ठीक से न पढ़ पाना चिंताजनक है। इसके बाद जिलाधिकारी मॉडल प्राइमरी स्कूल, सूपाराजा पहुंचे।

यहां प्रधानाध्यापिका जया साहनी रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के बावजूद मौके पर अनुपस्थित पाई गईं। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताते हुए स्कूल प्रशासन को अनुपस्थिति के लिए 'कारण बताओ नोटिस' जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि केवल रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज करना पर्याप्त नहीं है। शिक्षकों की प्राथमिक जिम्मेदारी बच्चों की पढ़ाई और उनकी उपस्थिति पर निरंतर निगरानी रखना है। उन्होंने अधिकारियों को भी नियमित निरीक्षण करने और बच्चों की शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस औचक निरीक्षण ने शिक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही के प्रति प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति का संदेश दिया है। अब स्कूलों में शिक्षकों की जवाबदेही तय करने और बच्चों के बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

# पुरानी परंपराओं के अनुसार ही मनाएं त्योहार

## होली-रमजान-ईद पुरानी परंपराओं के अनुसार त्योहार मनाने के निर्देश दिए



सिद्धार्थनगर- होली, रमजान और ईद के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए 24 फरवरी मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी ने की। बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव और अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीआईजी संजीव त्यागी ने सभी थाना क्षेत्रों से आए पीस कमेटी सदस्यों से पिछली बैठकों का फीडबैक लिया और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को देने के निर्देश दिए। उन्होंने आम जनता से अपील की कि पुरानी परंपराओं के अनुसार ही त्योहार मनाएं तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप करें। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका, नगर पंचायत और जिला पंचायत राज विभाग को सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि रंग खेलने के इच्छुक न होने वालों को बाध्य न किया जाए। हुड़दंग, छेड़छाड़ और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजे और ध्वनि उपकरण निर्धारित मानकों के तहत ही बजाने होंगे तथा कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। होली के दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगी और विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने निर्देश दिए कि जिन थाना क्षेत्रों में होली के जुलूस निकलते हैं, वहां थानाध्यक्ष विशेष सतर्कता बरतें और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करें। सभी पुलिस कर्मियों और आयोजकों को बाडी प्रोटेक्टर जैसे आवश्यक सुरक्षा उपकरण साथ रखने हों डीआईजी ने बताया कि होली जुलूस और होलिका दहन स्थलों पर संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, ई-मेलः nnlko@up.nic.in

**जोन-1**

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213(बी-2) के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. स. | भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नाम परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | महात्मा गांधी- विक्रमादित्य | | |
| 1 | 2/310(2/113) मार्टिन पुरवा | राम शंकर | कंचन देवी | रजिस्ट्री |
| 2 | 14/C/013(14/395A) बरफखाना | रामअवध | धनश्याम शर्मा | वसीयत |
| 3 | 14/D/287(14/085) बरफखाना | विश्वनाथ | शैलेन्द्र कुमार | रजिस्ट्री |
| 4 | 1/009-A मानस नगर जियामऊ | दीपक पाल व अमिता पाल | राज स्कैनिंग लिमिटेड | रजिस्ट्री |
| 5 | 14/C/77(14/371) बरफ खाना | गुलाब देवी | सरवन कुमार व सुनील पाल | गिफ्टडीह |
| | | जे0सी0बोस | | |
| 6 | 130/020(16/12A) J.C BOSE j.c boss | राम करन तिवारी | भरत लाल तिवारी, अशोक कुमार तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, महेश कुमार तिवारी | मृत्यु |
| 7 | 126/031/SF-2B बी0एन0 रोड़ | चन्द्र प्रभा देवी अग्रवाल | हलवासिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड | रजिस्ट्री |
| 8 | 126/034/SF-2A बी0एन0 रोड़ | संदीप टण्डन | हलवासिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड | रजिस्ट्री |
| 9 | 120/078(120/031/4A) बेलदारी लेन | सवित्री देवी | रेखा | मृत्यु |
| | | नजरबाग | | |
| 10 | 106/335/FN-201 नजरबाग | गुडलक अपार्टमेंट | मो0 उनैद | रजिस्ट्री |
| | | नजरबाग यदुनाथ सन्याल | | |
| 11 | 104/065(104/013/-A) सफदल बाग | उमेश कुमार तिवारी | संतरा | रजिस्ट्री |
| 12 | 101/020/FLAT NO.-B-8 2nd FLOOR APARMEANT | सायरा जफर | अमारा | रजिस्ट्री |
| 13 | 95/004(95/006) आर्य समाज मंदिर रोड | मालती देवी | | रजिस्ट्री |
| 14 | 89(203(89/161/A) | मंगला देवी | विक्की चौरासिया | मृत्यु |
| | | लालकुऑ | | |
| 15 | H.NO.92/013/204SF, गौतम बुद्व मार्ग लखनऊ | सुरमी जैन | सोमिल ओझा | रजिस्ट्री |
| | | मशकगंज | | |
| 16 | H.NO.194A/009, बुलन्दबाग लखनऊ | नरमिस काजमी | दुरेशहवार रजा | रजिस्ट्री |
| 17 | H.NO.194A/007(194A/8) बुलन्दबाग लखनऊ | नरमिस काजमी | दुरेशहवार रजा | रजिस्ट्री |
| 18 | H.NO.193/044B, गौसनगर लखनऊ | असलम हबीब | जकी हुसैन व अरशी हुसैन | रजिस्ट्री |
| | | बाबू बनारसी दास | | |
| 19 | 56/225/1 बाग आइना बीबी | फरहाना परवीन | नसीम बानों | रजिस्ट्री |
| 20 | 8/1213rd F.-408(8/062) पुराना किला | अजय कुमार सक्सेना | बीना सक्सेना | मृत्यु |
| 21 | 56/009 बाग आइना बीबी | अमिता सिंह | विनोद कुमार गुप्ता | रजिस्ट्री |
| | | गोलागंज | | |
| 22 | 195/0099/1A जगतनरायन रोड | मो0 खुर्शीद खॉन | मो0 यामीन खॉन | वसीयत |
| | | हजरतगंज रामतीर्थ | | |
| 23 | 31/025/SN-35(B-35) महात्मा गांधी वार्ड | नवनीत कोहली | कनिष्क कोहली | गिफ्टडीह |
| | | वशीरतगंज गणेशगंज | | |
| 24 | 138/198(138/165/3) फतेहगंज गल्लामंडी | श्री संतोष कुमार, राजेश कुमार अग्रवाल | श्री कमल कुमार अग्रवाल व अमित अग्रवाल | रजिस्ट्री |
| 25 | 134/302 | री शहजादे | मो वसीम | रजिस्ट्री |
| | | राम मोहन राय | | |
| 26 | 29/004/4F-403 राम मोहन राय वार्ड | श्री अशोक अपार्टमेंट | श्री राहुल राय व पूनम राय | रजिस्ट्री |
| 27 | 21/011/5 तिलक नगर | श्री मजीद अली सिद्दीकी | श्री सरोज माजिद व श्री रेहान माजिद, निलोफर सिद्दकी व जेबा सिद्दकी | मृत्यु |
| 28 | 25/084/302 | श्री अनुपमा शर्मा | श्री आसिफ खान व सुल्तान खान | रजिस्ट्री |

**जोनल अधिकारी, जोन-1**

संक्षेप

## मनबढ़ों ने घर में घुसकर किया हमला, मुकदमा दर्ज

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित बांसपार कॉलोनी में सोमवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एक नवजात बच्चे सहित परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद गीडा पुलिस ने नामजद आरोपियों समेत अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बांसपार कॉलोनी की निवासी अनीता देवी पत्नी अमरनाथ यादव सोमवार शाम लगभग 7:00 बजे जमीन के पुराने विवाद को लेकर विपक्षी गंगा पाण्डेय, अभि पाण्डेय, हनुमान पाण्डेय, डब्लू पाण्डेय और उनके साथ आए करीब आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने उनके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि हमलावर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर आए थे। उन्होंने अनीता देवी, उनके पुत्र नीरज यादव, बहू मीनू यादव और एक नवजात बच्चे पर एक राय होकर हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में नीरज के सिर पर गंभीर चोट आई है, जबकि अनीता देवी के हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर जब स्थानीय लोगों की भीड़ जुटने लगी, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपा। एसएसपी के निर्देश पर गीडा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धारा 109,190,191(2),191(3),115(2),118(1),351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## डांट से क्षुब्ध होकर मुंबई गए किशोर की हादसे में मौत

गीडा,गोरखपुर।गीडा थाना क्षेत्र के अमटौरा गांव के 18 वर्षीय किशोर की महाराष्ट्र के पालघर में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, जिसकी मौत की खबर सुनते ही मां सदमे में है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार अमटौरा निवासी रमेश मिश्रा का पुत्र राज मिश्रा 18 वर्ष सहजनवां स्थित मुरारी इंटर कॉलेज में कक्षा 11वीं का छात्र था। बताया जा रहा है कि वह 11वीं की परीक्षा के दो पेपर छोड़ दिए थे, जिसके चलते उसे स्कूल और घर पर डांट पड़ी थी। इसी बात से आहत होकर उसने पढ़ाई छोड़ने का मन बना लिया और बीते 20 फरवरी को बिना बताए घर से मुंबई के लिए निकल गया। राज ने 23 फरवरी को परिजनों को फोन कर बताया था कि वह मुंबई पहुंच गया है और अब वहां काम करेगा, पढ़ाई नहीं। मंगलवार सुबह 6 बजे राज ने फोन पर अपनी मां से बात की थी। उसके बाद सुबह 9 बजे मुंबई में रहने वाले उसके मामा का फोन आया कि एक सड़क हादसे में राज की मौत हो गई है।

**Notice**

I Tulika Singh W/o Mr. Devendra Pratap Singh, R/O-AL/M/1006, M - Block, Alaknanda Apartment, Gomti Nagar Extension Sector -4, Lucknow- U.P.-226010-India, MyOriginal Assignee Copy (F1) &Receipt No. 1297047 Date: 15.07.16 Amount Rs. 150000.00, Receipt No. 1349468 Date: 02.01.17 Amount Rs. 150000.00, Receipt No. 1371928 Date: 20.03.17 Amount Rs. 568509.00, Receipt No. 1886019 Date: 16.04.22 Amount Rs. 210221.00, Receipt No. 1949174 Date: 21.02.23 Amount Rs. 558850.00,Against Customer Id- HRL/250/T1 (Unit No-HRL/FIFTEENTH/1503) respectively issued by OMAXE LIMITEDis misplaced somewhere. Any person who finds it please return it to zonal office ofOmaxe Limited atOmaxe Limited, Cyber tower 2ndfloor, TC-34/V2, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, LucknowOr Call on No-Call on No- 9935092305.

**हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
**हंडेला-गोला रोड, अलीगंज - खीरी**
**सम्बद्ध-लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ**
**कालेज कोड 3053**

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर विज्ञान वर्ग के विषयों-में जन्तु विज्ञान के लिए 3 पद, - वनस्पति विज्ञान के 3-पद - रसायन विज्ञान के लिए 3 पद तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय में विषय में चित्रकला के लिए 4 पद पर सहायक आचार्य/ आचार्याओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र अपने मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ डाक द्वारा या स्वयं महाविद्यालय में 10 दिनों के अन्दर जमा कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. के अनुसार या लखनऊ विश्व विद्यालय के अनुसार वांछनीय हैं।

**प्रबन्धक**
**पता- हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
**हंडेला, गोला रोड,**
**अलीगंज - लखीमपुर खीरी**
**मो.-9452016953, 9450175793**

# मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायतों में देरी पर पीडी बिफरे

## डीएम के निर्देश पर पिपरौली ब्लॉक का निरीक्षण



गीडा/ पिपरौली,गोरखपुर। जिलाधिकारी दीपक मीणा के कड़े रुख के बाद मंगलवार को प्रशासनिक अमला एक्शन मोड में नजर आया। जिलाधिकारी के निर्देश पर परियोजना निदेशक दीपक सिंह, डीसी मनरेगा रघुनाथ सिंह और डीसी एनआरएलएम नीरजा गुप्ता की संयुक्त टीम पिपरौली विकास खंड का निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान अधिकारियों ने न केवल ब्लॉक की कार्यप्रणाली को खंगाला, बल्कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी भी जताई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मनरेगा सेल और विभिन्न पटलों की फाइलों की जांच की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अधिकारियों ने स्वीकार किया कि मनरेगा कार्यों की फाइलों के रखरखाव में कमियां पाई गई हैं। पीडी दीपक सिंह ने संबंधित लिपिकों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अभिलेखों को व्यवस्थित और त्रुटिहीन रखा जाए।

एक महत्वपूर्ण मुद्दा ब्लॉक दिवस के आयोजन का उठा। पत्रकारों ने जब सवाल किया कि पिछले दो वर्षों से ब्लॉक दिवस का आयोजन बंद है, तो अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया। डीसी मनरेगा रघुनाथ सिंह ने खंड विकास अधिकारी राकेश शुक्ला को निर्देशित किया कि ब्लॉक दिवस का आयोजन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान हो सके। अधिकारियों ने शासन की प्राथमिकता वाले आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना अनिवार्य है। वहीं ग्राम पंचायत तेनुआ निवासी अक्षयबर नाथ द्वारा 9 जनवरी को मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत का समाधान न होने पर पीडी दीपक सिंह बिफर पड़े। उन्होंने बीडीओ को कड़ी फटकार लगाते हुए इस प्रकरण का तत्काल निस्तारण करने का आदेश दिया। कनक प्रेरणा देईपार की महिलाओं ने डीसी एनआरएलएम नीरजा गुप्ता से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई। महिलाओं ने बताया कि पिछले पांच महीनों से उन्हें धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। इस पर नीरजा गुप्ता ने उन्हें जल्द ही धन अवमुक्त कराने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त, ब्लॉक परिसर में सालों से खड़ी कंडम और कबाड़ हो चुकी गाड़ियों को लेकर भी पीडी ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बीडीओ को निर्देशित किया कि परिसर की सफाई सुनिश्चित करते हुए इन गाड़ियों को तत्काल वहां से हटवाया जाए। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत अरविन्द सिंह, एडीओ आईएसबी संजय दूबे, सचिव नीरज यादव, समीर यादव, रोहित यादव, अरविन्द राना सहित सभी ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहें।

## फार्मर रजिस्ट्री अभियान को गति देने के लिए बीडीओ ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी



मझगांवा,गोरखपुर। फार्मर रजिस्ट्री अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को गगहा ब्लॉक परिसर से खंड विकास अधिकारी रजत गुप्ता ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर गांवों के भ्रमण हेतु रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करना है। बीडीओ ने बताया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। जिन किसानों की रजिस्ट्री नहीं होगी, उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की धनराशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त नहीं हो सकेगी। इसलिए सभी किसान शीघ्र अपना पंजीकरण कराएं। प्रचार वाहन के माध्यम से गगहा, मझगावा, रावपार, हाटा बाजार, डिहुलपार सहित विभिन्न ग्राम सभाओं में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह वाहन तीन दिनों तक क्षेत्र के प्रत्येक न्याय पंचायत में पहुंचकर किसानों को रजिस्ट्री की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज तथा इसके लाभों की जानकारी देगा। इस अवसर पर एडीओ कृषि राकेश कुमार, एडीओ पंचायत सुनील यादव, राजकीय बीज भंडार प्रभारी अच्छेलाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह प्रचार वाहन उप कृषि निदेशक, गोरखपुर के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाते हुए समय से फार्मर रजिस्ट्री कराएं और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ प्राप्त करें।

## सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज के छात्रों ने सेमेस्टर परिणामों में मारी बाजी



जसवंतनगर, इटावा। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में चै. सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही कॉलेज परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। तृतीय सेमेस्टर में प्रियंका ने 80.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अभिनव 79.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। पंचम सेमेस्टर में नमन शाक्य ने 79.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशी शर्मा ने 78.93 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं सप्तम सेमेस्टर में अनिरुद्ध ने 80 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पाया, जबकि गुलशन 79.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। कॉलेज के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार यादव ने सफल विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पाली बंबा जर्जर पुलिया में धंसी डबल डेकर बस



भरथना, इटावा। भरथना कस्बा के बकेवर मार्ग स्थित पाली बंबा की सकरी और जर्जर पुलिया पर सोमवार की सुबह एक बड़ा हादसा घटित होने से टल गया जब चालक की सूझबूझ से श्रद्धालुओं से भरी एक डबल डेकर स्लीपर कोच बस का पिछला पहिया जर्जर और सकरी पुलिया में धस गया, और चालक ने बिना किसी प्रयास के बस को ज्योंकि त्यों बन्द कर श्रद्धालुओं को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो चालक यदि बस को मामूली आगे पीछे करने का प्रयास किया होता तो हादसा टल नहीं सकता था। बस चालक द्वारा इटावा की ओर बाईपास जाने के लिए पुलिया से निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिया टूटी होने के कारण बस बंबा में धस गई और बस पलटने से बाल बाल बच गई। घटना में बस टूटी हुई पुलिया पर अटक गई, जिससे वह न आगे बढ़ सकी और न पीछे हट सकी। जरा सी चूक होने पर बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन चालक रवि इटावा की सूझबूझ से सभी यात्रियों की जान सुरक्षित बच गई। चालक ने तत्काल बस रोककर उसमें सवार सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित नीचे उतार दिया। बताया गया कि बस में करीब 35 श्रद्धालु सवार थे, जो लखनऊ में आयोजित राधा स्वामी सत्संग में शामिल होने जा रहे थे। पाली बंबा पुलिया पर बस धंसने से भरथना बकेवर मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। कई घंटे तक आवागमन बाधित रहा। बाद में हाइड्रा मशीन की मदद से बस को बाहर निकाला गया, तब जाकर यातायात बहाल हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली।

# चकिया व उपधौली में लगा चकबंदी ग्राम चौपाल

## ग्रामीणों ने उप संचालक चकबंदी से अपनी सहूलियत के लिए चौड़ी सड़क की मांग



चौरीचौरा, गोरखपुर। चकबंदी आयुक्त उप्र0 लखनऊ के निर्देश पर मंगलवार दिनांक 24 फरवरी को चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा चकिया व उपधौली में उपसंचालक चकबंदी गोरखपुर दशरथ कुमार की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित चौपाल में बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी गोरखपुर हरिवंश मिश्रा, चकबंदी अधिकारी चौरीचौरा शिवशंकर प्रसाद सिंह, सहायक चकबंदी अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी व सहायक चकबंदी अधिकारी शिव दर्शन चौरसिया तथा उक्त दोनों ग्राम के चकबंदी लेखपाल व चकबंदीकर्तागण ग्राम अभिलेखों के साथ उपस्थित रहे।

ग्राम सभा चकिया व उपधौली में उपस्थित किसानों व ग्रामीणों ने अपनी सुविधानुसार व सहूलियत के लिए चौड़ी सड़क और सड़क को मुख्य संपर्क से जोड़ने की मांग किया। किसानों की उक्त मांग पर उपसंचालक चकबंदी दशरथ कुमार ने संबंधित सहायक चकबंदी अधिकारी व चकबंदी लेखपाल को इस बावत कार्रवाई के निर्देश दिया। चौपाल में उप संचालक चकबंदी द्वारा ग्राम अभिलेखों का भी परीक्षण किया गया। अपूर्ण अभिलेखों को पूर्ण करने, सिंचाई के साधन बोरिंग को दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने वरासत व बैनामा के आधार पर दाखिल खारिज करने के भी निर्देश दिया । उन्होंने चकबंदी अधिकारी को भी किसानों से संबंधित खातों का नियमानुसार शिघ्र विभाजन करने व स्थल संबंधी विवादों को स्थलीय निरीक्षण कर यथाशीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। आयोजित चौपाल से किसानों व ग्रामीणों में अपार उत्साह व प्रसन्नता का माहौल देखा गया।

# मारपीट में घायल महिला की मौत

## शोहरतगढ़ विधायक ने पीड़ित परिवार से मिलकर दी सांत्वना



सिद्धार्थनगर- शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने मंगलवार, 24 फरवरी को बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के ढेबरुआ थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत तालकुंडा टोला केवटलिया का दौरा किया। उन्होंने हाल ही में मारपीट में घायल हुई कृष्णावती (पत्नी लाल जी चौहान) के इलाज के दौरान हुई मौत के बाद उनके घर जाकर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। यह घटना 8 फरवरी को दोपहर लगभग 2:00 बजे हुई थी। कृष्णावती अपनी बेटी और बहन के साथ खेत में यूरिया खाद डालने जा रही थीं। रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने उन्हें रोका और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लोहे के पाइप से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में महिला को गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। घायलों को तुरंत स्थानीय थाने ले जाया गया, जिसके बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए बढ़नी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में तीन दिनों तक इलाज चलने के बावजूद कृष्णावती की हालत गंभीर बनी रही।

## कोतवाल मृत्युंजय व नायब तहसीलदार महबूब ने वैज्ञानिक भ्रमण बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



बासी,सिद्धार्थनगर ।नायब तहसीलदार महबूब आलम व प्र 0नि0 मृत्युंजय पाठक ने वैज्ञानिक भ्रमण बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उ .प्र.के तत्वावधान में जिलाधिकारी शिव शरणप्पा जी.एन., मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक सिद्धार्थनगर अरुण कुमार की सहमति एवं निर्देशन के क्रम में जनपद के मेधावी विद्यार्थियों वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं /औद्योगिक संस्थानों के भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन जिला विज्ञान क्लब,सिद्धार्थनगर द्वारा किया गया ।उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ नायब तहसीलदार बांसी महबूब आलम , पूर्व प्रोफेसर केपी त्रिपाठी राजा रतन सेन पीजी कॉलेज बांसी तथा प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी मृत्युंजय पाठक ने संयुक्त रूप से वैज्ञानिक भ्रमण बस को बांसी तहसील गेट से हरी झंडी दिखाकर मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय व हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड गोरखपुर के लिए रवाना किया गया । इस अवसर पर नायब तहसीलदार महबूब आलम ने उक्त अवसर पर स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक शोध एवं भ्रमण कार्यक्रम से स्कूली बच्चों के अंदर विभिन्न वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्रो में तथा प्रौद्योगिकी संस्थानों पर गहन शोध व अध्ययन करने का अवसर मिलता है ।

## डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय शिविर का आयोजन




इटावा। कर्मक्षेत्र पीजी. कॉलेज इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सराय एसर में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने सभी स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को अपनी शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। शिविर में सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं प्रातः शिविर स्थल पहुँचे जहां ग्राम प्रधान सरवर सिंह द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया एवं शिविर में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया । शिविर में स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा बस्ती में ग्रामीणों के साथ इंट्रेक्शन किया गया तथा भ्रमण करके वहाँ की वास्तविक समस्याओं का सर्वेक्षण किया गया। सर्वे के आधार पर कार्यक्रम अधिकारी डा. अजीत कुमार दीक्षित ने बताया कि सर्वेक्षण के द्वारा गांव में पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, यातायात संबंधी नियमों का पालन, साफ सफाई आदि के प्रति जागरूकता की कमी संबंधी मुद्दें सामने आए तथा पर्यावरण प्रदूषण से होने वाली हानियों के बारे में चर्चा की। सर्वे के पश्चात स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने लोगों को फाइलेरिया रोग के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को लंच ब्रेक दिया गया जिसमें स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को अल्पाहार कराया गया। लंच ब्रेक के पश्चात स्वयंसेवकों ने खेलकूद सम्बंधी गतिविधियों में भाग लिया। समापन सत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें एन.एस.एस स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्र के प्रति समर्पित गीतों का प्रस्तुतिकरण किया गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजीत कुमार दीक्षित द्वारा सभी का धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर प्रो. शिवराज यादव, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ नमिता पांडेय तथा डॉ. नीता पांडेय एवं बृजेन्द्र आदि शिक्षक साथी तथा सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# एसडीएम-सीओ आवास के सामने दुकान में चोरी

## व्यापारी के 100 ग्राम सोना, सवा किलो चांदी और डीवीआर गायब

सिद्धार्थनगर- बांसी नगर पालिका में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) के आवास के ठीक सामने स्थित एक दुकान में चोरी की घटना



सामने आई है। 23 और 24 फरवरी की दरमियानी रात को नगर पालिका अध्यक्ष के पूर्व प्रत्याशी और व्यापारी विष्णु जायसवाल उर्फ सोनू जायसवाल की किराना दुकान से 100 ग्राम सोना, सवा किलो चांदी, एक मोबाइल फोन और सीसीटीवी डीवीआर चोरी हो गए। व्यापारी विष्णु जायसवाल ने बताया कि उनका घर और दुकान एक ही इमारत में हैं। सोमवार सुबह करीब 9 बजे जब वे दुकान पर पहुंचे, तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला। दुकान के अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि 50-50 ग्राम के दो सोने के बिस्कुट, सवा किलो चांदी, मोबाइल फोन और सीसीटीवी डीवीआर गायब थे। जायसवाल के अनुसार, चोरी किया गया सोना और चांदी उन्हें होलसेल व्यवसाय के तहत अन्य कंपनियों से स्कीम के माध्यम से प्राप्त हुआ था।

जायसवाल ने यह भी बताया कि दुकान में आधा किलो चांदी की एक सिल्ली सुरक्षित बच गई, क्योंकि चोरों की नजर उस पर नहीं पड़ी। यह सिल्ली एक अलग स्थान पर रखी हुई थी। इस घटना के बाद व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी के आवास के ठीक सामने हुई इस चोरी से भयभीत है। व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने पुलिस की निष्क्रियता पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रशासन और पुलिस से इस गंभीर चुनौती का सामना करने और ठोस कदम उठाने की मांग की है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सुरक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो उनके व्यवसाय और आर्थिक हितों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## दुकान में फंदे से लटका मिला युवक का शव

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम परसौआ में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव उसकी ही परचूनी की दुकान में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परसौआ निवासी विनय कुमार 33 पुत्र रमेश चंद्र गांव में ही परचूनी की दुकान चलाते थे। परिजनों के मुताबिक वह शराब पीने का आदी था बताया गया है कि देर रात विनय दुकान में ही रुका हुआ थाऔर दुकान के अंदर देशी शराब के खाली आधा दर्जन से ज्यादा पौआ पड़े मिले सुबह जब काफी देर तक दुकान नहीं खुली तो परिजनों और ग्रामीणों को संदेह हुआ। अंदर जाकर देखा तो विनय का शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे दो मासूम बेटेकृअवजीत कुमार 10 और अंशुल 6 को छोड़ गया है। पत्नी सुनीता व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शादी में कहासुनी के बाद मामा फूफा पक्ष भिड़े

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम कटखेड़ा में शादी समारोह के दौरान खाना खाते समय हुई कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना में मामा और फूफा पक्ष आमने-सामने आ गए। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगला करन, कोतवाली जिला फिरोजाबाद निवासी रासी उर्फ अंकिता पत्नी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वह 19 फरवरी को अपने भाई गौतम के साथ अपने मामा सोवरन सिंह के यहां शादी में शामिल होने आई थीं। रात में भोजन के दौरान भाई गौतम से कहासुनी हो गई। आरोप है कि मेरे मामा के पुत्र अनिल व शिवकुमार पुत्रगण सोवरन सिंह तथा उनके साले सन्नी व पंकज पुत्रगण छोटे लाल उर्फ रामनिवास ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

# युवक की हत्या में शामिल जवान गिरफ्तार

इटावा। पुलिस द्वारा युवक की हत्या करने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार। कब्जे से आलाकत्ल तमंचा, खोखा कारतूस व घटना मे प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद। थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत रेलवे ट्रैक पर मिला था अज्ञात शव, प्रेम प्रसंग मे की गयी थी हत्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह थाना भरथना, निरीक्षक अरिमर्दन सिंह रहे। 20 फरवरी की रात्रि को थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत डीएफसी रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात शव मिलने पर इकदिल पुलिस द्वारा करायी गयी शिनाख्त मे मृतक की पहचान मनीष यादव पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम नगला बंधा थाना भरथना के रुप मे हुई। मृतक मनीष यादव उपरोक्त गुमशुदगी 18 फरवरी को थाना भरथना पर पंजीकृत की गयी थी। प्रकरण की



गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा एसओजी, सर्विलांस व थाना पुलिस की संयुक्त 3 टीमो का गठन कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। गहन जांच, सर्विलांस व पूछताछ के आधार पर यह तथ्य प्रकाश मे आये कि घटना प्रेम प्रसंग से सम्बन्धित है। अभियुक्त अभिषेक यादव पुत्र रविन्द्र यादव निवासी केशोपुर कलां थाना इकदिल जो मृतक मनीष को अपनी बहन से बात करने की बात जान गया था तथा अपनी बहन को उसके साथ पूर्व में कहीं देख लिया था इसलिये षडयन्त्र के तहत योजना बनाकर अपने साथी विपिन यादव पुत्र हृदयराम यादव निवासी ग्राम मानिकपुर भीखन थाना इकदिल, दीपक पुत्र अरविंद कुमार निवासी केशोपुर कलां थाना इकदिल जनपद के साथ मिलकर मृतक मनीष को लिफ्ट देने के बहाने चार पहिया गाड़ी में बैठाकर 18 फरवरी को पूर्वांह में ही थाना इकदिल अन्तर्गत सुनसान जगह पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी तथा दूसरे दिन शव को छिपाने तथा साक्ष्य को मिटाने के उद्देश्य से थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत रेलवे ट्रैक पर रखकर मौके से फरार हो गये थे घटना के संबंध मे वादी की तहरीर पर 21 फरवरी को मुकदमा दर्ज किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा **ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–सिग/टेंडर/66/2025–26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के एलकेओ–जेडबीडी–एमजीएस खंड में एसजीई ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट के स्थान पर यूएफएसबीआई का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | रू 14596410.12 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रू 223000.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 300 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 16.03.2026 15:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०: 106–सिग/टेन्डर/66/2025–26 दिनांक: 21.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 608/26

संक्षेप

## मियापुर से लखनऊ के लिए बस सेवा शुरू

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव मियापुर/रविंद नगर के ग्रामीणों की मांग पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के प्रयास से लखनऊ के लिए शुरू हुई सरकारी सेवा को लेकर पहले दिन बस पहुंचने पर ग्रामीणों ने रोली अक्षत लगाकर स्वागत किया है। मंगलवार को सरकारी बस मियापुर पहुंचने पर ग्राम प्रधान मिथुन ढाली ने बस में रोली अक्षत लगाकर पूजन किया है। बस सुबह 7 बजे गांव पहुंचकर वहां से यात्रियों को लेकर गांव अटसार, पलिया, भट्ठीच, मड़ैया और शाहपुर राजा होते हुए मोहम्मदी पहुंचकर लखनऊ 12 पहुंचकर वहां से 1बजे वापस होते हुए गांव पहुंचेगी जिससे लोगों ने इस सुविधा के लिए विधायक का आभार जताया है।

## भट्ठे का मजदूर 11 दिन से गायब

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के घिरौली नानकार गाँव में स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाला मजदूर 11 दिनों से लापता हो गया है। इस मामले को लेकर पुलिस में लापता हुए मजदूर की तलाश में लगी है। बिहार राज्य के गया जिले में वजीरगंज थाना क्षेत्र के कढ़ौना गांव का निवासी 35 वर्षीय छोटू मांझी खुटहन थाना क्षेत्र के घिरौली नानकार गांव स्थित ईंट भट्ठे पर पथाई का काम करता था। छोटू मांझी 13 फरवरी की सुबह बिना किसी को बताए भट्ठे से लापता हो गया। मजदूर के लापता होने पर भट्ठा संचालक और वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों ने आसपास में उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। लगातार खोजबीन के बाद भी जब छोटू मांझी का कोई पता नहीं चला तो उसके पिता करा मांझी ने खुटहन थाने में मामला दर्ज करा दिया। पुलिस लापता मजदूर की तलाश में जुट गई है।

## लापता किशोर को पुलिस ने किया बरामद

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के समसखानपुर गांव निवासी किशोर अनुज भारती को गायब होने की प्राथमिकी दर्ज होने के 10 घन्टे के अन्दर जफराबाद पुलिस ने बरामद कर उसके परिजनों को उसे सौंप दिया। थाना प्रभारी श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि समसखानपुर निवासी निशा पत्नी तेजबहादुर ने जफराबाद थाने पर तहरीर दिया था कि उनका पुत्र 21 फरवरी की शाम को सामान लेने बाजार गया हुआ था और वापस नहीं लौटा। परिजन एक दिन की खोजबीन के बाद 23 फरवरी की सुबह पुलिस को सूचना दी। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना उ0नि0 राधेश्याम सिंह को सौंप दी गयी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए किशोर को 10 घन्टे के अन्दर ही जफराबाद स्टेशन से उसे बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया।

## परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन और सकुशल संपादित कराए जाने के उद्देश्य से तहसील सदर अन्तर्गत पंचशील इण्टर कालेज फतेहगंज में बनाए गए परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा परीक्षा केन्द्र पर सीसीटीवी की क्रियाशीलता, परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप नकलविहीन, पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा नकल की शिकायत पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की परखी हकीकत

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने मंगलवार को जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट पहुंचकर विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

इस मौके पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, अपर आयुक्त (न्यायिक) देव दीप्ति एवं एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह मौजूद रहे। संयुक्त कार्यालय में निरीक्षण की शुरुआत करते हुए, मंडलायुक्त ने सेवानिवृत्त एवं सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के अभिलेखों का अवलोकन किया और निर्देश दिए कि सेवानिवृत्ति से संबंधित सभी देयकों का भुगतान समय से सुनिश्चित कराया जाए। न्याय सहायक के पटल पर गैंगस्टर एवं मजिस्ट्रियल जांच पंजिका की समीक्षा कर लंबित रिपोर्टों की स्थिति जानी गई। साथ ही ग्राम चौकीदारों के रिक्त पदों की जानकारी



- लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण व कार्मिकों के देयकों के भुगतान के दिए निर्देश

ली गई। वर्ष 2005 के बाद नियुक्त कार्मिकों के दफ्तर नंबर अलॉटमेंट की प्रगति की समीक्षा करते हुए कोषाधिकारी से समन्वय स्थापित कर शिविर आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित प्राप्त आवेदनों, सेवा पुस्तिकाओं एवं ऑडिट आपत्तियों की अद्यतन स्थिति का भी परीक्षण किया गया। अपर उपजिलाधिकारी न्यायालय से निर्गत आदेशों के दाखिले रजिस्टर का अवलोकन करते हुए समय से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। अभिलेखागार माल एवं न्याय अनुभाग में नकल प्रक्रिया तथा लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कार्मिकों से अग्निशमन यंत्रों के संचालन की प्रक्रिया की जानकारी भी ली गई। डीएलआरसी पटल पर एंटी भूमाफिया रजिस्टर एवं भूमि विनिमय प्रकरणों की जांच करते हुए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत प्राप्त स्वीकृत एवं अस्वीकृत दावों की प्रगति जानी गई। निस्तारित पत्रावलियों का भी अवलोकन किया गया। संग्रह अनुभाग में आरसी रजिस्टर का निरीक्षण कर तहसीलदारों को प्रत्येक 15 दिन में इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। भूलेख अनुभाग में संदर्भ रजिस्टर एवं शस्त्र अनुभाग में थानों से मिलान की स्थिति की जांच करते हुए वरासत से संबंधित लंबित प्रार्थना पत्रों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। शस्त्र दुकानों के सत्यापन रजिस्टर के अवलोकन के दौरान अंतिम सत्यापन दीपावली के समय का पाए जाने पर नियमित सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अटल सभागार व एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल का भी अवलोकन किया और वहां की आधुनिक सुविधाओं व खूबसूरती की सराहना की इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, अर्चना ओझा, नाजिर मो सलीम मौजूद रहे।

## रोजगार रथ प्रचार के लिए रवाना

जौनपुर। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से राजकीय आईटीआई सिद्धीकपुर परिसर में 28 फरवरी को आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले के प्रचार-प्रसार हेतु रोजगार रथ (एलईडी) प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उक्त रोजगार मेले के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक अभ्यर्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद की समस्त तहसीलों, ब्लॉकों तथा ग्रामीण स्तर पर स्थित शिक्षण संस्थानों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। रोजगार मेले में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बहुप्रतिष्ठित 60 से अधिक कंपनियां 3000 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष प्रतिभाग करेंगी जिसमें रु0 12000 से 35000 प्रतिमाह तक के रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। जिला विकास अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, सहायक सेवायोजन अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई, जिला सूचना अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, आदि उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन शॉपिंग से बर्बाद हो रहा स्थानीय बाजार, व्यापारियों ने उठाई आवाज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी नीतियों के खिलाफ स्थानीय व्यापारी लामबंद हो गए हैं। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित



ज्ञापन क्षेत्रीय सांसद उत्कर्ष वर्मा को सौंपा। राष्ट्रीय व प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर सौंपे गए इस ज्ञापन में व्यापारियों ने चिंता जताई कि ई-व्यापार के बढ़ते प्रभाव, विदेशी कंपनियों की फंडिंग, भारी छूट और असमान प्रतिस्पर्धा से छोटे व फुटकर दुकानदारों का व्यापार चैपट हो रहा है। ऑनलाइन कंपनियां केवल चुनिंदा विक्रेताओं को तरजीह दे रही हैं, जिससे स्थानीय बाजारों में सन्नाटा है। व्यापार मंडल ने मांग की कि प्रतिस्पर्धा अधिनियम 2002 के तहत भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) इन कंपनियों की निगरानी कर सख्त कार्रवाई करे। साथ ही, छोटे व्यापारियों को बचाने के लिए उपभोक्ता संरक्षण (ई-व्यापार) नियम 2020 का सख्ती से पालन कराते हुए ई-व्यापार के लिए एक अलग सशक्त नियामक कानून बनाया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में युवा प्रदेश मंत्री पटेल अशोक कनौजिया, जिला संगठन मंत्री शिव कुमार सोनी, तहसील अध्यक्ष सतीश वर्मा, नगर महामंत्री मुनेंद्र पाल सिंह और मीडिया प्रभारी श्याम राजपूत सहित कई अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## स्मृति चिन्ह भेंट कर शिक्षकों का किया गया सम्मान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर की बांकेगंज रोड स्थित गुजराल नगर (कोंधवा) में बाथम वैश्य महासभा के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के आवास पर एक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गोला देहात व नगर क्षेत्र के बड़ी संख्या में शिक्षकों ने सहभागिता कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

आयोजकों ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुजनों का सम्मान करना पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार होती लाल रस्तोगी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकार श्रीकांत तिवारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रमोद शुक्ला, श्रीपाल वर्मा, संगम बाबू गुप्ता एवं मनोज गुप्ता शामिल रहे। कार्यक्रम का संयोजन महेंद्र वर्मा व आलोक तिवारी ने तथा कुशल संचालन प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने किया। इस दौरान आलोक तिवारी, हुलासराम, संजय कुमार तिवारी, अनुपम गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, गौरव गुप्ता, राज कुमार वर्मा, अमन वर्मा, प्रियांशु गुप्ता, शोभित अवस्थी, शैलेन्द्र मिश्रा, अयोध्या प्रसाद, रमा शंकर, अनूप कुमार तिवारी, रामपाल तिवारी, राकेश चन्द्र, आकाश तिवारी, राजेश गुप्ता, मुकेश तिवारी, राकेश कुमार वर्मा, अच्युत वर्मा, मोतीलाल वर्मा, अंकित बाजपेयी एवं दिलीप भार्गव समेत कई अन्य शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक राजेश गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं सम्मानित शिक्षकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## सुरेन्द्र ने मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य से की वार्ता



लखीमपुर खीरी। आदर्श मूक बधिर विद्यालय के अध्यक्ष सुरेन्द्र तोलानी ने मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता से मुलाकात की। मूक बधिर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों में सहयोग का अनुरोध किया।

मुलाकात के दौरान श्री तोलानी ने विद्यालय में अध्ययनरत मूक-बधिर बच्चों के शैक्षिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए संचालित कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, किंतु इस पावन कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु चिकित्सकीय, शैक्षिक तथा सामाजिक सहयोग की नितांत आवश्यकता है। प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता ने इस विषय को सुना हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वह स्वयं विद्यालय का भ्रमण कर बच्चों की आवश्यकताओं को समझेंगी तथा व्यावहारिक स्तर पर ठोस पहल करेंगी। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि विशेष शिविरों का आयोजन कर दिव्यांग प्रतिभाओं के विकास के लिए सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए, जिनमें मेडिकल कॉलेज की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। क्षेत्रवासियों को नेत्र रोगों के प्रति जागरूक किया जाए तथा समय रहते उपचार के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस शिविर में मेडिकल कॉलेज की ओर से विशेषज्ञ चिकित्सकों का सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा। नेत्र रोगियों एवं मूक-बधिर बच्चों के प्रति प्रधानाचार्य की करुणा, संवेदनशीलता और सेवा-भाव देखकर श्री तोलानी ने उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेवक सिंह आजमानी भी मौजूद रहे।

## सहायक आचार्य संविदा भर्ती परीक्षा संपन्न

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य संविदा भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत आयोजित लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग मंगलवार को



संपन्न हो गई। परीक्षा में विधि विषय के लिए 52 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि विधि (अर्थशास्त्र) विषय में 08 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह परीक्षा नियंत्रक के साथ स्वयं परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा अभ्यर्थियों से संवाद कर परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुविधा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। परीक्षा के केंद्राध्यक्ष डॉक्टर अमरेंद्र सिंह ने कहा कि परीक्षा में विधि विषय के लिए 52 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि विधि (अर्थशास्त्र) विषय में 08 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

## छोटी लाइन से भी बदतर साबित हुई ब्रॉडगेज की सुविधा, ट्रेनें बढ़ाने की मांग



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गोला इकाई ने छोटी काशी के नाम से विख्यात तीर्थनगरी में रेल सुविधाओं के घोर अभाव पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की पुरजोर मांग उठाई है। इस संबंध में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी और नगर अध्यक्ष की अगुवाई में मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) लखनऊ को संबोधित एक ज्ञापन स्थानीय रेलवे स्टेशन अधीक्षक को सौंपा।

ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि पौराणिक शिव नगरी गोला गोकर्णनाथ में प्रतिदिन हजारों और सावन माह में लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं, लेकिन यहां रेल यातायात की व्यवस्था बेहद लचर है। वर्तमान में गोला से लखनऊ और मैलानी-पीलीभीत रूट पर मात्र तीन ट्रेनें ही संचालित हो रही हैं, जबकि बरेली से गोरखपुर के बीच चलने वाली इकलौती एक्सप्रेस ट्रेन का समय भी आम यात्रियों के बिल्कुल अनुकूल नहीं है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने निराशा जताते हुए कहा कि जब यह मार्ग छोटी लाइन पर था, तब रेल सेवाएं कहीं अधिक बेहतर थीं, लेकिन ब्रॉडगेज (बड़ी लाइन) बनने के बाद सुविधाओं के विस्तार की बजाय ट्रेनों की संख्या में भारी कटौती कर दी गई है। पर्याप्त ट्रेनें न होने के कारण व्यापारियों, किसानों, मरीजों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं और आम यात्रियों को लखनऊ व बरेली जैसे बड़े शहरों तक आवागमन में भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसका सीधा और नकारात्मक असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ रहा है। व्यापारियों ने डीआरएम का ध्यान इस ओर भी आकृष्ट कराया कि वर्तमान में शिव कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिसके पूरा होने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना वृद्धि होना तय है। यदि समय रहते ट्रेनों की संख्या नहीं बढ़ाई गई, तो भविष्य में यात्रियों की मुश्किलें और अधिक बढ़ जाएंगी। संगठन का यह भी तर्क है कि नई ट्रेनें चलने से रेलवे के राजस्व में भी भारी इजाफा होगा। जनहित को ध्यान में रखते हुए व्यापार मंडल ने रेल प्रशासन से मांग की है कि बरेली से पीलीभीत के बीच प्रातः काल और लखनऊ से बरेली के बीच सायंकाल कम से कम दो-दो एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन अविलंब शुरू किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी और नगर अध्यक्ष सहित संगठन के कई अन्य प्रमुख पदाधिकारी एवं व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विकसित भारत की प्रथम सीढ़ी चढ़ता धौरहरा का ग्रामीण हाट बाजार



लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर की ब्लाक धौरहरा की ग्राम पंचायत सरसवा में मनरेगा योजना से बनाई गई हॉट बाजार में दुकाने लगने लगी है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं सीडीओ अभिषेक कुमार के निर्देश पर बीडीओ संदीप कुमार तिवारी द्वारा ब्लाक धौरहरा की ग्राम पंचायत सरसवा में हाट बाजार का निर्माण कराया गया। श्री तिवारी द्वारा हाट बजार का निर्माण कार्यक्रम पूर्ण होने पर क्षेत्रीय दुकानदारों को सौंप दिया गया है। धौरहरा ब्लाक के ग्राम पंचायत सरसवा में सपनों की है हाट बाजार लगना शुरू हो गया। श्री तिवारी द्वारा धौरहरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सरसवा में जिले का पहला हाट बाजार बनाया गया है। धौरहरा ब्लॉक में चारो तरफ विकास कार्य तेजी से कराए जा रहेगा है। वहीं विकसित भारत की प्रथम सीढ़ी पर चढ़ता धौरहरा का ग्रामीण हाट बाजार धौरहरा से दिखने लगी है। यह मनरेगा का हाट बाजार मनरेगा व ग्राम निधि के बजट से बनवाया गया है। वहीं डीएम व सीडीओ के नेतृत्व में काम कर रहे संदीप कुमार तिवारी बीडीओ धौरहरा ने अपने क्षेत्र में अन्य ब्लॉकों से हटकर हाट बाजार का निर्माण कराया है। पहले खुले में दुकानदार बाजार लगाते थे थोड़ी सी बरसात में बाजार की गली में पानी भर जाता था जिससे ग्रामीण एवं दुकानदारों कों काफी समस्या होती थी। इस समस्या को देखते हुए सरसवा में उनकी सुविधा के लिए श्री तिवारी द्वारा हाट बाजार बनाकर उन्हें सौंपने का काम किया गया।

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आज मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधानों, स्थानीय पदाधिकारियों और सचिवों (प्रधानाध्यापकों) को शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं और प्रक्रियाओं के



प्रति जागरूक और उन्मुख करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अश्विनी कुमार (उपजिलाधिकारी न्यायिक) रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंचायतों से सीधे जुड़े होते हैं। प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधान आपसी समन्वय बना कर शिक्षा के विकास पर कार्य करें। इस अवसर पर राम विशाल चैरसिया बीडीओ, दुद्धी एवं प्रेमशंकर राम खंड शिक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से ग्राम प्रधानों को शिक्षा के प्रसार हेतु सहयोग की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी ने की। कार्यशाला के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और ब्लॉक स्तर पर शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शैलेश मोहन, एआरपी श्यामसुंदर, उज्ज्वल मौर्य, योगेन्द्र यादव, रामसूरत शिक्षक छविलाल, मुसईराम, सदानंद मिश्र, जितेन्द्र चौबे, अविनाश गुप्ता, विवेक शांडिल्य, धर्मेंद्र सिंह, नीरज कन्नौजिया, अवधेश कन्नौजिया, ओमप्रकाश, दयाशंकर, तत्सत तिवारी, मनोज जायसवाल, डा रमेश कुमार, रेनू कन्नौजिया, अमिता तिवारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र चैबे, अविनाश गुप्ता और प्रीति चैरसिया ने संयुक्त रूप से किया।

## विधायक ने प्रभारी मंत्री से की मुलाकात उठाई तीर्थनगरी के विकास की मांग



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उत्तर प्रदेश सरकार में आबकारी मंत्री एवं खीरी जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल के लखीमपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं प्रमुखता से रखीं।

गोला विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमन गिरि ने भी प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल से विशेष भेंट की और उन्हें गोला क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। विधायक ने शिव नगरी गोला गोकर्णनाथ के धार्मिक और पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छोटी काशी के रूप में विख्यात इस तीर्थनगरी में प्रतिदिन भारी संख्या में दूर-दराज से श्रद्धालुओं का आवागमन होता है, जिसे देखते हुए यहां की आधारभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रभारी मंत्री के समक्ष गोला विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से लंबित पड़े विकास कार्यों को गति देने, चरमराई यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने, जर्जर हो चुकी सड़कों के चैड़ीकरण व मरम्मत, नगर के सुंदरीकरण, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार सहित कई अन्य ज्वलंत जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की जोरदार मांग उठाई। विधायक ने जोर देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे का विकास समय की मांग है। प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विधायक द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं और मांगों को बेहद गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि इन सभी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में विधायक ने गिनाये विकास कार्य



मोहम्मदी खीरी। ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख महेंद्र वाजपेई ने की मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह रहे कार्यक्रम का संचालन बी डी ओ अश्वनी कुमार ने किया है। आयोजित कार्यक्रम में संचालक ने विगत बैठक की कार्रवाई और कराए गए पंचाम वित्त, 15वां केंद्रीय वित्त और मनरेगा योजना के तहत कराए गए कार्यों का विवरण पटल पर रखा जिसका ध्वनि मत से सदस्यों ने समर्थन किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए जन-जन तक पहुंचाने की बात कही है। उन्होंने क्षेत्र के चौमुखी विकास को लेकर अपनी प्राथमिकता के तौर पर कराए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए अपने कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कराए गए कार्यों को लेकर तुलना की उन्होंने वर्ष 2026 और 27 में कराए जाने वाले कार्यों को लेकर प्रस्ताव देनेकी बात कही है। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह, मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा, प्रदीप वर्मा, नन्हेंलाल, अतुल बाजपेई, समोद सिंह, अश्वनी शुक्ला बृजेश गुप्ता और अतुल बाजपेई समेत सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान मौजूद रहे हैं।

## किताबी ज्ञान के साथ सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का मुख्य उद्देश्य: राकेश कुमार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बांकेगंज ब्लॉक क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय हरिहरपुर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ एआरपी राहुल मौर्य और सत्यानंद स्नेही भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए लोकगीत, नृत्य और नाटकों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि पीएम श्री विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इन विद्यालयों का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि आधुनिक सुविधाओं के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर मंच का डर खत्म होता है, उनकी छिपी प्रतिभा निखरती है और आत्मविश्वास मजबूत होता है। बीईओ ने विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत को सराहते हुए अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों की निरंतर प्रगति के लिए विद्यालय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या और भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत की। अंत में उन्होंने अपना बहुमूल्य समय देने के लिए सभी अतिथियों, शिक्षकों और स्टाफ का हृदय से आभार ज्ञापित किया। इस आयोजन में न्याय पंचायत प्रभारी प्रमोद कुमार वर्मा, अरविंद पटेल, सुनीता वर्मा, अनुदेशक यशपाल सिंह यादव सहित न्याय पंचायत के कई अन्य शिक्षकगण और विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

संक्षेप

## पत्नी से विवाद के बाद युवक फांसी पर झूला

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के नई आबादी मोहल्ला के डाक बंगला रोड स्थित चैहान बस्ती निवासी युवक ने पत्नी से मामूली कहासुनी को लेकर फांसी लगा ली। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उक्त मोहल्ला निवासी 36 वर्षीय संदीप चैहान पुत्र वीरेंद्र चैहान शराब के नशे का आदी था, जिसके चलते पूर्व में उसकी हालत काफी खराब हो गई थी। उसके इलाज से परिवार आर्थिक तंगी से परेशान था। इसी बात को लेकर मंगलवार की सुबह शराब पीकर घर लौटे युवक से पत्नी की कहासुनी हो गई। बताते हैं कि इसी बात से नाराज युवक कमरे में पहुंचकर रस्सी का फंदा बनाकर पंखे के सहारे झूलकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## साइकिल से गिरकर घायल छात्रा की मौत

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव में शनिवार को स्कूल से घर वापस लौटते कक्षा 3 की छात्रा साइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। मृतक छात्रा के पिता कमलेश कुमार केशरी के अनुसार 10 वर्षीय बेटी अर्पिता सोनगढ़ा के एक स्कूल में कक्षा 3 की छात्रा थी। शनिवार को स्कूल से घर वापस लौट रही थी कि सोनगढ़ा गांव के चौराहे पर साइकिल से गिरकर गंभीर रूप घायल हो गई थी। उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले आए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के चिकित्सक अवधेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। सोमवार को उपचार के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे कि देर रात रास्ते में ही मौत हो गई। अर्पिता तीन बहनों में सबसे बड़ी थी। मौत की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। माता रानी देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## मगध एक्सप्रेस में महिला ने दिया बच्चे को जन्म

मीरजापुर। रेलवे पुलिस फोर्स टीम की दिखाई दिया दरिया दिली। मगध एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला को आर पी एफ पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया। वाणिज्यिक विभाग से प्राप्त सूचना पर रेलवे पुलिस में तैनात एसआई अशोक कुमार कांस्टेबल प्रदीप कुमार पाल ने महिला को तत्काल अस्पताल सहायता करते हुए अस्पताल भेजवाया। बताया गया कि आधी रात को आरपीएफ जवानों ने महिला का प्राथमिक उपचार कराकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रेलवे पुलिस से मिली द्वारा की गई सहायता से खुश महिला और उसके पति ने आरपीएफ टीम को शुक्रिया बोला। बिहार प्रांत के नवादा जिले की निवासी महिला बताई जा रही है। पति पत्नी मगध एक्सप्रेस से इस्लामपुर से कानपुर जा रहे थे।

## डिस्ट्रिक्ट बार एसो.सोनभद्र की चुनाव प्रक्रिया निरस्त

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र का वर्ष 2025-2026 का होने वाले चुनाव प्रक्रिया को एल्डर कमेटी अध्यक्ष श्री नाथ सिंह एडवोकेट ने मंगलवार को निरस्त कर दिया है। उन्होंने मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट को चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने के साथ ही यूपी बार काउंसिल के माडल बाईलॉज के अनुसार बाद में कराने का निर्देश दिया है। सहायक चुनाव अधिकारीगण सुरेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट व राजकुमार सिंह एडवोकेट ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम 23 फरवरी 26 से शुरू होकर 9 मार्च 26 तक होना निश्चित था, किंतु मतदाता सूची में अधिवक्ताओं का पता न होना, जिस पर अधिवक्तागण ने आपत्ति व सलाह दिया कि मतदाता सूची में पता होना चाहिए, जिससे चुनाव प्रचार प्रसार में अधिवक्ताओं को सहूलियत मिल सके एवं बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के मॉडल बाइलॉज के नियमानुसार ना होने के कारण एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्रीनाथ सिंह एडवोकेट ने मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट को निर्देशित किया है कि समस्त चुनाव प्रक्रिया निरस्त किया जाता है व मतदाता सूची दुरुस्त करके चुनाव की तिथि बाद में घोषित किया जाएगा। इस बाबत डीएम, एसपी व एसडीएम सदर को भी अवगत करा दिया गया है।

# जन शिकायतों को समय से निपटायें : मण्डलायुक्त

जिला संवाददाता(vol)



आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक एवं अपर आयुक्त शमशाद हुसैन द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को कलेक्ट्रेट आजमगढ़ में अवस्थित विभिन्न पटलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान नकल प्रार्थना पत्र अंकन रजिस्टर एवं रखे गये बस्तों के रख-रखाव का अवलोकन किया गया। मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि अभिलेखागार में रखे गये बस्तों के लिए एक बस्ता सूची बनाया जाए। उन्होंने अभिलेखागार में अभिलेखों की सुरक्षा के दृष्टिगत सीसी टीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने पुराने बस्तों एवं फाइलों के कवर को बदलने तथा अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने रिकार्ड रूम को नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये।

इसके पश्चात मण्डलायुक्त ने अभिलेखागार राजस्व, तहसील-फूलपुर/बूढ़नपुर/ मार्टिनगंज एवं तहसील सदर (चकबन्दी), तहसील निजामाबाद (चकबन्दी) का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त ने अभिलेखागार में बस्तों को खुलवाकर अभिलेखों को अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखागार में अभिलेख अस्त-व्यस्त पाये जाने एवं अभिलेखों के सम्बन्ध में जानकारी मांगे जाने पर सही उत्तर नही देने पर मण्डलायुक्त ने कार्यालय में कार्यरत अरेन्जर-महेन्द्र प्रताप को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने एवं अरेन्जर-अशोक यादव को चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होने अभिलेखों को सही करने, बस्तों को क्रमवार रखवाने एवं साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये।

शस्त्रागार के निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने वरासत की पत्रावली का अवलोकन कर लम्बित प्रकरणों को निर्धारित समय में निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद के शस्त्र व्यवसायियों का नियमित निरीक्षण/सत्यापन कराने के निर्देश दिये।

संयुक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने अधिकारी/कर्मचारी जीपीएफ पासबुक का अवलोकन किया। उन्होने निर्देश दिया कि जीपीएफ पासबुक को नियमित रूप से अपडेट किया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कार्यालय के मास्टर रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि चरित्र प्रमाण पत्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र के लम्बित आवेदनों को निर्धारित समय से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। आंग्ल अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान रिकार्ड रूम में बिजली के तार अस्त-व्यस्त पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि तत्काल विद्युत तार को सुव्यवस्थित कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने रिकार्ड रूम में बस्ता खुलवाकर अभिलेखों का अवलोकन किया।

मण्डलायुक्त ने अपर जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि धारा-24 एवं धारा 67 के वादों को निर्धारित समय मे गुणवत्तायुक्त निस्तारित करें। उन्होने कहा कि शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में सभी अधिकारी प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जन सुनवाई करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जनता दर्शन के दौरान प्राप्त जन शिकायतों को निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त निस्तारित कराने का प्रयास किया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने तीनों अपर जिलाधिकारियों के कोर्ट में सबसे ज्यादा पुरानी लम्बित फाइलों का अवलोकन कर उसको नियमानुसार निस्तारित कराने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देश दिया कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस का संचालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करायें।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गम्भीर सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धनवंता सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# हारे के सहारे के जयकारे से गूंजा रामलीला मैदान



रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र। नगर के ऐतिहासिक श्री रामलीला मैदान में चल रही 11 दिवसीय श्रीकृष्ण रासलीला अपने चरम पर है। कार्यक्रम के 9वें दिन खाटू श्याम (बर्बरीक) की उत्पत्ति और उनके बलिदान की गाथा का मंचन किया गया। वृंदावन से आए कलाकारों ने दिखाया कि कैसे भीम के पौत्र बर्बरीक ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना शीश दान कर श्शीश के दानीश कहलाए।कलाकारों ने बर्बरीक द्वारा हारने वाले का साथ देने के संकल्प को बड़ी कुशलता से पेश किया।

जब श्रीकृष्ण ने ब्राह्मण वेश में बर्बरीक से उनका शीश मांगा, तो पांडाल में सन्नाटा पसर गया। बर्बरीक के आत्मोत्सर्ग के दृश्य ने दर्शकों की आँखें नम कर दीं। अंत में श्रीकृष्ण द्वारा बर्बरीक को कलयुग में अपने नाम श्श्यामश से पूजे जाने का वरदान देने के साथ लीला का समापन हुआ। आरती के पश्चात बाबा श्याम को चढ़ाए गए छप्पन भोग का प्रसाद भक्तों के बीच वितरण किया गया। इस दौरान श्जय श्री श्यामश और श्हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल कीश के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, रामप्रसाद यादव, पवन जैन, आशीष अग्रवाल,सचिन गुप्ता,धीरज जालान ,मनोज सिंह,सत्येंद्र पांडेय,राकेश कुमार गुप्ता,राजेश सोनी,सरजू प्रसाद, धर्मेश सिंह खरवार,विजय कानोड़िया, सुनील सिंह,अमरपाल गिरी ,विमल जैन, नवीन अग्रवाल,चंद्रभूषण पांडेय, अमित जैन, सिल्लु अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# फिल्म पर रोक के लिए यादव महासभा का प्रदर्शन

जौनपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को युवा यादव महासभा ने श्यादव जी की लव स्टोरी नामक फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को




सौंपा। महासभा के पदाधिकारियों और सदस्यों का कहना है कि फिल्म का नाम और उसकी कथावस्तु यादव समाज की सामाजिक प्रतिष्ठा, सम्मान और भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है। इस विषय को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में गहरा रोष व्याप्त है। जिलाध्यक्ष उमा राज यादव ने बताया कि यादव समाज का देश के सामाजिक, राजनीतिक और सैन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे में किसी भी फिल्म या अन्य माध्यम से समाज की छवि को नकारात्मक रूप में प्रस्तुत करना अस्वीकार्य है।हम लोगो को आशंका है कि यदि फिल्म में आपत्तिजनक, भ्रामक या अपमानजनक सामग्री पाई जाती है, तो इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की संभावना है। इसको गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाए।कि फिल्म की सामग्री की जांच कर उचित कार्यवाही की जाए और जब तक जांच पूरी न हो, फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाई जाए।अन्यथा हम लोग बड़े पैमाने प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# फोन पर जान से मारने की धमकी,मुकदमा दर्ज

जौनपुर।जलालपुर क्षेत्र के विशुनपुर मझवारा गांव के एक युवक को आगामी प्रधानी का चुनाव न लड़ने की नसीहत देते हुए सामने वाले ने जान से मारने की धमकी भी दे डाली। विशुनपुर मझवारा गांव निवासी सूरज चौबे ने जलालपुर थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसे बीते शनिवार की रात एक फोन काल आयी और काल में कहा गया कि तुम प्रधानी का चुनाव नही लड़ोगे और गाली देने लगा। विरोध करने पर सूरज सहित पुरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गयी। प्रभारी निरीक्षक गजानन्द चौबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मोबाईल नम्बर के आई डी की जांच की रही है।

# राज्यपाल के संभावित कार्यक्रम को लेकर निरीक्षण

सोनभद्र। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जनपद में संभावित कार्यक्रमों के दृष्टिगत कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी बी.एन. सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने पुलिस लाइन हेलीपैड स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया, श्री सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हेलीपैड की लैंडिंग साइट और आसपास के क्षेत्र को पूरी तरह सुव्यवस्थित रखा जाए।

श्री वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पूरे परिसर का अवलोकन किया और पुलिस लाइन में सुरक्षा घेरे को अभेद्य बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कलेक्ट्रेट व विकास भवन में प्रस्तावित कार्यक्रमों के दृष्टिगत वहां की व्यवस्थाओं, बैठक कक्षों और परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और समय सीमा के भीतर सभी शेष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये है।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अधिकारी शैलेश ठाकुर, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, डी0सी0 मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अंतर्राज्यीय गैंग के 4 चोर किया गिरफ्तार 4 ट्रैक्टर, 3 ट्रॉली व 1 बाइक बरामद

मीरजापुर। जिले के अदलहाट थाना थाना पुलिस को सोमवार को सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व वाहनों की चोरी एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी, बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना अदलहाट पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना अदलहाट पुलिस टीम को मुखबिर के सूचना के आधार पर अदलहाट क्षेत्र के विशेषरपुर माफी हाइवे से चोरी के ट्रैक्टर मय ट्राली के साथ 4 अभियुक्तों रिषू तिवारी पुत्र रमाकान्त तिवारी निवासी भदौली थाना कुदरा जिला कैमूर बिहार, रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू पुत्र लाली तिवारी निवासी अमरपुरा थाना मोहनिया, जिला कैमूर भभूआ बिहार, आशीष कुमार तिवारी उर्फ गोलू पुत्र धनजी तिवारी निवासी अमरपुरा थाना मोहनिया जिला कैमूर भभूआ बिहार व आदित्य पाण्डेय उर्फ पप्पू पाण्डेय पुत्र जय प्रकाश पाण्डेय निवासी करजी थाना जमालपुर जिला मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया बरामद की गई ट्राली में ईंट लदी हुई थी व ट्राली के उपर रखी एक मोटर साइकिल भी बरामद की गयी। जिनकी निशादेही पर थाना अदलहाट क्षेत्र के ग्राम बरईपुर गंगा नदी के किनारे छिपाकर रखें हुए 03 चोरी के ट्रैक्टर को भी थाना अदलहाट पुलिस द्वारा बरामद किया गया। गिरफ्तार चोरों ने पूछताछ में बताया गया कि उन लोगों द्वारा मीरजापुर व आसपास के अन्य जनपदों तथा बिहार के अलग-अलग स्थानों से ट्रैक्टर ट्राली की चोरी करते है। चोरी किये ट्रैक्टर व ट्राली को दाउद नगर, जनपद औरंगाबाद के एक कबाड़ी को बेच देते है, जो इन ट्रैक्टर-ट्रालियों को कटवाकर कबाड़ में बेचकर धन प्राप्त कर लेते है। इस प्रकार प्राप्त धन को आपस में बाट लेते है तथा भौतिक सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते है।

# दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ



दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर स्थित बीआरडी राजकीय पीजी कॉलेज दुद्धी में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुरूआत मंगलवार को हुई। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ सरवन कुमार यादव क्रीड़ा प्रभारी सावित्री बाई फुले राजकीय पीजी कॉलेज चकिया चंदौली, विशिष्ट अतिथि डॉ बालरूप यादव एवं डॉ रमेश स्वपनील शारीरिक शिक्षा विभाग महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ रहे, जिन्होंने सामूहिक रूप मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

क्रीड़ा प्रभारी राजेश भारती द्वारा आए हुए अतिथियों को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से स्वागत किया गया। दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह के पहले दिन विभिन्न दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें 100,200 मीटर सहित अन्य खेल -कूद शामिल रहा। दौड़ में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ध्छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर प्राचार्य डॉ रामसेवक सिंह यादव, डॉ अजय कुमार, डॉ मिथलेश गौतम, डॉ विवेकानंद, डॉ सचिन, डॉ बृजेश यादव, डॉ राकेश कन्नौजिया, डॉ दिनेश चंद, डॉ गीता सहित अन्य मौजूद रहे।

# किसान का बेटा बना डॉक्टर, गांव में खुशी

जौनपुर। धमापुर विकास खंड के कुछमुछ गांव के किसान परिवार में जन्मे एक युवक ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और संघर्ष के बल पर वह मुकाम हासिल किया है, जो हर माता-पिता का सपना होता है। कुछमुछ निवासी वीर बहादुर यादव उर्फ पप्पू वर्षों से खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके बड़े बेटे पुष्पेंद्र यादव ने यह साबित कर दिया कि सपनों की कोई सीमा नहीं होती, बस उन्हें पाने का जज्बा होना चाहिए। पुष्पेंद्र की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सरकारी विद्यालय से हुई। सीमित संसाधनों और साधारण परिस्थितियों के बीच पढ़ाई करते हुए उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से नजर नहीं हटाई। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई जौनपुर के राधिका इंटर कॉलेज से पूरी की। वर्ष 2018 में उन्होंने देश की कठिन परीक्षाओं में से एक नीट उत्तीर्ण कर लिया और देश के प्रतिष्ठित संस्थान किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ में एमबीबीएस में प्रवेश पाया। यह उपलब्धि अपने आप में पूरे गांव के लिए गर्व का क्षण थी। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद पुष्पेंद्र ने जौनपुर मेडिकल कॉलेज में गवर्नमेंट बॉन्ड पर जूनियर रेजिडेंट के रूप में सेवाएं दीं।

# राम भक्ति और संकट निवारण का कांड है सुंदरकांड



जौनपुर। श्री रामलीला मैदान गुड़हाई मुंगराबादशाहपुर में आयोजित पंच दिवसीय श्री हनुमत कथा एवं दिव्य दरबार के तीसरे दिन भगवान श्रीराम और प्रभु हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वीरेश्वर धाम से कानपुर से पधारे कथा वाचक परम-पूज्य पंडित रुद्रेश्वर ने भगवान श्री राम और प्रभु हनुमान जी की जन्म कथा सुनाई और सुंदरकांड के पाठ के पांच प्रमुख लाभों पर वर्णन किया।कथा वाचक रुद्रेश्वर ने कहा कि भगवान श्री राम का जन्म हमें सत्य, न्याय और भक्ति की ओर ले जाने के लिए हुआ है। प्रभु हनुमान जी भगवान श्री राम के परम भक्त थे, और उनकी भक्ति ने उन्हें भगवान के साथ जोड़ दिया था।सुंदरकांड के पाठ के पांच लाभ बताते हुए कहा कि सुंदरकांड संकट निवारण का कांड है, जो राम जी की भक्ति प्रदान करता है, हनुमान जी द्वारा संकट दूर करने की कथा सुनाता है और भक्तों को हनुमान जी के चरित्र से सीखने की सीख देता है।जन्मोत्सव के दौरान महिलाओं ने श्राजा जी खजनवा दे द, रानी जी गहनवां दे द...बधाई व सोहर गीतों पर जमकर भक्ति में झूम उठी। भगवान श्रीराम के रूप में रित्विक गुप्ता व प्रभु हनुमान जी के रूप में अथर्व गुप्ता सजी झांकी पूरे पंडाल में आकर्षण का केंद्र बनी रही। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति व अर्चना शुक्ला ने पहुंचकर भगवान श्रीराम और प्रभु हनुमान जी के रूप में सजे बाल रूप के झांकी का दर्शन पूजन किया। यजमान कपूर क्रांति गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी खुशबू ऊमरवैश्य ने प्रभु हनुमान जी की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया।

# युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

जौनपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के मझगवां खुर्द गांव में एक युवक द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। मृतक की पहचान संजय यादव के रूप में हुई है, जिसने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। घटना से पहले संजय यादव ने एक लाइव वीडियो रिकॉर्ड किया,वारयल भी कर दिया जिसमें



उसने अपने भाई, पत्नी और बेटे पर गंभीर आरोप लगाए। वीडियो में उसने भाई और पत्नी के कथित अवैध संबंधों का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाने की बात कही।परिजनों के अनुसार, गोली चलने की आवाज सुनते ही घर के लोग कमरे की ओर दौड़े। दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे तो संजय को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखकर सभी स्तब्ध रह गए। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा वीडियो की सत्यता और परिस्थितियों की पड़ताल की जा रही है। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक और मातम का माहौल है।

## टीईटी अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों ने किया विरोध

जौनपुर। विकासखंड बक्सा क्षेत्र के अंतर्गत पूरा हेमू विद्यालय में टी ई टी अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों ने किया विरोध।विद्यालय पर काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता को लेकर विरोध प्रकट कर रहे हैं इसी क्रम मे प्राथमिक शिक्षा संघ कोषाध्यक्ष बक्सा श्यामलाल मौर्य, प्रधानाध्यापक राजेश सिंह , विनय यादव सच्चिदानंद , अंजली मोर्य, चंचला देवी, रेखा यादव ने कहा 22 फरवरी 2026 के ट्विटर अभियान के पश्चात 23 फरवरी 26 से 25 फरवरी तक विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन एवं 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन बड़ी संख्या में शिक्षकों के साथ किया जाएगा तथा बीएसए कार्यालय से डीएम कार्यालय तक मार्च कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौपा जाएगा शिक्षकों की मांग है कि 29 जुलाई 2011 के पूर्व नियुक्ति सभी शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा जाए 2017 के अमेंडमेंट बिल का संशोधन कर शिक्षकों की सेवाओं को संरक्षित किया जाए। शिक्षकों ने कहा पूर्व के शिक्षक अपनी तत्कालीन सेवा शर्तों को पूर्ण करते ही नियुक्त किए गए थे स 25 साल सेवा के पश्चात टेट पास करना उनके लिए अव्यावहारिक एवं अन्यायपूर्ण है।

## पुरानी रंजिश में पड़ोसी को मारपीट कर किया घायल

आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के वाकरकोल गांव में सोमवार की देर शाम को पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी ने महिला और उसकी बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। आयशा बानो पत्नी जहीर ने आरोप लगाया कि पड़ोसी उस्मान गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर लाठी, डंडा से हमला कर घायल कर दिया। बेटी सजिया बानो बीच बचाव के लिए पहुंची तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया। गांव के लोगों ने बीच बचाव किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने के आरोपियों को किया गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। थाना मड़िहान पर गत 21 फरवरी 2026 को वादी द्वारा नामजद लोगों के विरूद्ध वादी की नाबालिग बहन को बहला फुसला कर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त महिला सम्बन्धित अपराध की घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी मड़िहान को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मड़िहान पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में त्वरित कार्यवाही करते हुए मंगलवार को उप-निरीक्षक जय प्रकाश यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी विक्की हरिजन पुत्र श्रीराम कुमार निवासी ग्राम शेषकापुरा थाना पड़री जनपद मीरजापुर व 4 बाल अपचारी को अंतर्गत धारा 137(2) बीएनएस में गिरफ्तार, हिरासत में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल, बाल सुधार गृह भेजा गया।

## भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह समेत दो के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू/कुर्की की नोटिस जारी

सोनभद्र। करीब 22 माह पूर्व नवरात्रि देवी जागरण कार्यक्रम के लिए एडवांस बुकिंग के बावजूद भी प्रोग्राम न करने तथा पैसा वापस मांगने पर जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित करने व लड़के को उठवा लेने की धमकी दिए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए न्यायालय में हाजिर न होने पर भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह उर्फ प्रियंका व इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के मालिक विकास कुमार के विरुद्ध गैर जमानती वारंटध्कुर्की की नोटिस जारी किया है। एसपी सोनभद्र को नोटिस का निष्पादन कराकर 14 मार्च 2026 को न्यायालय को कृत कार्यवाही से अवगत कराने का आदेश दिया गया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बहुअरा गांव निवासी राजेंद्र पुत्र रामनरेश ने दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसने नवरात्रि देवी जागरण कार्यक्रम के लिए 18 अप्रैल 2024 को भोजपुरी आर्टिस्ट के संयोजक विकास कुमार को दो लाख रुपये में बुक किया गया था। जिसके लिए एडवांस एक लाख 70 हजार रुपये दे दिया गया था।शेष बकाया के भुगतान की बात कार्यक्रम संपन्न होने पर तय हुई थी। कार्यक्रम में भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह उर्फ प्रियंका को लाने की बात तय हुई थी। उसके लिए होटल में चार कमरे बुक किए गए थे। अंतरा सिंह को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी थी, बावजूद इसके बगैर प्रोग्राम किए ही अंतरा सिंह देर रात चली गई। जिसकी वजह से कार्यक्रम संपन्न नहीं हो सका। इससे करीब पांच लाख रुपये की क्षति हुई है। इस संबंध में पूछताछ करने पर संयोजक विकास कुमार द्वारा जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित किया गया और लड़के को उठवा लेने की भी धमकी दी गई। इस प्रकार से दोनों लोगों ने धोखाधड़ी कर क्षति पहुंचाई है। इसकी सूचना थाने पर दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं कि गई। एसपी सोनभद्र को 31 अगस्त 2024 को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। तब मजबूर होकर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में धोखाधड़ी समेत एससी/एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज कर विवेचक द्वारा विवेचना की गई और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई। कोर्ट में हाजिर न होने पर गैर जमानती वारंट/कुर्की की नोटिस जारी किया गया है। कोर्ट द्वारा एसपी सोनभद्र से नोटिस का निष्पादन कराकर 14 मार्च 2026 को कृत कार्यवाही से अवगत कराने का आदेश दिया गया है।

## भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के गंगहरा कलां गांव में चल रही संगीत मयी श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन मंगलवार को कथा वाचक आचार्य पंडित नारायण प्रसाद चौबे ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं, पूतना उद्धार और कालिया नाग मर्दन का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे नन्हे श्री कृष्ण ने पूतना का बधकर उसे मोक्ष दिया और यमुना में कालिया नाग के अहंकार को नष्ट किया। कथा के दौरान भजनों ने माहौल को भक्ति मय और भाव विभोर बना दिया। आचार्य पंडित नारायण प्रसाद चौबे ने माखन चोरी, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें और मिट्टी खाने का प्रसंग सुनाए जिससे पूरा पंडाल जय श्री कृष्णा के उद्घोष से गूंज उठा। कथा में कथा वाचक ने कहा कि कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना जब विष मिला दूध श्री कृष्ण को पिलाने आई तो भगवान ने बाल रूप में उसका बधकर उसे मोक्ष प्रदान किया। जो प्रभु की करुणा का संदेश देती है। कथा में कथा वाचक ने आगे बताया कि यमुना नदी को विषैला करने वाले कालिया नाग का मर्दन कर भगवान श्री कृष्ण ने ब्रजवासियों को भय मुक्त किया और कालिया नाग को यमुना छोड़कर जाने पर विवश कर दिया। बताया कि बाल लीलाएं जीवन में प्रेम और निश्चलता का संदेश देती है।

संक्षेप

## यातायात पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**देवरिया।** एसपी संजीव सुमन के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी देवरिया गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर कोतवाली क्षेत्र के ई-रिक्शा वाहनों की चेकिंग की गयी, वैध कागजात वाले ई-रिक्शा वाहनों पर नंबरिंग की गयी तथा गोरखपुर रोड, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो, बिना हेलमेट, तीन सवारी एवं वाहन पर स्टंट करने वालों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया ने कुल 142 वाहनों का ई-चालान किया तथा 24 वाहनों को सीज किया।

## पेड़ से टकरायी अनियंत्रित पिकअप, चालक घायल

**डलमऊ, रायबरेली।** जनपद के गदागंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। ऊंचाहार-डलमऊ मार्ग पर अनियंत्रित पिकअप पेड़ से टकरा गई, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे पिकअप संख्या यूपी 77 टी 5198 गदागंज से मतीनगंज की ओर जा रही थी। जैसे ही वाहन लल्ली की चक्की के पास पहुंचा, अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ग्राम मलकनपुर मजरे कजियाना निवासी चालक तौफीक उर्फ पप्पू को गंभीर चोटें आईं। घायल को तत्काल सीएचसी, ऊंचाहार ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

## विद्यार्थियों ने मनायी होली

**रायबरेली।** होली के अवकाश से पूर्व न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में रंगों, उमंग और आपसी सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ होली उत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने पारंपरिक होली गीतों पर आनंदपूर्वक सहभागिता की और यह संकल्प लिया कि वे आपसी मतभेदों, कड़वाहटों और शिकायतों को भुलाकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द की भावना को आगे बढ़ाएंगे।

# स्वर्ण आभायुक्त बुद्ध धातु कलश के साथ भिक्षुओं ने निकाली शोभायात्रा



- बुद्ध का पूजन कर की भारत-थाई संबंधों की मजबूती और विश्व कल्याण की कामना

**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित थाई मॉनेस्ट्री में समारोह के पांचवें दिन स्वर्ण आभायुक्त बुद्ध धातु कलश के साथ थाई मधुर संगीत के बीच भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। धम्म पाठ के साथ बुद्ध का विशेष पूजन अर्चन कर भारत थाई संबंधों की मजबूती और विश्व कल्याण की कामनाओं के साथ आयोजन का समापन हो गया। मंगलवार को थाई बौद्ध धर्म गुरु फ्रा था थेप बोधियोंग के निर्देश और थाई मंदिर के प्रमुख भिक्षु फ्राविडेश्वेरियन ( डॉ. पी सोम पोंग ) की देखरेख में सुबह मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में भिक्षुओं ने बुद्ध का विशेष पूजन अर्चन किया और चीवर चढ़ाया । इसके पश्चात फ्रा बोड़ियोंग, थाइ ट्रस्ट कुशीनारा के अध्यक्ष ननोंगग्रिड अकंचरिनयिंग, थाई राजदूत चनवर्त थामसूट, नरोंग लिट, भंते नंदका, डॉ कितिफान, परविंदर सिंह, राज बंधु खन्ना की अगुआई में रथों पर सवार भिक्षुओं और थाई अतिथियों ने शोभायात्रा निकाली। यात्रा में श्वेत परिधान में थाइलैंड की महिला कलाकार आकर्षक मुद्रा में पारंपरिक नृत्य करते हुए चल रहीं थी। जबकि विद्यालयों की छात्राएं भारतीय भेष भूषा में शामिल रहीं। यात्रा महा परिनिर्वाण मंदिर से बुद्ध मार्ग होते हुए रामाभार स्तूप स्थित मुकुट बंधन चैत्य पहुंचीं जहां थाई बौद्ध धर्मगुरु फ्रा बोधियोग ने कैंडल जलाकर पूजन किया। भिक्षुओं व श्रद्धालुओं ने परिसर में बैठकर बुद्ध की आराधना की। चीफ मॉन्क फ्रा बोड़ियोंग ने बुद्ध के पंचशील के मार्ग पर चलने का आह्वान किया और कहा कि इसी में विश्व का कल्याण है। फ्रा सोम पोंग ने बताया कि शोभायात्रा में तथागत बुद्ध के जिस पवित्र धातु अवशेष को घुमाया जाता है। शोभायात्रा के पूर्व इस पवित्र धातु की पूजा की जाती है। वर्ष 1898 में उस वक्त के गवर्नर कर्नल पेपे ने कपिलवस्तु में खुदाई के दौरान प्राप्त किया था। जिसे थाई राजा पंचम को भेंट किया था। तबसे यह अवशेष थाइलैंड के रॉयल पैलेस में सुरक्षित था। वर्ष 2005 में थाई महाराजा नाइन भूमिबोल अदुल्यदेज की पुत्री राजकुमारी महा चक्री शिरीन धोर्न ने कुशीनगर स्थित चैत्य में स्थापित किया था। आभार फ्रा सों क्रान ने व्यक्त किए। इस दौरान फ्रा पी पविन, फ्रा पी नलोंग, फ्रा पी अनुवत, अंबिकेश त्रिपाठी, ओम प्रकाश कुशवाहा, जितेंद्र राय, नितिन राय, विवेक कुमार गोंड, गौतम शर्मा, सूरज यादव, अमिताभ त्रिपाठी, अमोद कुमार, सहित तीस स्कूलों के छात्र, छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## भटनी रेलवे स्टेशन के विकास को लेकर नगर अध्यक्ष ने रेल मंत्री को भेजे दो प्रस्ताव

**भटनी (देवरिया)।** आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त द्वारा भटनी रेलवे जंक्शन के विकास तथा यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए रेल मंत्री को दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव भेजे गए हैं। नगर अध्यक्ष की ओर से प्रेषित पत्र में एक ओर जहां भटनी रेलवे जंक्शन के पास वंदे भारत ट्रेन के वर्कशॉप की स्थापना की मांग की गई है, वहीं दूसरी ओर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव तथा टिकट काउंटर से टिकट उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। नगर अध्यक्ष द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि भटनी रेलवे जंक्शन लोकसभा क्षेत्र देवरिया सदर के तहत आता है और बिहार की सीमा से सटा होने के कारण यहां से काफी यात्री आवागमन करते हैं। पहले यहां लोकोशेड भी संचालित होता था, लेकिन रेलवे लाइन के विद्युतीकरण के बाद वह बंद हो गया। भटनी जंक्शन पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार के लिए एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, जहां से प्रतिदिन वाराणसी, लखनऊ, कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और रांची जैसे महानगरों के लिए यात्री यात्रा करते हैं।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि छपरा, गोरखपुर और वाराणसी जंक्शन के बीच भटनी रेलवे जंक्शन के आसपास रेलवे के पास काफी खाली भूमि उपलब्ध है। पूर्व में रेलवे विभाग द्वारा यहां वंदे भारत ट्रेन के वर्कशॉप की स्थापना के लिए सर्वे भी किया जा चुका है। ऐसे में यदि भटनी जंक्शन के पास वंदे भारत ट्रेन का वर्कशॉप स्थापित किया जाता है तो रेलवे विभाग के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। नगर अध्यक्ष ने रेलवे से पुनः सर्वे कराकर वर्कशॉप की स्थापना का अनुरोध किया है। साथ ही नगर पंचायत ने जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के भटनी जंक्शन पर ठहराव की मांग भी की है। बताया गया है कि वर्तमान में कुछ प्रमुख ट्रेनों का ठहराव यहां नहीं होने से यात्रियों को लगभग 40 किलोमीटर दूर देवरिया सदर स्टेशन जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। नगर अध्यक्ष ने रेल मंत्रालय से आम्रपाली एक्स., पूर्वांचल एक्स., पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्स., गोदान एक्सप्रेस, रत्नागिरी सुपरफास्ट, गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस, गोमती नगर-कामाख्या एक्सप्रेस तथा बरौनी क्लोन स्पेशल जैसी ट्रेनों के भटनी जंक्शन पर ठहराव तथा टिकट काउंटर से टिकट उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। नगर अध्यक्ष ने उम्मीद जताई है कि रेल मंत्रालय इस जनहित से जुड़े प्रस्ताव पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगा तथा भटनी रेलवे जंक्शन के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

## प्राचार्य ने किया रोजर्स रेंजर्स शिविर का शुभारम्भ



**भटनी (देवरिया)।** रामगुलाम राय पी जी कालेज बनकटाशिव सल्लहपुर भटनी मे आयोजित पाँच दिवसीय रोजर्स रेंजर्स शिविर का शुभारम्भ कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश्वर शाही ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलन एवं रोजर्स रेंजर्स का ध्वाजारोहण कर किया ।बी एड चतुर्थ सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे । प्राचार्य ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षुओं को सेवाभाव अनुशासन नेतृत्व की क्षमता समाजिक उतरदायित्व की भावना को विकसित करने का सशक्त माध्यम है ।इस प्रशिक्षण के माध्यम से अपने जीवन को अनुशासित एवं उपयोगी बनने का आह्वान किया ।इस अवसर पर बी एड विभागाध्यक्ष डॉ मनमोहन सिंह डॉ राहुल बिंह डॉ कविता सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## माटीकला कारीगरों को अनुदान का लाभ : जागरूकता कार्यक्रम में 45 विद्युत चालित चाक वितरित

**देवरिया।** गांधी आश्रम, देवरिया में मंगलवार को उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूलकिट्स वितरण योजना के अंतर्गत माटीकला उद्योग से जुड़े कारीगरों को उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में कुल 45 विद्युत चालित चाक तथा एक पगमिल मशीन माटीकला के कारीगरों को निःशुल्क प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय लक्ष्मी गौतम ( राज्यमंत्री, ग्राम्य विकास विभाग ) ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माटीकला से जुड़े कारीगरों को उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री माटीकला योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को पूंजीगत ऋण पर 25 प्रतिशत मार्जिन मनी ( अनुदान ) राज्य सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों और कारीगरों से अपील की कि वे माटीकला बोर्ड एवं खादी ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर अपना उद्योग स्थापित करें और स्वावलंबी बनें ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अजीत कुमार सिंह ( जिला पंचायत सदस्य ) ने भी उपस्थित महिलाओं एवं लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी देवरिया वीरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत अधिकतम 10 लाख रुपये तक के प्रोजेक्ट का वित्तपोषण बैंकों के माध्यम से कराया जाता है, जिसमें लाभार्थी का 5 प्रतिशत अंशदान तथा शेष 95 प्रतिशत बैंक ऋण के रूप में अनुमन्य होता है। कार्यक्रम में गांधी आश्रम के मंत्री मनोज कुमार तिवारी ने भी लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रेमनारायण राय (प्रबंधक, गांधी आश्रम), योगेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, कौशल कुमार मिश्र, अजय उपाध्याय ( जनप्रतिनिधि, भाजपा ), बालेश्वर प्रसाद सिंह, अजहरुद्दीन अंसारी, राहुल गुप्ता, रजनीश मिश्रा, दिनेश गोड़ सहित मीडिया प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने की जिला सैनिक बन्धु की बैठक




**कुशीनगर।** डीएम के दिशा-निर्देशानुसार मंगलवार को विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 'जिला सैनिक बन्धु' की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों से उनके शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण, पंजीकरण, पेंशन तथा राशन कार्डो से जोड़ी अन्य समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान भूतपूर्व सैनिक श्री रामकेवल, श्री रामवृक्ष गुप्ता और श्री बैजनाथ ने नाले के निर्माण, राशन कार्ड,जमीन की पैमाइश, रास्ते का विवाद,तथा प्रकरण मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष रखे। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को फोन कर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, उन्होंने सैनिकों से अपील की कि वे समाज के सम्मानित सदस्य होने के नाते आम जनमानस को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार यादव, क्षेत्राधिकार सदर विनोद कुमार सिंह, डीसी उद्योग अभय कुमार सुमन, विधिक सेवा प्राधिकरण से अनसुईया सिंह, पूर्व सैनिक कैप्टन लाल बहादुर त्रिपाठी, कैप्टन शमसुद्दीन अंसारी, कैप्टन दयाशंकर पांडे, हवलदार शारदा प्रसाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी व भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत 80 जोड़ों का विवाह, चार मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी संपन्न



**देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद में मंगलवार को खंड विकास अधिकारी रुद्रपुर के कार्यालय परिसर में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 80 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें 76 हिंदू जोड़ों का विवाह तथा 4 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयप्रकाश निषाद (विधायक, रुद्रपुर) उपस्थित रहे। उनके साथ उपायुक्त मनरेगा देवरिया, एसडीएम रुद्रपुर, ब्लॉक प्रमुख रुद्रपुर, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी देवरिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी व बीडीओ रुद्रपुर रामसुधारे पासवान सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जय बहादुर गौतम, कौशल किशोर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री रमाशंकर निषाद, तहसीलदार रुद्रपुर चन्द्रशेखर वर्मा, सुलह अधिकारी फणिन्द्र नाथ पाण्डेय, भाजपा नेता सुनिल निषाद, मंडल अध्यक्ष ऋषि कुमार सिंह, भूमि विकास चेयरमैन उदयभान सिंह तथा समाजसेवी विजय बहादुर गौतम सहित शहर के कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विधायक जयप्रकाश निषाद ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की और अपनी ओर से सभी जोड़ों को शॉल भेंट किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी नवदम्पतियों को शुभकामनाएं दीं। समाज कल्याण विभाग के अनुसार, योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रु.खर्च करने का प्रावधान है। इसमें से 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, 25 हजार रु.की उपहार सामग्री दी जाती है तथा 15 हजार रु.आयोजन पर व्यय किए जाते हैं। समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय ने बताया है कि अगला सामूहिक विवाह समारोह 26 फरवरी 2026 को राजकीय आईटीआई / केंद्रीय विद्यालय परिसर, देवरिया में आयोजित किया जाएगा।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया राजकीय बाल गृह देवरिया का औचक निरीक्षण

**देवरिया ।** आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / सिविल जज सी0डी0 श्रीमती शैलजा मिश्रा देवरिया द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को पौष्टिक भोजन व स्वास्थ हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जॉच व बच्चों को नियमित व्यायाम कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। न्यायाधीश द्वारा राजकीय बाल गृह के परिसर, भण्डार कक्ष की साफ-सफाई तथा सुरक्षा हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया गया।

## कमिश्नर-डीआईजी ने त्योहारों के पूर्व की समीक्षा बैठक




**देवरिया।** आगामी त्यौहार होली एवं पवित्र रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन स्थित सभागार में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनिल ढींगरा, आयुक्त गोरखपुर एस. चनप्पा, पुलिस उप महानिरीक्षक, गोरखपुर परिक्षेत्र द्वारा संयुक्त रूप से की गई ।बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि होली एवं रमजान के दौरान सभी संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। त्योहारों के मद्देनजर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती, नियमित गश्त, ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

आयुक्त ने कहा कि त्योहारों का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करना है। अतः सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ संवाद बनाए रखें। पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय ने निर्देशित किया कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर स्थिति का सतत निरीक्षण करें।

इस अवसर पर डीएम देवरिया, पुलिस अधीक्षक देवरिया सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का प्रभावी एवं समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया ।प्रशासन की आमजन से अपील है कि वे त्योहारों को शांति, सौहार्द एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## जेईई मेंस के टॉपर्स को किया गया सम्मानित




**कुशीनगर।** आईआईटी, जेईई मेंस 2026 फेज वन में सफल मेधावियों को नगर के पड़रौना मार्ग स्थित रेडिएंट क्लासेस के परिसर में माल्यार्पण कर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया रेडियंट क्लासेज ने अपनी स्थापना के पहले वर्ष में ही जनपद में इतिहास रच दिया है।

संस्थान में अध्ययनरत गोलू कुमार 99.10 परसेंटाइल के साथ जनपद के प्रथम और शमी अहमद ने 98 परसेंटाइल के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि सीबीएसई कक्षा 12 की छात्रा प्रगति गुप्ता ने भी जेईई मेन्स में 90 परसेंटाइल लाकर अपनी मेधा का परचम लहराया है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रबंध निदेशक निसार अहमद ने परीक्षा में सफल मेधावियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्किल विकास, नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ ईमानदारी से कड़ी मेहनत से ही किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। रेडिएंट क्लासेज संकल्पित रूप से विद्यार्थियों को भविष्य का नागरिक बनने के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण प्रदान कर रहा है। पूरी तैयारी और मेधा के निखार पर पूरा ध्यान है ताकि सफल अभ्यर्थियों का टॉप रैंक के आईआईटी एवं मेडिकल कॉलेजों में दाखिला दिलाया जा सके। जिससे बुद्ध स्थली और कुशीनगर का नाम दुनिया में रौशन होगा। अतिथियों का स्वागत गौतम बुद्ध आईटीआई के प्राचार्य रविंद्र यादव ने किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मजीबुल्लाह राही जी ने किया। इस अवसर पर अलशिफा हॉस्पिटल के डॉ. अब्दुस समद, डॉ. अमीम आरा, वत्स कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर मनोज कुमार कुशवाहा, प्रज्ञा हॉस्पिटल के डायरेक्टर रत्नेश सिंह एवं संस्थान के शिक्षकों और छात्र - छात्राओं ने सफल मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## एसपी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए थाना खुखुन्दू के पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया



**देवरिया ।** एसपी संजीव सुमन द्वारा थाना खुखुन्दू में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में थानाध्यक्ष खुखुन्दू दिनेश कुमार मिश्र को विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं कराने हेतु विशेष रूप से प्रशंसित किया गया। उनके द्वारा लंबित प्रकरणों का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है। इसके अतिरिक्त आरक्षी ना0पु0 वेद प्रकाश यादव थाना खुखुन्दू को आई.जी.आर.एस. से संबंधित प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उनके प्रयासों से जनशिकायतों के समाधान में पारदर्शिता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हुई है, जिसके फलस्वरूप माह जनवरी 2026 में आई.जी.आर.एस. संदर्भों के निस्तारण में प्रदेश में जनपद को प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है। साथ ही महिला आरक्षी ना0पु0 दीक्षा शुक्ला थाना खुखुन्दू को मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिला उत्थान के क्षेत्र में कड़ी मेहनत, अथक परिश्रम, लगन एवं निष्ठा से कार्य करने पर सम्मानित किया गया। उनके योगदान से महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण संबंधी कार्यक्रमों को प्रभावी गति मिली है। एसपी ने सभी सम्मानित अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए अन्य पुलिसकर्मियों को भी कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया

## नलकूप के बोरिंग कार्य का शुभारम्भ

**डलमऊ, रायबरेली।** नगर पंचायत डलमऊ क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को मो० चैहट्टा में बड़े नलकूप के बोरिंग कार्य का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत डलमऊ के अध्यक्ष पं० बृजेश दत्त गौड़ ने विधिवत शुभारम्भ किया। ज्ञात हो कि तहसील के निकट स्थित अम्बेडकर पार्क परिसर में लगा पुराना नलकूप का बोर नष्ट हो जाने के कारण नगर क्षेत्र में समुचित पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही थी। इसके चलते नगरवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जल व्यवस्था सुदृढ़ करना आवश्यक हो गया था। अध्यक्ष श्री गौड़ द्वारा इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री से अनुरोध किया गया था। शासन से अनुमति प्राप्त होने के उपरांत नये बड़े नलकूप के बोरिंग कार्य की शुरूआत कराई गई। इस मौके पर अध्यक्ष श्री गौड़ ने कहा कि नगर के विकास एवं जनसमस्याओं के निराकरण के लिए वह सरकार की मंशानुसार निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी की शुरूआत से पहले नये नलकूप का कार्य प्रारम्भ होना नगरवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा ।कार्यक्रम में सभासद प्रतिनिधि फिरोज अहमद, राहुल यादव, जीतेन्द्र सोनकर, रौनक जायसवाल, पूर्व सभासद दीपू जायसवाल, परवेज खान, लिपिक शोहराब अली, कामरान हुसैन, रवी पाल, आशीष श्रीवास्तव, शुभम दुबे सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## माता-पिता के आशीर्वाद से बढ़कर कुछ नहीं: डॉ. संतराज



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल ने 'बदलते नैतिक और सामाजिक मूल्य के संदर्भ में परिवार की भूमिका' विषय पर बोलते हुए कहा कि मै भाग्यशाली हूं कि मुझे अपने माता-पिता के साथ रहने का अवसर मिला है। हमारे अभिभावक वह धन है जिसे किसी भी सांसारिक धन से नहीं खरीदा जा सकता है। मै आज जो कुछ भी हूँ अपने माता - पिता से प्राप्त संस्कारों की देन है। आपका सुझाव था कि समय बदल रहा है लेकिन सोशल मीडिया के दौर में भी समय निकालकर अपने माता पिता के साथ बैठिए। अभी उनके पास जो अनुभव है उसे किसी भी पुस्तकालय से नहीं सीखा जा सकता है ।आप जब भी अपने माता पिता के पास बैठे पुत्र बनकर बैठे न कि अधिकारी या अन्य किसी अन्यभाव के साथ बैठे। इस संसार में माता पिता के आशीर्वाद से बढ़कर कुछ भी नहीं है। माता- पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद हो तो संसार में कुछ भी असंभव नहीं है। आप मेहनत के बल पर जो चाहे वह बन सकते हैं। इस दुनिया में तीन ही लोग है जो यह चाहते हैं कि आप उनसे बेहतर करे। वह हैं- माता, पिता और गुरु। सोशल मीडिया के गुण को ग्रहण करें अवगुण को नहीं। आपने बताया कि दुनिया में आज तक कोई ऐसा नहीं हुआ जो अपने माता पिता का नाम रोशन करना चाहे और असफल हुआ हो। हमे अपने परिवार में अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं पर चर्चा की बजाय अपने पारिवारिक समस्याओं और जरूरतों पर चर्चा करनी चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि मूल्यों के विरेचन के संदर्भ में परिवार की भूमिका पर चर्चा करनी पड़ रही है तो हमें यह समझ जाना चाहिए कि हम मूल्यों में गिरावट के दौर में जी रहे हैं। आपने सहारा श्री के जीवन के संस्मरण सुनाते हुए बताया कि परिवार की भूमिका हमारे जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है। आपने समाज की कई कहानियां सुनाकर स्वयंसेवकों को पारिवारिक मूल्यों के महत्व से परिचित कराया। आज भाइयों में एक एक इंच जमीन का बंटवारा हो रहा है। आज हम चांद पर पहुंच गए हैं सोशल मीडिया के माध्यम से देश और दुनिया से जुड़ रहे हैं किंतु सगे भाई और बहन से बोलचाल बंद है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. वीरेंद्र कुमार साहू ने कोहलर की नैतिक विकास सिद्धांत करते हुए बताया कि नैतिकता और मूल्यों के विकास परिवार के वातावरण से सीधे प्रभावित होते हैं। उम्र के अनुसार भी परिपक्वता के कारण नैतिक विकास होता रहता है। समाज में मूल्यों की स्थापना की सीख परिवार से ही मिलती है। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व स्वयंसेवक कृष्ण कुमार तिवारी ने आपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सामाजिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम भाग लेकर ही मिली।

## बदमाशों ने उड़ाये 25 लाख के सोने-चांदी के जेवरात

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के धन्नीपुर गांव में सुखेंद्र बहादुर सिंह के घर धावा बोलकर बदमाशों ने करीब 25 लाख रुपए का माल पार कर दिया है। चोरी गए सामान में सोने चांदी के जेवरात शामिल है। सुखेंद्र सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर करीब 25 से 30 लाख रुपये का सोने चांदी का माल पार कर दिया है । चोरी की घटना से गांव में हड़कंप व्याप्त है ।घर के मुखिया सुखेंद्र सिंह ने बताया कि वह पत्नी के साथ नीचे घर में सो रहे थे। घर की पहली मंजिल पर उनकी बहू साधना सिंह का कमरा है। साधना सिंह लखीमपुर खीरी में सरकारी अध्यापक हैं। उनके सारे जेवर कमरे में ही अलमारी में बंद थे। उसी कमरे में चोरी की वारदात हुईहै ।इस समय वह लखीमपुर खीरी में ही है। सुखेंद्र सिंह का कहना है कि बदमाश पहले छत पर चढ़े और बाद में जीने के पास बनी खिड़की की सरिया तोड़कर कमरे में घुस आए और कमरे में बंद ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि बहू का सारा जेवरात कमरे के अंदर अलमारी में था ।चोरों ने अलमारी को तोड़कर सारा माल पार कर दिया। चोरी गए माल में सोने की चेन, अंगूठी, मंगलसूत्र, मांग वेदी सहित अन्य कई प्रकार के जेवरात हैं। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और चोरी की घटना का मौका मुआयना किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जा सके।

संक्षेप

## मारपीट की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई

पाटन, उन्नाव। खेत से जबरिया पानी निकालने को लेकर महिला से मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांति भंग की कानूनी कार्यवाही की है। बारासगवर थाना क्षेत्र के ग्राम भरोसे का पुरवा की मालती पत्नी इंद्रपाल के खेत से गांव का ही केसन पाल निषाद पुत्र बाबूलाल बोई हुई फसल से जबरिया पानी निकाल रहा था मालती ने जब पानी निकालने से मना किया तो वह गाली गलौज करने लगा और मारा पीटा। मारपीट की इस घटना में महिला को गंभीर चोटें आई हैं, घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी किशन पाल को शांति भंग की धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है।

## गृह कलह से ऊबकर महिला ने आग लगाई

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव ठकठैया नेवादा निवासिनी एक महिला ने गृह कलह से ऊब कर घर में आग लगा ली जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गई जिसे परिजन अस्पताल ले गए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गांव निवासी रजय पाल की लगभग अट्ठाइस वर्षीय पत्नी ममता ने घरेलू विवादों के चलते घर में रखे बंगले में मंगलवार को शरीर में आग लगा ली। आग जलती देख पति व अन्य परिजन बचाने दौड़े लेकिन जब तक बचाते महिला गम्भीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे सी एच सी ले गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न

इटावा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत शासन के निदेशानुसार जिला महिला चिकित्सालय, इटावा में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम रजत सिंह जैन, जिला एंव सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नवजात कन्यायाओं का जन्म केक काटकर मनाया जिसके बाद जनपद न्यायाधीश के करकमलों द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में 19 नवजात कन्याओं को बेबी किट व उनके जन्मप्रमाण पत्र तथा धात्री माताओं बबली कुमारी, सोनी, स्नेहप्रभा, प्रभा देवी, नेहा, रजनी प्रजापति आदि को ड्राईफ्रूट भेट कर सम्मानित किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा नवजात कन्याओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उन्हे शुभ आशीर्वाद प्रदान दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा नवजात कन्याओं की माताओं एवं उनके परिवारीजनों को सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया तथा विभागीय योजनाओं के पेम्पलेट आदि का वितरण कराये गये। इस अवसर पर विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला, डॉ. यशिमता सिंह, जिला प्रोबेशन कार्यालय का समस्त स्टाफ एवं जिला महिला चिकित्सालय का समस्त स्टाफ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता का शिक्षकों ने किया विरोध



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा के आह्वान पर संगठन के प्रांतीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय के निर्देश के अनुपालन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सुमेरपुर की ब्लॉक कार्यकारिणी एवम संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीआरसी में सम्पन्न हुई।

ब्लॉक भर के शिक्षक विद्यालय उपरांत भारत सरकार के काले कानून और टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर बैठक में सहभागिता की। शिक्षकों ने इसे प्रतीकात्मक विरोध बताते हुए तीन दिवसीय अभियान की शुरुआत बताया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ब्लॉक के समस्त शिक्षक 26 फरवरी, बृहस्पतिवार को दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक बीएसए कार्यालय, उन्नाव पर एकत्र होकर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ पढ़ाने वाला कर्मचारी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने 1 सितंबर 2025 के आदेश को शिक्षकों के सम्मान और अस्तित्व पर सीधा प्रहार बताते हुए कहा कि इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी ने स्वीकार किया है कि 2017 का ल्प अमेंडमेंट त्रुटिपूर्ण है, जिसे सुधारा जाएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इसके खिलाफ देशभर के 16 राज्यों के शिक्षक संगठन टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले एकजुट होकर इस मुद्दे पर संघर्षरत हैं।

इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह, मंत्री बसंत कुमार मिश्रा, ब्लॉक मंत्री वरुण मिश्रा, रामकुमार, कोषाध्यक्ष रामकुमार, मंत्री वरुण कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष मणिशंकर तिवारी, राम मोहन यादव, स्वतंत्र बहादुर सिंह, अरुणेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री अखण्ड प्रताप सिंह, प्रचार मंत्री इन्शाद अली, प्रचार मंत्री श्वेता सिंह, उपाध्यक्ष गौरव सिंह, न्याय पंचायत प्रभारी मनमोहन सिंह, रविशंकर पाण्डेय, राजेन्द्र प्रताप, अशोक कुमार, संगठन मंत्री राजेश कुमार, सुमित कुमार, रमेश चन्द्र, अमित कुमार, राहुल कुमार कुशवाहा, अमित कुमार, बृजेश कुमार सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, अजय कुमार सिंह, सर्वेश प्रताप, दिनेश कुमार, कंचन कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी विक्रांत सिंह व अंकुर शुक्ला समेत कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## विधायक ने सड़क चौड़ीकरण का किया भूमि पूजन

अमेठी। जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण सड़क परियोजना की सौगात मिली है। विधायक सुरेश पासी महोना से जैनबगंज, किशनी होते हुए दूधाधारी संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। इस परियोजना की अनुमानित लागत 18 करोड़ 56 लाख रुपये है।

यह परियोजना चेनेज 5.000 किलोमीटर से 14.400 किलोमीटर तक कुल 9.400 किलोमीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण करेगी। इस कार्य पर 1856.49 लाख रुपये (लगभग 18.56 करोड़ रुपये) खर्च होंगे, जिससे क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और व्यापार में वृद्धि की उम्मीद है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिशाषी अभियंता रमेशचंद्र (निर्माण खंड अमेठी), सहायक अभियंता विनोद कुमार गौतम और अवर अभियंता रविंद्र प्रताप सहित अन्य सहायक अभियंता सहयोग करने की बात कही। प्रधानसंघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि जगदीशपुर विधानसभा एक विकासशील क्षेत्र के रूप में जानी जाती है। उन्होंने बताया कि विधायक सुरेश पासी जनता से सीधे संवाद करते हैं और उनसे मिलने के लिए किसी दलाल की आवश्यकता नहीं होती। विधायक हर शनिवार को थाना दिवस या तहसील समाधान दिवस में मौजूद रहते हैं और जनसुनवाई करते हैं इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी शुक्रवार को अपने कमरौली आवास पर 'जनता दर्शन' के माध्यम से भी जनसुनवाई करते हैं, जिससे विधानसभा की जनता को अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान मिलता है। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में ग्राम ग्राम प्रधान सोनू किशनी, ग्राम प्रधान रविंद्र प्रताप सिंह शिवली जिला पंचायत सदस्य मोतीन कुरैशी, और ठेकेदार अमित प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## विधान परिषद में उठा ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाने का मुद्दा, 25 लाख करने की मांग

उन्नाव (वीओएल)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नियम-115 के अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक एवं परिषदीय विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों की ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाने का मुद्दा उठाया गया। सदस्य विधान परिषद राजबहादुर सिंह चन्देल ने प्रमुख सचिव, विधान परिषद को प्रेषित सूचना में शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि उ0प्र0 वेतन समिति-2018 की संस्तुतियों तथा शासनादेश 23 दिसंबर 2016 के अनुसार महंगाई भत्ते की दर 50 प्रतिशत होने पर ग्रेच्युटी सीमा में 25 प्रतिशत वृद्धि का प्रावधान है। उन्होंने उल्लेख किया कि वित्त सामान्य अनुभाग-3 के शासनादेश दिनांक 02 जुलाई 2024 के तहत राज्य कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत होने पर 01 जनवरी 2024 अथवा उसके बाद सेवानिवृत्त होने वालों के लिए ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 25 लाख रुपये निर्धारित कर दी गई है। इसके बावजूद अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक व परिषदीय विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बढ़ी हुई ग्रेच्युटी व मृत्यु ग्रेच्युटी का लाभ अब तक नहीं मिल सका है, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। सदस्य ने लोकमहत्व के इस विषय पर शासन से मांग की है कि संबंधित शिक्षकों व कर्मचारियों की ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये किए जाने का आदेश शीघ्र जारी किया जाए।

## ब्लॉक में चयन वेतनमान लंबित, शिक्षकों में नाराजगी

उन्नाव। फतेहपुर चैरासी ब्लॉक अंतर्गत कुछ शिक्षकों का चयन वेतनमान अब तक लागू नहीं हो सका है, जिससे संबंधित शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। जबकि उच्च अधिकारी स्तर से प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही जा रही है, जिला स्तर पर कथित शिथिलता के चलते मामला लंबित बना हुआ है। जानकारी के अनुसार संबंधित विद्यालय के अधिकांश शिक्षकों का चयन वेतनमान पहले ही स्वीकृत हो चुका है, किंतु कुछ शिक्षकों के प्रकरण अभी भी लंबित हैं। शिक्षकों का कहना है कि आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बावजूद फाइलों का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। स्थानीय अधिकारियों पर हिलहवाली का आरोप लगाते हुए शिक्षकों ने मांग की है कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर चयन वेतनमान लागू कराया जाए, ताकि उन्हें वित्तीय लाभ मिल सके।

## 7 माह से वेतन न मिलने पर आउटसोर्सिंग एमआईएस कर्मचारियों ने डीएम से लगाई गुहार

उन्नाव। जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग ब्लॉक एमआईएस एवं क्वालिटी एमआईएस कर्मचारियों ने बीते सात माह से वेतन न मिलने पर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर भुगतान की मांग की है। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर कार्यरत 06 एमआईएस एवं 01 क्वालिटी एमआईएस कर्मचारियों को अगस्त 2025 से अब तक वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संपर्क करने के बावजूद केवल आश्वासन दिया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। कर्मचारियों ने बताया कि दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार पर भी वेतन न मिलने से आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अब होली जैसे बड़े त्योहार से पूर्व भी वेतन लंबित होने से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। प्रार्थना पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया है कि मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए सात माह के बकाया वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। पत्र देने वालों में अमरेंद्र सिंह, आलोक कुमार, विजय प्रताप सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

## बीएसए की कार्यशैली पर पत्रकारों की बैठक, सुधार न होने पर शिकायत

उन्नाव। जनपद में पत्रकारों ने बेसिक शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर एक चर्चा बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार मनीष तिवारी ने की। इस दौरान पत्रकारों ने शैलेश पाण्डेय (बीएसए) की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए नाराजगी व्यक्त की। अध्यक्षता कर रहे मनीष तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में बीएसए की कार्यशैली संतोषजनक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जवाबदेही से बचने के लिए बीएसए पत्रकारों से मिलने में परहेज करते हैं, जो शिक्षा हित में उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं तथा जनसमस्याओं और सरकारी योजनाओं को उचित मंच तक पहुंचाने का दायित्व निभाते हैं। पत्रकार रज्जन तिवारी ने भी बीएसए की कार्यशैली की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही कार्यप्रणाली और व्यवहार में सुधार नहीं हुआ तो जनहित को ध्यान में रखते हुए इसकी लिखित शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से रमाशंकर तिवारी, श्रीपाल, गौरी शंकर सिंह सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

## त्योहार को लेकर बैठक

मुसाफिरखाना अमेठी ।आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना परिसर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर सुझाव लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। होली रमजान व ईद पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने लोगों से त्यौहारों को मिलजुल कर मनाने की अपील की ।उन्होंने कहा त्यौहार भारतीय संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं ।सभी धर्मो के त्योहार व रीति रिवाज सामाजिक समरसता व भाईचारे की भावना को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण रही है ।उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था सर्वोपरि है जिसका अनुपालन सबको अनिवार्य रूप से करना है ।कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

# सड़क सुरक्षा पर जिला स्तरीय समिति की बैठक



फतेहपुर। जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों के कड़ाई से पालन और जागरूकता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। पिछली बैठक के निर्देशों की समीक्षामुख्य विकास अधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि सड़क सुरक्षा के हर पहलू पर अमल हो सके। विशेष रूप से स्कूली वाहनों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र के किसी भी स्कूली वाहन का संचालन किसी भी दशा में न होने पाए। पुलिस विभाग और एआरटीओ को इसकी सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।दुर्घटना प्रभावित चालकों पर सख्तीश्री मीना ने एआरटीओ को निर्देश दिए कि गंभीर दुर्घटनाओं में शामिल वाहन चालकों, खासकर जहां चालक की लापरवाही से किसी की मौत हो गई हो, उन पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस का निरस्तीकरण सुनिश्चित करें। इसकी विस्तृत रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाए। साथ ही, पुलिस विभाग से अपील की कि दुर्घटना जांच रिपोर्ट समय पर एआरटीओ को उपलब्ध कराई जाए। बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया तेज की जाए।नाबालिग चालकों के खिलाफ अभियाननाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने विशेष अभियान चलाने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अभियान के साथ ही विभिन्न माध्यमों जैसे सोशल मीडिया, रेडियो, पोस्टर और स्कूलों में प्रचार-प्रसार भी अनिवार्य किया गया, ताकि अभिभावक और युवा जागरूक हों। स्वास्थ्य सुविधाओं की जांचमुख्य चिकित्सा अधिकारी को नेशनल और स्टेट हाइवे के किनारे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध मानव संसाधन, उपकरणों और आपातकालीन सुविधाओं की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। इससे दुर्घटना प्रभावितों को त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित होगी।सड़क सुरक्षा उपायों का शीघ्र कार्यान्वयनसमिति सदस्यों और पुलिस विभाग से प्राप्त सुझावों पर अमल करते हुए रंबल स्ट्रिप्स, स्पीड ब्रेकर, व्हाइट पट्टी पेंटिंग जैसे सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए। संबंधित कार्यदाई संस्थाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई।पुलिस और परिवहन विभाग को संवेदनशीलता के साथ निरंतर प्रवर्तन कार्य करने को कहा गया। वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग और नियमों का पालन करने के लिए लगातार जागरूक किया जाए। बैठक में उपस्थितजनबैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उप संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, टीएसआई यातायात, एनएचआई प्रतिनिधि, समिति सदस्य अशोक तपस्वी, प्रदीप गर्ग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 47 किसान प्रशिक्षण के लिए रवाना

जिला संवाददाता(vol)

अमेठी। सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन टेक्नोलॉजी आत्मा 25-26 योजना के अंतर्गत जनपद अमेठी के 47 प्रगतिशील किसानों को राज्य से बाहर प्रशिक्षण हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, मेला ग्राउंड पूसा, नई दिल्ली भेजा गया। किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रशिक्षण हेतु जा रहे किसानों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवाना करने से पूर्व जिलाधिकारी ने किसान बंधुओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों एवं नवीन शोध आधारित विधियों से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

उन्होंने किसानों से अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव को अपने-अपने क्षेत्रों में लागू कर अन्य किसानों को भी जागरूक करें, जिससे जनपद में कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक तकनीक, फसल विविधीकरण, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती एवं मूल्य संवर्धन जैसी गतिविधियों को अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को प्रेरित किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों से अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें तथा नवाचार को अपनाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों को उन्नत बीज उत्पादन, कीट एवं रोग प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, कृषि यंत्रीकरण तथा कृषि से संबंधित नवीन शोध एवं तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही किसानों को विभिन्न कृषि प्रदर्शनों एवं मॉडल परियोजनाओं का अवलोकन भी कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रशिक्षण हेतु रवाना हुए किसानों ने शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे इस अवसर के लिए आभार व्यक्त किया तथा प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को जनपद के अन्य किसानों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## करदाता व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस दिए जायें

इटावा। करदाता व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर दिए जाएं उक्त मांग उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने नगर इकाई की फ्रेंड्स कॉलोनी में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहे उन्होंने आगे कहा कि संपूर्ण भारत में छोटे बड़े सात करोड़ व्यापारी कार्यरत हैं उनकी दुकान पर काम करने वाले 7 करोड़ कर्मचारी कल 14 करोड लोग प्रति परिवार पांच सदस्यों के हिसाब से 70 करोड लोगों को रोजी-रोटी देने का महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं ग्राम सभा एवं नगर पंचायत से लेकर देश एवं प्रदेश को अरबो रुपए का प्रतिवर्ष कर भुगतान करते हैं जिस देश की सभी योजनाएं चल रही हैं। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. एके शर्मा, जिलावरिष्ठ महामंत्री हरिगोपाल शुक्ला, जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे, युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, भरथना अध्यक्ष प्रदीप पोरवाल रंजन, जिलाउपाध्यक्ष राजीव पाल, युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप ने की संचालन युवा जिला महामंत्री राघव यादव ने किया। बैठक में जिला संगठनमंत्री अवधेश दुबे, शहर महामंत्री विवेक गुप्ता, शहर कोषाध्यक्ष दीपचंद जैन, युवा जिलाउपाध्यक्ष सुनील यादव, अंकुर शाक्य, युवा शहरमहामंत्री अनिल कुमार यादव, युवा शहर कोषाध्यक्ष गोविंद कृष्णा भदोरिया, युवा शहर उपाध्यक्ष अमित दुबे, अश्वनी दुबे, सचिन कुमार, पीयूष वर्मा, राहुल चैहान, अरुण यादव उपस्थित रहे।

## हत्या का वांछित अभियुक्त मय आलाकत्ल गिरफ्तार



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आलाकत्ल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक उन्नाव व अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी पुरवा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 24 फरवरी 2026 को वांछित अभियुक्त लाखन सिंह 70 वर्ष पुत्र स्व. बचान सिंह, निवासी मोहल्ला कस्टोलवा, कस्बा व थाना पुरवा को ग्राम तुसरौर से कौआगढ़ी जाने वाले मार्ग से शाम करीब 4:05 बजे गिरफ्तार किया गया। विगत 20 फरवरी को ग्राम भूपतिपुर निवासी रेनू पत्नी राजकुमार ने अपने ससुर शिवपाल (65 वर्ष) के 7 फरवरी से लापता होने की सूचना थाना पुरवा में दी थी। जहां 22 फरवरी को ग्राम असेहरू स्थित अरहर के खेत में एक शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान परिजनों ने शिवपाल के रूप में की। पोस्टमार्टम के बाद वादी बबलू कुमार की तहरीर पर थाना पुरवा मे बी एन एस की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम असेहरू के एक खेत में बनी झोपड़ी से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी तथा एक बसूला बरामद किया गया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# रामपुर गढ़ौवा और इछौली के बच्चों ने बनाया हर्बल गुलाल

जिला संवाददाता



उन्नाव (वीओएल)। इस बार होली के रंग बाजार से नहीं, बल्कि प्रयोगशाला से निकल रहे हैं। औरास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा और बिछिया के इछौली विद्यालय की एलबीडी (स्मंतदपदह इल क्वपदह) प्रयोगशालाओं में बच्चों ने विज्ञान को उत्सव से जोड़ते हुए हर्बल गुलाल तैयार किया। प्रयोगशाला में गेंदा की खुशबू, चुकंदर की लालिमा और हरी पत्तियों की ताजगी ने पूरे परिसर को रंगमय कर दिया। रामपुर में बच्चों और शिक्षिका शाहे खुबा तथा इछौली में हरिओम प्रताप सिंह और अंजना मिश्र ने बच्चों संग एप्रन और कैप पहनकर पूरी वैज्ञानिक पद्धति से प्राकृतिक रंग तैयार किए। गेंदा, चुकंदर, पालक व अन्य पत्तेदार सब्जियों को बारीक काटकर उबालने के बाद उनका गाढ़ा अर्क निकाला गया। फिर उसे कॉर्न स्टार्च में मिलाकर सुखाया गया। तैयार हुआ मुलायम, त्वचा के लिए सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल गुलाल। पीले, गुलाबी, नारंगी और हरे रंग की सजी थालियां बच्चों की मेहनत और वैज्ञानिक समझ का सजीव उदाहरण बनीं।

### आत्मनिर्भर भारत का संदेश दे रहे हर्बल गुलाल

कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं ने न केवल रंग तैयार किए, बल्कि उन्हें पैक कर बाजार में उतारने की रणनीति भी बनाई। पारदर्शी पैकेटों में सलीके से भरा गया गुलाल यह संदेश दे रहा था कि गांव के बच्चे भी आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में पीछे नहीं हैं। शिक्षकों प्रदीप वर्मा, शाहे खुबा, रमनजीत, शशि देवी और अंजना मिश्र ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए स्वयं चार-चार पैकेट खरीदकर पहल की। विद्यालय परिसर में तैयार रंगों की प्रदर्शनी ने अभिभावकों और ग्रामीणों को भी आकर्षित किया।

### प्राकृतिक गुलाल सुरक्षित होने के साथ ही पर्यावरण के लिए बेहतर

रामपुर गढ़ौवा में शिक्षक प्रदीप वर्मा तथा इछौली में हरिओम के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि में उपासना, खुशी, समरीन, दीपाली, कोमल, जाह्नवी, राधा, अनामिका, वैशाली और गुड़िया सहित कई बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बच्चों ने बताया कि बाजार में मिलने वाले रासायनिक रंगों की जगह प्राकृतिक गुलाल न केवल सुरक्षित है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी बेहतर है। विद्यालय परिवार का कहना है कि ह्यलर्निंग बाई डूइंगह्न की यह पहल बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, उद्यमिता कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी का समन्वय करती है। प्रयोग, पैकेजिंग और विपणन की प्रक्रिया से गुजरते हुए बच्चों ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा जब अनुभव से जुड़ती है तो उसका प्रभाव कहीं अधिक गहरा और स्थायी होता है।

# होली पर्व को लेकर डीएम ने पीस कमेटी की बैठक की

जिला संवाददाता(vol)




उन्नाव (वीओएल)। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में होलिका दहन एवं होलिका पर्व के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी गण से क्षेत्र में निकलने वाले जुलूस होलिका दहन स्थल पीस कमेटी की बैठक आदि विन्दूओं पर जानकारी हासिल कर पर्व को सकुशल शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि कोई नई परंपरा न डाली जाए, होली पर्व में बाधा डालने वाले वाले अराजक तत्वों से कड़ाई से निपटा जाए।

उपजिलाधिकारी गण द्वारा पर्व पर दी जाने वाली आवश्यक परमीशन समय से दे दिया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों साफ सफाई के बेहतर इन्तजाम हों पहले से इसको दिखवा लिया जाए। अधीक्षण अभियंता विद्युत द्वारा टूटे जर्जर लटके हुए तारों को ठीक करा दिया जाय, एक कट्रोल रूम बनाकर उसका नंबर प्रकाशित करा दिया जाए। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति में कोई दिक्तन न हो ऑपरेटर का नंबर पम्प में चस्पा कर दिया जाए। शराब के भंडारण व गलत बिक्री पर अभियान चलाकर कार्यवाही किया जाए। कहा कि फायर की गाड़ियां सक्रिय रूप से कार्य करें। कहा कोई नई परंपरा न डाली जाए। डीजे बिना परमिशन के न बजें। कउ और बव निरंतर भ्रमणशील रहकर पर्व को सकुशल सम्पन्न कराएं। खाद्यय सुरक्षा अधिकारी मिलावटी मावा मिष्ठान की दुकानों की सघन चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही किया जाए और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि डीजे बिना परमीशन के न बजे और निर्धारित ध्वनि में बजे कोई अश्लील गाने न बजे यह भी सुनिश्चित कराया जाए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि त्योहार में कोई हुड़दंग न हो आयोजन से जुड़े व्यक्ति नागरिको को समझाने का प्रयास करें। सभी संभ्रात नागरिक जुलूस को शान्ती पूर्ण सम्पन्न कराएं। कहा कि कउ और बव शराब के ठेकों की चेकिंग कर लें कंही स्टाक में शराब रखी न मिले और गलत तरीके से शराब की बिक्री न हो यह ध्यान दिया जाए। पर्व में लापरवाही करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह अपरजिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह जिला विकास अधिकारी देव चतुवेर्दी क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी और जनपद से आए हुए पीस कमेटी के संभ्रात नागरिक मौजूद रहे।

संक्षेप

## लोक निर्माण अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

बांदा। प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता के भ्रष्टाचार को लेकर भारत परिषद के पदाधिकारियों ने जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाए। भारत परिषद के पदाधिकारी व सदस्य यशवंत सिंह राणा की अगुवाई में आयुक्त कार्यालय पहुंचे और उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन आयुक्त को सौंपा। उन्होंने मांग की है कि प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता के विरुद्ध भ्रष्टाचार से जांच टीएसी व ईओडब्ल्यू से करायी जाये तथा दोषी पाए जाने पर बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाए। पदाधिकारी शिवशंकर सिंह यादव, मोहनलाल वर्मा, भिखलाल, शिवा, राहुल शर्मा, लाखन सिंह, लक्ष्मी ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपी के विरुद्ध सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल व बसपा पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चा, संगठनो ने जिलाधिकारी के जरिए ज्ञापन भेजा है। कहा कि यदि दोषी के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## आपत्तिजनक फिल्म पर रोक लगाने को दिया ज्ञापन

बांदा। फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के निमार्ता, निर्देशक व कलाकारों के विरुद्ध कार्यवाही व फिल्म के रिलीज को रोकने की मांग की गई है। इसे लेकर यादव महासभा ने आपत्तिजनक सामग्री के साथ रिलीज होने जा रही फिल्म पर रोक लगाने व मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया है। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, महासचिव प्रमोद आजाद, चंद्रजीत यादव, संतोष यादव ने बताया कि समाज की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए फिल्म निमार्ता संदीप तोमर, निर्देशक अंकित भड़ाना, अभिनेत्री प्रगति तिवारी, एक्टर विशाल मोहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाए और फिल्म के प्रसारण पर तत्काल रोक लगायी जाए। फिल्म में एक समाज के प्रति गलत चित्रण किया गया है। कहा कि यदि ऐसा नही किया तो लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। इस दौरान विवेक, शिवा, छोटेलाल, रामकिशोर व अन्य लोग मौजूद रहे।

## वीडियो देने वाले युवक ने लगाया झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप

ललितपुर। शहर के नझाई बाजार निवासी एक युवक ने झांसी मण्डल के डीआईजी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश की जा रही है। युवक ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित विशाल लक्ष्यकार पुत्र राकेश लक्ष्यकार ने बताया कि बीती 15 दिसंबर 2025 को टीकमगढ़ स्थित शादी गार्डन में आयोजित एक सगाई समारोह में कुछ लोगों द्वारा अवैध हथियारों से हर्ष फायरिंग की गई थी। युवक का कहना है कि उसने जनहित में उक्त घटना का वीडियो पुलिस को कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया था। आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय संबंधितों ने मामला रफा-दफा कर दिया। युवक का कहना है कि बाद में फायरिंग का वीडियो स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित होने से वह नाराज हो गए और उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि 20 फरवरी को उसे बुलाकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा छेडखानी और मानहानि के मुकदमे में फंसाने की चेतावनी दी गई। पीड़ित का यह भी आरोप है कि साजिश के तहत एक महिला की ओर से थाना कोतवाली में उसके खिलाफ धारा 351(3), 352, 75 व 78 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है, जो कि निराधार है, जबकि वह संबंधित महिला को जानता तक नहीं है। पीड़ित ने डीआईजी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उसे झूठे मुकदमे में फंसाए जाने से रोका जाए और दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## शिक्षा और प्रमाण पत्र के लिए लगेंगे विशेष शिविर

ललितपुर। राज्यमंत्री असीम अरुण ने बताया कि विशेष शिविरों के माध्यम से पात्र परिवारों को आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और आधार कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। साथ ही शिविर लगाकर घुमंतु समाज के बच्चों को सर्वोदय और नवोदय विद्यालयों में एडमिशन दिलाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर कई कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बस ने बाइक सवारों को कुचला, तीन की मौत

ललितपुर। मड़ावरा में सोमवार रात 9 बजे स्लीपर बस और बाइक की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तीनों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृतक घोषित कर दिया। बस मध्य प्रदेश के पृथ्वीपुर से इंदौर जा रही थी। इसी दौरान बाइक को टक्कर मारी और करीब 10 फीट तक घसीटा। जिसके चलते बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। तीनों युवक रिश्तेदार थे। मृतक आलोक को शादी के लिए रिश्ता देखने गए थे। तीनों उसी कार्यक्रम से वापस लौटते समय हादसा हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी चालक के खिलाफ जांच शुरू की। स्लीपर बस मध्य प्रदेश के पृथ्वीपुर से मडावरा के रास्ते इंदौर जा रही थी। रात करीब 9 बजे मडावरा थानाक्षेत्र के मननपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची। तभी 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मारी और करीब 10 फीट तक घसीटा। भीषण टक्कर में बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े। उन्होंने सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

जहां डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। बस में कुल 40 लोग सवार थे। हालांकि, बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना पर पर पुलिस मौके पर पहुंची तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी तहसीलदार भी मनोज कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। मृतकों की पहचान जयदीप (18) पुत्र रमेश निवासी ग्राम हिलगन, थाना गिरार; आलोक (18) पुत्र पप्पू निवासी ग्राम बम्होरी कलां, थाना मड़ावरा; तथा राजकुमार (19) पुत्र अशोक निवासी पिपरिया जागीर, थाना पाली के रूप में हुई है। तीनों आपस में रिश्तेदार थे। जयदीप तीन बहनों में इकलौता भाई था, जबकि आलोक दो भाइयों में सबसे छोटा था। हादसे के वक्त आलोक की शादी के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रम में आलोक का पारिवारिक साला जयदीप और ममेरा भाई राजकुमार शामिल होने आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर बम्होरी कलां से मड़ावरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। घटना के समय संबंधित बस में सवार यात्रियों में भी अफरा-तफरी मच गई। जिसको जहां से रास्ता मिला, वह उधर से निकलकर भागा। बाद में रात करीब 11.30 बजे बस मालिक ने दूसरी बस की व्यवस्था कर यात्रियों को उनके स्थानों के लिए रवाना किया। इसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। फरार चालक की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि बाइक पर सवार तीन युवक आपस में रिश्तेदार थे। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ावरा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

# ललितपुर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में बवाल

- इलाज को लेकर मरीज-डॉक्टरों में मारपीट, डॉक्टर का हाथ टूटा
- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी

ललितपुर। ललितपुर मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में सोमवार शाम इलाज को लेकर घायल मरीज और चिकित्सकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक डॉक्टर का हाथ फ्रैक्चर हो गया, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे वार्ड बॉय भी घायल हो गया। वहीं, मरीज पक्ष ने भी डॉक्टरों पर मारपीट और इलाज न करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, सोमवार 23 फरवरी की शाम करीब 4.30 बजे दो युवक उपचार के लिए इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। चिकित्सकों का आरोप है कि युवक शराब के नशे में थे और आते ही गाली-गलौज करने लगे। समझाने का प्रयास करने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि युवकों ने एक ग्राम प्रधान को मौके पर बुला लिया, जिसके बाद डॉक्टर राजीव कुमार के साथ मारपीट की गई। इस दौरान उनके कपड़े फट गए और हाथ में फ्रैक्चर हो गया। डॉक्टर को बचाने पहुंचे वार्ड बॉय आशीष पंथ के साथ भी हाथापाई हुई, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद चिकित्सकों में रोष फैल गया और उन्होंने सोमवार रात कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, दूसरे पक्ष के घायल शिवम कौशिक ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि वह इलाज कराने अस्पताल गया था, लेकिन चिकित्सकों ने उसका उपचार नहीं किया और उल्टे उसके साथ मारपीट की। उसने यह भी आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने उसकी उंगली तोड़ दी। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायती पत्र प्राप्त हुए हैं। घटना की सच्चाई जानने के लिए अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से दो घायल

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत रहने वाले कुंजीलाल कुशवाहा ने कोतवाली ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# ट्रॉफिक पुलिस का काली फिल्म के विरुद्ध चेकिंग अभियान



बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी यातायात प्रतीक्षा सिंह के पर्यवेक्षण में यातायात नियमों के पालन को लेकर यातायात पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करने तथा अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने के लिए, मंगलवार को यातायात पुलिस ने जिले में वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चारपहिया वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्मों को हटवाया गया और वाहन चालकों को काली फिल्म के दुष्परिणामों व कानून प्रावधानों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की, कि वह यातायात नियमों का पालन करें एवं वाहनों में किसी भी प्रकार की काली फिल्म न लगाएं साथ ही जनपद में यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग दें।

## अपराध समीक्षा बैठक, एसपी ने दिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश




बांदा। जीरो टॉलरेन्स नीति के चलते जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाए जाने तथा शातिं, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराध समीक्षा बैठक हुई। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने मंगलवार को राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को होली, नवरात्रि, ईद-उल-फितर त्योहारों को सकुशल संपन्न कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि इस समय बाजारों में खरीददारी के लिए काफी भीड़ रहेगी विशेषकर सरार्फा, बर्तन और कपड़ों की दुकानों पर महिलाएं बड़ी संख्या में खरीददारी करने जाती हैं, इसके देखते हुए महिला पुलिसकर्मियों सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाया जाए साथ ही सादे वस्त्रों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाए। उन्होने संगठित अपराधों तथा गिरोहबन्द अपराधों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे अपराधियों पर गैंगस्टर, गुण्डा एक्ट के तहत प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाए साथ ही लगातार अपराधों में शामिल अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोली जाए तथा जिला बदर की कार्यवाही की जाए। समीक्षा बैठक में चोरी, नकबजनी तथा टप्पेबाजी जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु नियमित पैदल गस्त, वाहन चेकिंग बैंक चेकिंग के निर्देश दिए। यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में रात्रि मोबाइल पार्टी निरन्तर भ्रमणशील रहें साथ ही सूनसान स्थानों पर पीआरवी वाहनों का स्टॉप प्वाइंट बनाया जाए। उन्होंने लम्बित विवेचनाओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, क्षेत्राधिकारी को सर्किल के विवेचकों का नियमित रुप से अर्दली रुम कर यह सुनिश्चित के निर्देश दिए कि विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण हो। उन्होने क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को प्रभावी जनसुनवाई के निर्देश दिए और कहा कि शिकायतों का निस्तारण भौतिक होना चाहिए तथा शिकायतकतर्ता की संतुष्टि ही निस्तारण का आधार हो। उन्होने प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना तथा थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि साइबर अपराधों की रोकथाम शासन की प्राथमिकताओं में से एक है, साइबर अपराधों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण बांदा पुलिस की पहली प्राथमिकता है, महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। अपराध समीक्षा बैठक से पूर्व पुलिस अधीक्षक ने सैनिक सम्मेलन कर पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुन उनके निस्तारण के निर्देश दिए।

# जिला जेल में बंद युवक से मारपीट का आरोप

## बंदी की मां ने की कार्रवाई की मांग



ललितपुर। शहर क्षेत्र निवासी एक महिला ने जिला जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने बंदी पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। पीड़िता ने मामले की जांच, उपचार और सुरक्षा की मांग की है। तालाबपुरा निवासी शीला पत्नी स्व.कल्लन यादव के अनुसार उनका पुत्र गोलू उर्फ संजय एक वारंट के मामले में जिला जेल में बंद है। आरोप है कि 22 फरवरी 2026 की रात जेलर ने कथित रूप से एक ठेकेदार से मिलीभगत कर रुपये लेकर उनके पुत्र की बेरहमी से पिटाई करवा दी, जिससे उसके हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं और वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गया है। शिकायत में कहा गया है कि 23 फरवरी को पेशी के दौरान भी घायल हालत के बावजूद उसे अदालत में पेश नहीं किया गया और बाहर से ही तारीख लगवाकर वापस ले जाया गया। परिजनों ने आशंका जताई है कि बंदी को संबंधित लोगों से जान-माल का खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री लखनऊ स्थित कार्यालय, आईजी कानपुर मंडल तथा डीआईजी झांसी मंडल को प्रार्थना पत्र भेजकर आरोपित के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई, मेडिकल परीक्षण और बंदी की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# जिला बार एसोसिएशन की आम सभा में चुनाव की तैयारी तेज




ललितपुर। जिला बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में वर्ष 2025 के चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। 24 फरवरी 2026 को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सात सदस्यीय चुनाव समिति एल्डर्स कमेटी द्वारा गठित की जाएगी। बैठक में निर्णय हुआ कि गठित चुनाव समिति आगामी चुनाव में भाग लेने वाले सदस्यों को शामिल करते हुए 6 मार्च 2026 से 15 दिन की अवधि में वर्ष 2026 की सदस्यता सूची तैयार करेगी। इसके लिए प्रति सदस्य 200 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। साथ ही यह भी तय हुआ कि बार काउंसिल के नियमों के अनुरूप एल्डर्स कमेटी के सहयोग से नियमित रूप से जनपद न्यायालय में वकालत करने वाले अधिवक्ताओं की अलग मतदाता सूची तैयार की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला बार द्वारा निर्गत बकायनामा का उपयोग करने वाले रेजीडेंसियल सदस्यों तथा बार काउंसिल में पंजीकृत एवं सीओपी प्राप्त करने के बावजूद नियमित वकालत न करने वाले अधिवक्ताओं की नॉन रेजीडेंसियल सूची भी बनाई जाएगी। निर्णय के अनुसार तैयार की गई सभी सूचियों का प्रकाशन जिला बार के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाएगा। सूची अंतिम होने के बाद एल्डर्स कमेटी के साथ मिलकर शीघ्र चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। एल्डर्स कमेटी में जीवनधर लाल जैन एड.(अध्यक्ष), लालसिंह ठाकुर एड., अशोक कुमार रिछारिया एड., जयकुमार चैधरी एड. एवं प्रकाशचंद्र जैन एड. सदस्य के रूप में शामिल हैं।

## अधिकारियों व किसानों के बीच दूसरे दिन भी वार्ता विफल

ऊसराहार, इटावा। लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण मे किसानो की जमीन खरीदने के लिए अधिकारियो और किसानो के बीच दूसरे दिन की बार्ता भी विफल रही। किसानो के तर्क के आगे प्रशासन भी कोई ठोस जबाब नही दे पा रहा है। बैठक मे एसडीएम के समझाने के बाद भी किसान बैनामा करने को तैयार नही हुए किसानो ने दावा किया मानकों के आधार पर उनकी जो जमीन राष्ट्रीय प्रांतीय मार्ग पर स्थित है उसे प्रशासन छल करके 24 लाख रूपए हैक्टेयर सस्ता खरीदना चाह रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे को आगरा लखनऊ एक्स्प्रेस वे पर जोडने के लिए बनाए जा रहे लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण मे ताखा के कुदरैल और पुरैला के किसानो की जमीन जानी है एक माह बीतने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री मे इजाफा नही हो रहा है। पुरैला के किसानो ने हाईकोर्ट मे मामला होने की बात कहते हुए अभी तक एक भी जमीन का बैनामा नही किया है। कुदरैल मे पिछले दो दिनों से अधिकारियो और किसानो के बीच बार्ता चल रही है। मंगलवार को एसडीएम श्वेता मिश्रा तहसीलदार जावेद अंसारी कुदरैल गांव पहुचे। पंचायत भवन मे किसानो के साथ चैपाल लगाकर फिर बैठक की गई। किसान प्रयांक मिश्रा मोहित गुप्ता जसवीर सिंह जान मोहम्मद सहित तमाम किसानो ने एसडीएम से उचित मुआवजा देने की मांग करते हुए बताया। कुदरैल निवासी श्याम बाबू तिवारी की जमीन बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण में गई थी उन्हे उस समय राष्ट्रीय प्रांतीय मार्ग का मुआवजा दिया गया था। लेकिन इस बार उसी जमीन के बगल मे जो रकवा है उसे लिंक मार्ग मानकर उसे जनपदीय राजमार्ग का मुआवजा दिया जा रहा है। किसानो ने कहा राष्ट्रीय प्रांतीय मार्ग का सर्किल रेट 52 लाख रूपए प्रति हैक्टेयर है जबकि जनपदीय मार्ग का उन्हे 46 लाख रूपए प्रति हैक्टेयर से मुआवजा दिया जा रहा है। जो भुगतान किया जाएगा वह सर्किल रेट से चार गुना दिया जाना है। इस तरह 24 लाख रूपए हैक्टेयर उनकी जमीन को सस्ता खरीदा जा रहा है। इसलिए वह इन रेटो पर बैनामा नही करेगें। किसानो ने कहा कुदरैल विकासशील गांव मे शामिल है इसलिए जिन किसानो की जमीन सवा बीघा से कम जा रही है उनका बैनामा वर्गमीटर मे होना चाहिए लेकिन उस जमीन का बैनामा भी सामान्य दर से किया जा रहा है जिससे किसानो के हक का पैसा उन्हे नही मिल पा रहा है।

# मंत्री ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर बुजुर्गों से किया संवाद



ललितपुर। मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री असीम अरुण ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद ललितपुर का भ्रमण किया, यहां उन्होंने सर्वप्रथम रामनगर स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर बुजुर्गों की समस्याएं सुनीं। तदोपरान्त पार्टी कार्यालय पहुंचकर जनप्रतिनिधिगणों व कार्यकताओं से वार्ता की। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा हरिश्चन्द्र रावत, प्रतिनिधि राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन चन्द्रशेखर पंथ जनपद के अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य विकास अधिकारी, उपनिदेशक समाज कल्याण, झांसी मण्डल, जिला समाज कल्याण अधिकारी ललितपुर उपस्थित रहें। राज्यमंत्री असीम अरुण ने महरौनी के पचैड़ा ग्राम में आयोजित घुमंतू समाज आभार सम्मेलन में पहुंचकर कहा कि घुमंतू समाज को विकास से जोड़ने के लिए वर्तमान सरकार बड़े निर्णय ले रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में घुमंतू विकास मिशन पर सततगति से कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न विभाग मिलकर ऐसे परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ेंगे का काम कर रहे हैं, जो किसी कारणवश विकास की दृष्टि से पीछे रह गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए तीन प्रमुख दस्तावेज आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र आवश्यक हैं। इन दस्तावेजों के अभाव में कई परिवार योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। इसलिए जिले स्तर पर भी ऐसे मजरों को चिन्हित किया जा रहा है जो सरकारी योजनाओं से वंचित हैं।

राज्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर में कई छोटे समूह अनुसूचित सूची में शामिल होने से छूट गए हैं। उन्होंने नाथ समाज और बुनकर समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे समाजों को पुनः सूचीबद्ध करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना पूरी होने के बाद प्रत्येक जाति के उचित प्रतिनिधित्व के आधार पर सामाजिक न्याय की नई पहल की जाएगी, ताकि सूचीबद्ध वर्गों के भीतर भी जो लोग वंचित हैं, उन्हें उनका अधिकार मिल सके। राज्यमंत्री ने वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान यहां निवासरत वृद्धजनों को माल्यापर्ण व फल वितरण करके आभार प्रकट किया, साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम में कोई भी वृद्ध, वृद्धावस्था पेंशन से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर कैम्प लगाकर समस्त वृद्धजनों को आँखों व अन्य बीमारियों का इलाज कराया जाए। राज्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिये गये है कि वृद्धजनों को उनकी प्रतिभा के अनुसार छोटे-छोटे उत्पादक कार्यों में प्रशिक्षित किया जाए तथा रोजगार के अवसर प्रदान कर आर्थिक लाभ दिलाया जाए, जिससे वृद्धजनों को आर्थिक सहयोग भी मिल सके। आश्रम में निवासरत वृद्धजनों द्वारा आल्हागीत व भजन आदि गाया गया, जिसकी राज्यमंत्री ने प्रशंसा करते हुए वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त की।

## बिजली बकाया बिल वसूलने गई टीम पर हमला

### जेई व उनकी टीम ने भागकर जान बचाई

बकेवर, इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र में बिजली का बकाया बिल वसूलने और कनेक्शन काटने गई टीम पर दो भाइयों ने हमला कर दिया। उन्होंने लाइनमैन के साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और उसकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त कर दी। अवर अभियंता जेई और उनकी टीम ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना के संबंध में थाना लवेदी में सरकारी कार्य में बाधा डालने की लिखित तहरीर दी गई है। यह घटना ग्राम बंधा नीलदेवता रोड पर हुई। प्रदेश सरकार की बिजली बिल बचत राहत योजना के तहत अवर अभियंता लखना बिजली घर के रामसेवक अपनी टीम के साथ बिजली बिल बकायेदारों के कनेक्शन काटने का अभियान चला रहे थे। बंधा के पास नंदगवां रोड पर एक मकान में 61,766 रुपये का बिजली बिल बकाया था। जेई रामसेवक ने बताया कि उन्होंने टीजीटू गिरजेश कुमार और लाइनमैन टीम प्रेम कुशवाहा, प्रभात कुमार, अमित कुमार, महेंद्र के साथ मिलकर मकान मालिकों को से बिल जमा करने को कहा। जब उन्होंने मना कर दिया, तो बकाया के चलते उनका बिजली कनेक्शन काट दिया गया। इसके बाद दोनों भाइयों ने टीम के साथ गाली-गलौज की, लाइनमैन के साथ मारपीट की, सरकारी प्रपत्र फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। जेई ने बताया कि इस दौरान खेतों में काम कर रही महिलाएं भी डंडे लेकर इकट्ठा हो गईं। टीम ने किसी तरह वहां से भाग कर जान बचाई। इस घटना की जानकारी विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी दी गई है। वहीं, आरोपी ने बिजली विभाग के आरोपों को निराधार बताया है। थानाध्यक्ष प्रीति सेंगर ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस टीम आरोपियों के घर भेजी गई थी, लेकिन वे फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना का एक अभिन्न अंग: प्राचार्य

ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की पांचों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शरद खैरा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य समाज के साथ-साथ राष्ट्र की सेवा भी है। एनएसएस के स्वयंसेवक इस सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की सामाजिक समस्याओं से अवश्य परिचित हुए होंगे सभी स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर यहां से जाएंगे। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना का एक अभिन्न अंग है यह युवाओं के लिए विशेष रूप से आकर्षक है। क्योंकि यह छात्रों को समूह में रहने, सामूहिक अनुभव साझा करने और समुदाय के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने के अनूठे अवसर प्रदान करता है।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से निराश्रित बच्चों को मिलेगा सहारा

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि सरकार निराश्रित महिलाओं व बच्चों के पुनर्वास एवं संरक्षण के लिए पूर्णतरू प्रतिबद्ध है। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रमुख है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के हजारों बच्चों को आर्थिक सहयोग मिल रहा है, जिससे उनके पालन-पोषण और शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आ रही और वे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद के कुल 1163 बच्चों को इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जनपद के 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे निराश्रित बच्चे, जिन्होंने कोविड-19 के दौरान अपने माता-पिता दोनों को अथवा माता या पिता में से किसी एक को खो दिया है, इसके अतिरिक्त 18 से 23 वर्ष के ऐसे किशोर जिनके माता-पिता का कोविड या अन्य कारणों से निधन हो गया है, तथा जेल में निरुद्ध बंदियों के बच्चों की देखरेख, शिक्षा और पालन-पोषण के लिए उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) संचालित की जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक अभिभावक ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने बताया कि योजना के तहत वे बच्चे पात्र होंगे जिनके माता-पिता दोनों की मृत्यु 01 मार्च 2020 के बाद हो चुकी हो और अभिभावक भी न हो, अथवा माता-पिता में से किसी एक की मृत्यु हो गई हो और माता तलाकशुदा या परित्यक्ता हो। इसके अलावा बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति या बाल वेश्यावृत्ति से मुक्त कराए गए बच्चे तथा ऐसे परिवारों के बच्चे जिनके माता-पिता या मुख्य कर्ता जेल में हैं, भी योजना के पात्र हैं।

## फर्जी बीमा पॉलिसी से मुआवजा लेने का प्रयास, दो सड़क हादसों में मृतकों के परिजनों ने किया था दावा

इटावा। फर्जी बीमा पॉलिसी लगाकर लाखों रुपये का मुआवजा लेने की कोशिश का गंभीर मामला सामने आया है। दो अलग अलग सड़क हादसों में मृतकों के परिजनों की ओर से 13 लाख 80 हजार और 13 लाख 30 हजार रुपये का क्लेम अदालत में दाखिल किया गया था। जांच में दोनों बीमा पॉलिसियां फर्जी निकलीं। एसीजेएम फोर्थ कोर्ट के आदेश पर संबंधित वाहन मालिकों और शोरूम से जुड़े लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मैग्मा एचडीआई कंपनी के जांच अधिकारी की ओर से दोनों मामलों में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहला मामला थाना बकेवर क्षेत्र के उजियानी हाइवे का है। यहां अनिल कुमार का एक मोपेड से एक्सीडेंट हो गया था। हादसे में अनिल कुमार की मौत हो गई थी। इसके बाद उनकी पत्नी ने मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल में 13 लाख 80 हजार रुपये का दावा पेश करते हुए बीमा पॉलिसी और बॉन्ड अदालत में जमा किए। अदालत में जमा दस्तावेजों को जब बीमा कंपनी से सत्यापित कराया गया तो पॉलिसी फर्जी पाई गई। जांच में यह भी सामने आया कि पॉलिसी जिया मोटर्स शोरूम से वाहन खरीदते समय तैयार कर दी गई थी। मामले को गंभीर मानते हुए एसीजेएम 4 के न्यायाधीश सर्वेश कुमार यादव ने पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए।

## मनमानी पर लगाम

मिस सेलिंग या कहें गैर जरूरी चीजें क्लाइंट को थमाकर पैसा बनाना कोई नयी बात नहीं है। बैंक काउंटर पर बीमा पालिसी बेचना, होम लोन के साथ हेल्थ इंश्योरेंस, दुर्घटना बीमा जैसी चीजें थमा देना आम बात है। सबसे ज्यादा अति तो एनबीएफसी करती हैं। एक परिचित व्यक्ति ने नामी कंपनी से पर्सनल लोन लिया। व्यक्ति को किसी मजबूरी में अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए पर्सनल लोन लेना पड़ा लेकिन कंपनी ने साथ में एक लाख का हेल्थ इंश्योरेंस, कार्ड प्रोटेक्शन प्लान सीपीपी जैसी बकवास चीजें थमाकर लोन का एक बड़ा हिस्सा काट लिया। इस तरह व्यक्ति उस एनबीएफसी कंपनी से कर्ज लेकर पछता रहा था लेकिन कंपनी और उसके एजेंट्स का काम बन गया। यह सब दरअसल छोटे और गरीब ग्राहकों की जेब पर डाका डालना है। बैंकों और एनबीएफसी की इस मनमानी पर न सिर्फ लगाम लगाने की जरूरत है बल्कि इससे होने वाले नुकसान और मानसिक क्षति की भरपाई भी करवानी चाहिए ताकि कंपनियों की मनमानी पर लगाम लग सके। इस संदर्भ में आरबीआई ने कुछ पहल की है। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में 'विनियमित संस्थाओं द्वारा वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के विज्ञापन, मार्केटिंग और बिक्री' तथा 'ऋण की वसूली और रिकवरी एजेंटों की नियुक्ति में विनियमित संस्थाओं के आचरण' को लेकर मसौदा संशोधन निर्देश जारी किए हैं। इनके 1 जुलाई 2026




से लागू होने की उम्मीद है। यह उपभोक्ता केंद्रित बैंकिंग की दिशा में एक और कदम है। मिस-सेलिंग (गलत जानकारी के आधार पर या भ्रम में रखकर बिक्री), अनुचित प्रोत्साहन संरचनाओं और दबावपूर्ण वसूली चलन को व्यवस्थित रूप से लक्षित करके, रिजर्व बैंक भारत की वित्तीय प्रणाली में वर्षों से मौजूद गहरे आचरण संबंधी अनियमितता और जोखिमों का समाधान करना चाहता है। मिस-सेलिंग के संदर्भ में, मसौदा प्रस्ताव बैंक कर्मचारियों को तृतीय पक्ष बिक्री प्रोत्साहन देने पर प्रतिबंध लगाने, जबरन उत्पाद बंडलिंग रोकने, स्वीकृत ऋणों के माध्यम से उत्पाद खरीद की फंडिंग सीमित करने और डिजिटल इंटरफेस में डार्क पैटर्न्स पर रोक लगाने का सुझाव देता है। मिस सेलिंग के प्रमाण के चलते इन उपायों का महत्व समझ में आता है। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, अनुचित व्यवसायिक चलन से संबंधित 26,667 शिकायतें दर्ज हुईं, जो सालाना 14 फीसदी की वृद्धि दर्शाती हैं और बीमा क्षेत्र में कुल शिकायतों का 22 फीसदी से अधिक हिस्सा बनाती हैं। बीमा, बैंक उत्पादों की मिस-सेलिंग का एक प्रमुख हिस्सा है। भारतीय बैंक शाखाओं के एक अध्ययन में पाया गया कि उच्च कमीशन वाले उत्पादों को प्राथमिकता से बेचा जाता है और जटिल विशेषताओं को ग्राहकों को शायद ही कभी पूरी तरह समझाया जाता है। बाजार आंकड़े दर्शाते हैं कि बैंक सामूहिक रूप से बीमा कमीशन से हर साल लगभग 25,000 करोड़ रुपये कमाते हैं। मसौदा प्रस्ताव मिस-सेलिंग को रोकने के लिए ग्राहकों की उपयुक्तता का आकलन आयु, आय और जोखिम सहने की क्षमता के आधार पर करने की बात करता है। यह एक बड़ा कदम है जिससे उत्पाद संबंधी अनुशंसाएं वास्तविक ग्राहक आवश्यकताओं के अनुरूप होंगी, न कि केवल कमीशन की संभावना पर आधारित होंगी। बैंकों को प्रत्येक उत्पाद के लिए स्पष्ट सहमति प्राप्त करनी होगी, 30 दिनों के भीतर ग्राहक की प्रतिक्रिया लेनी होगी और बार-बार सामने आने वाली समस्याओं की पहचान व नीतियों को अद्यतन करने के लिए अर्धवार्षिक प्रतिक्रिया रिपोर्ट तैयार करनी होगी। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि जहां मिस-सेलिंग की बात साबित हो जाती है, वहां बैंकों को ग्राहकों द्वारा चुकाई गई पूरी राशि वापस करनी होगी और संबंधित नुकसान की भरपाई करनी होगी। आरबीआई का प्रस्ताव मिस सेलिंग पर रोक लगाने में कारगर हो सकता है लेकिन नुकसान की भरपाई के साथ ग्राहकों को मानसिक क्षति का हर्जाना देने और संबंधित संस्था और कर्मचारी को भी जिम्मेदार ठहराने की जरूरत है।

### विचार

अतिथि समाज का एक प्रतिनिधि होता है। अतिथि के रूप में समाज हमसे सेवा मांग रहा है, हमारी यह भावना होनी चाहिए।

–विनोबा भावे.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

–ड्रायन एडवर्ड.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

व्रत का महात्म्य वहीं तक कल्याणकारी है जहां तक ध्यान और अध्ययन में वह बाधक न हो।

–मुनि गणेश वर्णी.

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

–गुरुनानक.

# बंगाल में एसआईआर की न्यायिक निगरानी



शाहिद ए चौधरी




एक अप्रत्याशित निर्णय में सुप्रीम कोर्ट ने अपनी 'असाधारण शक्तियों' का प्रयोग करते हुए पश्चिम बंगाल में न्यायिक अधिकारी तैनात करने का निर्देश दिया है, जो एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के 'तार्किक विसंगति' मामलों को तय करेंगे और उनका फैसला सुप्रीम कोर्ट का फैसला माना जायेगा। यह निर्देश इसलिए दिया गया है ताकि राज्य में मतदाता सूची का एसआईआर तेजी से और समय से पूरा हो सके। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर भी बल दिया है कि अगर रिविजन एक्सरसाइज समय से पूरी न हुई तो उसके नतीजों से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तो अवगत होंगी ही। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची और न्यायाधीश विपुल एम पंचोली की खंडपीठ ने 20 फरवरी 2026 को तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की आपत्ति के बावजूद चुनाव आयोग को यह अनुमति दी कि वह 28 फरवरी 2026 को संशोधित मतदाता सूची प्रकाशित कर सकता है, जोकि कुल सूची का 95 प्रतिशत है। क्योंकि जिन लोगों को शामिल नहीं किया गया है, उनके दावे अभी लम्बित पड़े हैं। अंतिम सूची प्रकाशित करने की तिथि भी 28 फरवरी 2026 ही थी।

> सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी से कहा है कि वह पूरक व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल करें यह बताते हुए कि एसआईआर प्रक्रिया को बाधित करने की जो 28 घटनाएं हुई हैं और चुनाव आयोग के खिलाफ जो भड़काऊ भाषण दिये गये हैं, उनमें क्या एक्शन लिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के इस आग्रह को भी स्वीकार नहीं किया कि मतदाता सूची में शामिल किये जाने के दावों पर अंतिम निर्णय इलेक्ट्रोल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ईआरओ) का होना चाहिए न कि न्यायिक अधिकारियों का। बहरहाल, सवाल यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत इस मामले में अप्रत्याशित हस्तक्षेप करने का फैसला क्यों लिया? खंडपीठ के अनुसार, उसे ऐसा इसलिए करना पड़ा क्योंकि पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग व राज्य सरकार के बीच विश्वास के अभाव व असहयोग के कारण 'असाधारण स्थिति' उत्पन्न हो गई थी। खंडपीठ ने कहा, 'अगर कुछ अनपेक्षित कारणों से एसआईआर मुकम्मल नहीं हो पाती है तो उसके परिणाम क्या होंगे, राज्य को इस बात का एहसास होना चाहिए।' गौरतलब है कि अगर मतदाता सूची समय पर तैयार नहीं होगी तो राज्य में समय पर विधानसभा चुनाव नहीं हो पायेंगे और केंद्र को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने का बहाना मिल सकता है, क्योंकि वह ममता बनर्जी को कार्यवाहक सरकार चलाने का मौका तो देने से रहा, उसके लिए तो राज्यपाल के जरिये शासन करना अधिक लाभकारी होगा, जैसा कि उसने लम्बे समय तक जम्मू कश्मीर में किया लेफ्टिनेंट गवर्नर के माध्यम से। आगे बढ़ने से पहले यहां यह जानकारी देना भी आवश्यक है कि भारत के चुनाव आयोग ने 17 राज्यों व 5 केंद्र शासित प्रदेशों (जहां अभी एसआईआर नहीं हुआ है) के मुख्य चुनाव अधिकारियों को पत्र (19 फरवरी 2026) लिखकर कहा है कि अप्रैल 2026 से आरंभ होने वाली एसआईआर के लिए सभी तैयारी कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लें। इस तैयारी कार्य में शामिल है 2002-2004 (जब पिछला एसआर हुआ था) की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं को मैप करना और बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षित करना। गौरतलब है कि सबसे पहले एसआईआर पिछले साल बिहार में करायी गई, विधानसभा चुनाव से जरा पहले। दूसरे चरण में चुनाव आयोग ने 27 अक्टूबर 2025 को 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का आदेश दिया, जो अब पूर्ण होने के चरण में है, अनेक बार अतिरिक्त समय देने के बाद। अंतिम तिथि को सबसे अधिक बार उत्तर प्रदेश में बढ़ाया गया। असम में नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजंस की अधूरी प्रक्रिया के कारण कानूनी बाधाएं थीं, इसलिए एसआईआर की जगह एसआर कराया गया था। एसआईआर के तीसरे चरण के कार्यक्रम की घोषणा करते समय चुनाव आयोग को यह भी ध्यान में रखना होगा कि अप्रैल में जनगणना का कार्य भी आरंभ होना है। चूंकि जनगणना व एसआईआर का अधिकतर काम सरकारी अध्यापकों के जिम्मे ही थोप दिया जाता है, इसलिए इस बात पर ध्यान देने की भी आवश्यकता है कि इन कर्मचारियों पर ज्यादा बोझ न पड़े, वैसे ही काम की अधिकता व तनाव की वजह से अनेक बीएलओ ने आत्महत्या की या हृदय रोगों ने समय-पूर्व ही उनकी जान ले लीं। चुनाव आयोग ने दोनों रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया और सेंसस कमिश्नर से बैठकें की हैं कि प्रशासनिक संसाधनों के साझा पूल का सही से इस्तेमाल दोनों एसआईआर व जनगणना के लिए कैसे किया जाये।

### एसआईआर विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को यह जिम्मेदारी सौंपी है कि वह न्यायिक अधिकारियों का चयन वर्तमान व रिटायर्ड जिला न्यायाधीशों व अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों में से करें, जो न्यायिक अधिकारी नियुक्त किये जायेंगे वह ही तार्किक विसंगति की श्रेणी के तहत जो मतदाता रखे गये हैं, उनके दावों व आपत्तियों के फैसले करेंगे। खंडपीठ के अनुसार, न्यायिक अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया के दौरान दावों व कागजात की समीक्षा करते हुए जो आदेश पारित करेंगे वह सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश माना जायेगा और एसपी व डीएम को तुरंत उसका पालन करना होगा। खंडपीठ के अनुसार, 'राज्य में जो असाधारण स्थितियां उत्पन्न हुई हैं, उनको मद्देनजर रखते हुए यह निर्देश दिये गये हैं, अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट को प्राप्त असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए।' पश्चिम बंगाल में एसआईआर के मुकम्मल न होने को लेकर चुनाव आयोग व राज्य सरकार में जबरदस्त टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। चुनाव आयोग ने अदालत में अपने वकील के जरिये शिकायत की थी कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट के 9 फरवरी 2026 के आदेश के अनुसार ग्रुप ए अधिकारियों की पर्याप्त संख्या तैनात नहीं कर रही है, जो ईआरओ व सहायक ईआरओ के रूप में कार्य कर सकें। राज्य सरकार ने चुनाव आयोग के विरुद्ध अनेक शिकायतें दर्ज की थीं कि वह उचित तरीके से मतदाताओं के दावों व कागजात का संज्ञान नहीं ले रहा है। खंडपीठ ने पहले तो राज्य सरकार पर गुस्सा किया कि वह उसके 9 फरवरी के आदेश का पालन नहीं कर रही है, लेकिन फिर उसे एहसास हुआ कि दोनों पक्षों के बीच आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला कुछ अधिक ही तीखा हो गया है। इसलिए उसने अपनी असाधारण शक्तियों का प्रयोग किया और न्यायिक अधिकारी तैनात करने का आदेश दिया, मतदाताओं के दावे व उनके कागजात की विश्वसनीयता तय करने के लिए। पश्चिम बंगाल में एसआईआर का 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।
मतदाताओं की इस अधूरी सूची को 28 फरवरी 2026 को प्रकाशित कर दिया जायेगा, सुप्रीम कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है। शेष सूची न्यायिक अधिकारियों का कार्य पूर्ण होने के बाद प्रकाशित की जायेगी। सुप्रीम कोर्ट इस बात से सहमत नहीं है कि अधूरी सूची प्रकाशित करने से राज्य में अनेक जगहों पर कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी से कहा है कि वह पूरक व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल करें यह बताते हुए कि एसआईआर प्रक्रिया को बाधित करने की जो 28 घटनाएं हुई हैं और चुनाव आयोग के खिलाफ जो भड़काऊ भाषण दिये गये हैं, उनमें क्या एक्शन लिया गया है। अनुमान यह है कि अब सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद पश्चिम बंगाल में प्रत्येक वैध नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में पायेगा।

### सोशल मीडिया

आत्म विश्वास वह शक्ति है, जिसके बल पर सब कुछ संभव है। विकसित भारत का सपना साकार करने में देशवासियों की यह शक्ति बहुत काम आने वाली है। पीएम मोदी.



यूपी में उद्योग, निवेश व नवाचार के दृष्टिगत सिंगापुर में आज का दिन ऐतिहासिक रहा। प्रवासी भारतीय बहनों, भाइयों के साथ आत्मीय संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। सीएम योगी.



बहुजन समाज के उत्थान के बजाय थोड़े से स्वार्थ के लिए बिकाऊ, गुलाम मानसिकता वाले लोगों को बहुजन मिशन कभी माफ नहीं करेगा, ये समाज के हितैषी कैसे हो सकते हैं। मायावती.



## क्रोध पर विजय

वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के र ाज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

## पार्टी आलाकमान का निर्देश

व्यंग्यलोक

आलाकमान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस सजाई और पार्टी के चुनावी स्वप्न पत्र का विमोचन किया। देश के तमाम वोटरों को अपने ढंग के सपने देखने के लिए तैयार किया। आलाकमान ने पार्टी दफ्तर में कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र जन-जन तक पहुंचा दो। पार्टी की घोषणा को हर वोटर के सपनों से जोड़ दो। हमें न केवल व्यक्तियों के बल्कि सभी जानवरों के भी वोट चाहिए। फिर आलाकमान ने यह कहानी सुनाई- इंद्रप्रस्थ नगर में एक पार्टी का मुख्यालय हुआ करता था। पार्टी हर बार चुनाव में अपना घोषणा पत्र जारी करती थी। पार्टी हर एक वोटर से लेकर मक्खी-मच्छरों तक को करारे सपने दिखाती थी। उसकी घोषणाओं से ढेर सारे वोट मिला करते थे। पार्टी मुख्यालय के एक पेड़ पर एक बिल्ली बैठी थी। पेड़ पर बैठी बिल्ली गुनगुनी धूप का आनंद ले रही थी। उसी पेड़ के नीचे एक बिल्लोरा कुत्ता बैठा था। वह भी धूप का आनंद ले रहा था। सर्दियों में एक शानदार गुलाबी धूप मिल जाए, इससे बढ़कर और क्या हो सकता है? कुत्ते और बिल्ली अपने-अपने ढंग से सर्दियों का मजा ले रहे थे। तभी कुत्ते ने बिल्ली से पूछा- क्या कर रही हो बहन? बिल्ली ने कहा- कुछ नहीं धूप सेक रही हूं। इस गुनगुनी धूप में मुझे हल्की झपकी आ गई। उसमें मुझे एक सपना आया। सपने में मैंने देखा कि आसमान से चूहे ही चूहे बरस रहे हैं। एक से बढ़कर एक शानदार चूहे! तब कुत्ता हंसने लगा। उसने कहा- हमारे कुत्ता शास्त्र में तो ऐसी बात कहीं लिखी हुई नहीं है। मैं बहुत पढ़ा-लिखा कुत्ता हूं। कुत्तों की दुनिया में मैंने कई चुनाव भी लड़े हैं। ये एकदम झूठ है। चूहों की बरसात की बात किसी भी शास्त्र में नहीं लिखी है। न ही मैंने ऐसी बरसात कभी देखी है, न कभी सुनी। हां! एक बात जरूर सच है। मुझे रोज एक सपना आता है। देखता हूं कि आसमान से हड्डियां ही हड्डियां बरस रही हैं। एकदम मस्त वाली कुरकुरी हड्डियां! बिल्ली ने कहा- हद हो गई सपने की! न किसी किताब में पढ़ा, न कहीं सुना कि आसमान से हड्डियों की बरसात होती है। तुम एकदम झूठे हो। दोनों एक दूसरे को झूठा बता रहे थे। तभी पेड़ की ओट में छिपा दलदल पार्टी का नेता निकला और उसने अपनी पार्टी का घोषणा पत्र उन दोनों के आगे कर दिया। दोनों ने अपने-अपने ढंग के सपने देखे। दोनों को मजा आ गया। फिर इतिहास गवाह है कि पार्टी को हमेशा ही हर प्रकार के लोगों के वोट मिलते ही गए। पार्टी ने सब पर राज किया। सुना तुमने! कहते हुए आलाकमान ने सभी कार्यकताओं को इस चुनावी घोषणा पत्र के प्रचार-प्रसार के लिए कमर कसने के निर्देश दे दिए। कार्यकताओं ने आलाकमान की हां मैं हां हां हां...की भयंकर गर्जना की। पार्टी के द्वारा जारी सपने हर दिशा में तैरने लगे।



राम विलास जॉगिड़

## प्रवासी दुनिया को समृद्ध और खूबसूरत बनाते हैं




सामयिक

अमरीका आर्थिक, प्रौद्योगिकी और सैन्य शक्ति के मामले में आज महाशक्ति है, तो इसके पीछे मुख्य कारण यही है कि यहां दुनिया भर से आकर प्रवासी बसे और उन्होंने अमरीका को ऊंचाइयों पर पहुंचाया। प्रवासी उन लोगों को कहा जाता है, जो अपने मूल देश को छोड़कर कहीं और रहने के लिए चले जाते हैं या दूसरे शब्दों में जाकर विदेश में बस जाते हैं। सुनने में हो सकता है यह सरलीकरण लगे, लेकिन दुनिया इतनी खूबसूरत और इंद्रधनुषी गुलदस्ता न होती, अगर दुनिया में शुरू से ही लोगों में प्रवासन की प्रवृत्ति नहीं होती। अगर मानव इतिहास को हम पढ़ें तो पता चलता है कि आज दुनिया के कोने कोने में बसी इंसानी बस्तियों की शुरूआत अफ्रीका से हुई थी, लेकिन इंसान में कहीं दूसरी जगह जा बसने की प्रवृत्ति ही थी कि अफ्रीका में पैदा हुआ इंसान पूरी दुनिया में फैल गया। 20वीं सदी में जिस भूमंडलीकरण को इंसानी मेलमिलाप का सबसे बड़ा जरिया माना गया, उस भूमंडलीकरण के बीज हमेशा से इंसान की प्रवासन प्रवृत्ति में मौजूद रहे हैं।

हां, एक जमाने में जहां प्रवासन बहुत धीमी रफ्तार से होता था, वहीं मौजूदा दौर में यह न केवल बहुत तेज रफ्तार से हो रहा है बल्कि अब तो ये स्थितियां भी हैं कि अगर प्रवासन न हो तो मौजूदा दुनिया जहां की तहां ठहरकर रह जाये। उदाहरण के लिए अगर हर साल भारत और दुनिया के दूसरे देशों से कई लाख आईटी इंजीनियर अमेरिका न जाएं और बड़े पैमाने पर वहां न बस जाएं तो जिस आईटी इंडस्ट्री की बदौलत आज अमेरिका दुनिया की सुपर पावर बना हुआ है, वह आईटी इंडस्ट्री ठप्प हो जाए। यही हाल ब्रिटेन की स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था का भी हो। ब्रिटेन की समूची स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था प्रवासियों पर टिकी है। मध्य पूर्व में सारा कंस्ट्रक्शन का काम और कच्चे तेल का शोधन संभव ही न हो अगर दुनिया के अलग अलग कोनों से रिफाइनरी इंजीनियर मध्य पूर्व न जाएं। सच बात तो ये है कि आज की दुनिया पूरी तरह से स्वस्थ और तेज रफ्तार प्रवासन से ही फल फूल रही है। इसलिए प्रवासन को महज एक वैश्विक जनसांख्यिकीय घटना नहीं मानना चाहिए। यह लोगों के जीवन में गुणवत्ता लाती है। सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विस्तार लाती है। विदेशों की छोड़िये अगर सभी देशों में आंतरिक प्रवासन भी रूक जाए तो देशों का विकास रूक सकता है। क्या दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बंग्लुरु जैसे महानगरों का विकास और उनकी आधुनिक पहचान बिना प्रवासन के संभव है? अगर बिहार और उत्तर प्रदेश से मजदूर हिंदुस्तान के कोने कोने न जाते होते तो देश में शहरीकरण इतना तीव्र न होता, जितना तीव्र पिछले तीन दशकों में खासकर पिछली सदी के 90 के दशक के बाद हुआ है।

प्रवासन किस तरह इंसान के स्वभाव, उसकी जींस में मौजूद है, इसका अंदाजा उसकी घुमक्कड़ी प्रवृत्ति से लगाया जा सकता है। अगर इंसान स्थायी रूप से कहीं दूसरी जगह बसने के लिए नहीं भी जाता तो भी इंसान को अपने जैसे दूसरे लोग, उनका समाज, उनके जीवन जीने के तौर तरीके, उनकी उपलब्धियां, उनकी खूबियां और उनकी खामियां जानने, समझने और देखने का इतना शौक होता है कि हर साल जो अरबों लोग एक देश से दूसरे देश को पर्यटन के लिए जाते हैं, वह दरअसल एक तरह की प्रवासन प्रवृत्ति का ही नतीजा है। साल 2019 में डेढ़ अरब लोग अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन का हिस्सा बने थे। ये डेढ़ अरब लोग अपना देश छोड़कर दूसरे देश को देखने, किसी मूलभूत मानवीय जिज्ञासा को संतुष्ट करने के लिए ही गये थे। ये वास्तव में प्रवासन की तह में ही है। आज दुनिया का जितना विकास हुआ है, जीवन जीने में जो गुणवत्ता मौजूद है, वह कभी न होती अगर इंसान में प्रवासन का स्वभाव न होता। प्रवासन दरअसल विविध संस्कृतियों के बीच मेलजोल की संभावना पैदा करता है और फिर यह मेलजोल दो संस्कृतियों को मिलकर आगे बढ़ने या उनके विकास में अहम भूमिका निभाती है।

प्रवासन के चलते ही नई नई प्रौद्योगिकियां, नया नया ज्ञान, जीवन जीने के नये तौर तरीके मिलते हैं। लड़कियों की शिक्षा कभी भी वैश्विक संस्कृति का हिस्सा नहीं बनती, अगर पश्चिमी देशों में लोगों की इतनी आवाजाही न होती। परिवार नियोजन कभी भी दुनिया के कई देशों का मूलभूत लक्ष्य न होता अगर इन देशों के लोग विदेशों में जाकर कम आबादी के फायदे न देखे होते। संस्कृतियों का समग्र विकास प्रवासन के तहत ही होता है और हां, अर्थव्यवस्था में प्रवासियों की जो भूमिका है, वो भी कोई थोड़ी बहुत नहीं है।

**अपराजिता.**

## आपकी बात

### रोजगार का जरिया

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

### ग्रीन एनर्जी का महत्व

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## एसपी ने सुनी जन फरियाद



बहराइच । पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

## ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम

बाराबंकी। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट स्ट्रांगरुम और सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम की स्थिति का जायजा लेते हुये सम्बधितो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के0, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी संजय कुमार विश्वास, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, कमल किशोर सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## रोडवेज की टक्कर से वृद्ध की मौत

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के गढ़ीपुर बिजली आफिस के सामने एक अनियंत्रित रोडवेज ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस सीएचसी ले गयी जंहा उसकी गम्भीर हालत देख चिकित्सको ने मंडलीय चिकित्सालय दर्शननगर भेज दिया। परिजनों के मुताबिक इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान 70 वर्षीय राजाराम पांडे निवासी पांडे का पुरवा रामपुर के रूप में हुई। मृतक बिजली आफिस पर विद्युत बिल जमा करके साइकिल से वापस लौट रहा था।

## बृहस्पति कुंड का रखरखाव अब वारालक्ष्मी फाउंडेशन को

अयोध्या। अयोध्याधाम में रामपथ स्थित बृहस्पति कुंड का रखरखाव अब आंध्र प्रदेश से जुड़ी संस्था जीएमआर वारालक्ष्मी फाउंडेशन संभालेगी। इस संबंध में नगर निगम की ओर से अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं फाउंडेशन की ओर से सीईओ अश्वनी सक्सेना ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। नगर निगम अयोध्या के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि निषादराज चौराहे के निकट रामपथ पर पांच करोड़ पांच लाख रुपये की लागत से बृहस्पति कुंड को को पर्यटन विभाग ने सजाया संवारा है। यहां दक्षिण भारत से जुड़े तीन प्रतिष्ठित संतों की मूर्तियां भी लगाई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथजी की मौजूदगी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पति कुंड का उद्घाटन 08 अक्टूबर 2025 को किया था। पर्यटन विभाग ने बृहस्पति कुंड को बीते 11 नवंबर 2025 को नगर निगम को हस्तगत करा दिया है। राममंदिर के सन्निसंकट स्थित कुंड की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए नगर निगम ने इसके रखरखाव का जिम्मा वारालक्ष्मी फाउंडेशन जीएमआर नगर राजाम श्रीकाकुलम आंध्र प्रदेश को सौंपा है।

# जन चौपाल का हुआ आयोजन



रूदौली-अयोध्या। रुदौली विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड रुदौली अंतर्गत ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर में सोमवार को जन समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विकास कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से जन चैपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव रहे। उनके आगमन पर ग्रामीणों ने माला पहनाकर और फूलों से स्वागत करते हुए गर्मजोशी से अभिनंदन किया जन चैपाल में उपजिलाधिकारी संतोष कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं की जमीनी हकीकत की समीक्षा करना, विकास कार्यों की प्रगति जानना तथा आमजन की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनके निस्तारण की दिशा में ठोस कदम उठाना रहा। चैपाल के दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल संकट, विद्युत आपूर्ति, सड़क मरम्मत, राजस्व विवाद, पेंशन योजना तथा राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कई ग्रामीणों ने शिकायत की कि पात्र होने के बावजूद उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर विधायक रामचंद्र यादव ने संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कुछ मामलों में लापरवाही सामने आने पर विधायक ने नाराजगी भी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने को कहा गया। कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट उदयभान रावत एवं देवी प्रसाद मिश्र द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने यह दर्शाया कि जनता अपनी समस्याओं को सीधे जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने को लेकर गंभीर है। आयोजन के दौरान एक रोचक स्थिति तब बनी जब ब्लॉक मुख्यालय के कुछ अधिकारी कार्यक्रम के अंतिम चरण में पहुंचे। इस पर उपस्थित लोगों में हल्की चर्चा भी रही। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पतिराम रावत ने कहा कि उन्हें कार्यक्रम की पूर्व सूचना नहीं मिल सकी, जिसके कारण वे समुचित व्यवस्थाएं नहीं कर पाए। विधायक ने पंचायत भवन परिसर में स्थित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया।

## महापौर ने लोकार्पण के साथ किया 29 फूड कोर्ट जनता को समर्पित



अयोध्या। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने सिविल लाइन में निर्मित 29 फूड कोर्ट का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इस दौरान लाभार्थियों को प्रमाणपत्र के साथ चाबी सौंपी। यहां विभिन्न प्रकार के फास्ट फूड आइसक्रीम आदि की बिक्री की जाएगी। उन्होंने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ नारियल फोड़ कर फूड कोर्ट का लोकार्पण किया। उन्होंने भ्रमण कर लाभार्थियों से बात की और अधिकारियों को इस बाजार को विकसित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। महापौर ने सफाई के लिए डस्टबिन का वितरण करने प्रकाश के लिए विशेष प्रबंध करने की आवश्यकता जताई। इस मौके पर पार्षद चंदन सिंह, विशाल पाल, अखिलेश पांडे, सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, पार्षद प्रतिनिधि अमित गुप्त एवं अजय पांडेय, अपर नगर डॉ. नागेंद्र नाथ, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा मानिकचंद, स्थानीय नागरिकों में विपनेश पांडेय, संत विपिन तिवारी, श्रीनिवास शास्त्री आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क सिलाई सेंटर हुआ शुभारंभ

अयोध्या। श्री लक्ष्मी चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा गौहनिया सलोनी में नए निःशुल्क सिलाई सेंटर शुभारंभ कराया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप राष्ट्रीय लोकदल अवध प्रांत अध्यक्ष राम सिंह पटेल छोटे लाल यादव सपा महिला जिला अध्यक्ष सरोज यादव तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष श्री जितेंद्र प्रजापति शिव बक्श सागर ने दीप प्रज्वलित कर सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने किया एक दिवसीय स्काउट गाइड रैली का शुभारम्भ



बाराबंकी। उच्च प्राथमिक विद्यालय पंडरा विकासखंड हरख में एक दिवसीय स्काउट गाइड रैली का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी अश्वनी प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। तत्पश्चात स्काउट प्रार्थना, झंडा गीत, नियम बाया हाथ मिलाना, सलूट विभिन्न प्रकार की तालिया प्रदर्शन किया गया। जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि स्काउट गाइड विश्व का सबसे बड़ा वर्दी धारी संगठन है। स्काउटिंग की स्थापना सन 1907 को इंग्लैंड में लॉर्ड बेडेन पावेल द्वारा किया गया था स्काउटिंग का आदर्श वाक्य है तैयार रहो। इसी अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्री सिंह ने कहा स्काउटिंग सेवा भाव का दूसरा नाम है। इससे एक और बच्चों में नेतृत्व की क्षमता विषम परिस्थितियों में अपने को स्थापित करने की क्षमता अल्प संसाधनों में जीवन यापन करने की सीख भी मिलती है। इस अवसर पर एकेडमिक रिसोर्स पर्सन निरुपमा अवस्थी, रवि कुमार वर्मा, रमाशंकर मौर्य, कृति वर्मा, सुमन बाला आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने की पीस कमेटी के साथ बैठक



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे आगामी त्योहारो होलिका दहन, अलविदा, ईद उल फितर पर जनपद मे शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला स्तरीय पीस कमेटी के साथ बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने विभिन्न बिन्दुओं व समस्याओं पर चर्चा करते हुये सम्बन्धितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तथा शातिपूर्ण माहौल मे त्योहार मनाये जाने की अपील की। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहें।

## गेरुआ वस्त्रधारी तीन युवकों को भिक्षा मांगना पड़ा भारी

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सतीचैरा क्षेत्र के गांव करेरु के पास गेरुआ वस्त्रधारी तीन युवकों को सारंगी लेकर भजन गायन करते हुए गांव में भिक्षा मांगना मंगलवार को भारी पड़ गया। बीते दिनों से चोरी की घटनाओं से आहत आशंकित ग्रामीणों ने पकड़कर पूछताछ शुरू किया तब सभी मुस्लिम धर्म के निकले। गांव के प्रधान प्रतिनिधि गिरिजेश त्रिपाठी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस की छानबीन में तीन में से दो युवक एक ही घर से और दूसरा उसी गांव का निवासी निकला। चैकी प्रभारी सत्यम अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए युवकों की पहचान बखेरू पुत्र फेरू, हनीफ उर्फ गुदाब, इसराज पुत्र गण भुटकुन निवासी धुंधु मदुरी थाना गोसाईंगंज सुलतानपुर के रूप में सामने आई है।

# सांसद की अगुवाई में सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



मिल्कीपुर-अयोध्या। समाजवादी पार्टी के आह्वान पर मंगलवार को इनायत नगर स्थित मंत्री आवास, पांच नंबर चैराहा से तहसील परिसर तक ह्रसंविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओह्न के नारे के साथ लोकतांत्रिक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रही, जिससे पूरा क्षेत्र सपा के नारों से गूंज उठा। धरना-प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने एसआईआर के नाम पर मतदाताओं के नाम सूची से काटे जाने के प्रयासों पर गहरी चिंता जताते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया। साथ ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान की रक्षा, किसानों की जमीनों पर कथित अतिक्रमण के विरोध तथा बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। धरने को संबोधित करते हुए सांसद फैजाबाद (अयोध्या) एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद ने विस्तृत रूप से अपने विचार रखते हुए कहा कि संविधान केवल एक किताब नहीं, बल्कि देश की आत्मा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने जिस संविधान के माध्यम से हर वर्ग, हर जाति और हर धर्म को समान अधिकार देने की व्यवस्था की, आज उसी व्यवस्था को कमजोर करने की साजिशें की जा रही हैं। सांसद ने कहा कि यदि मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाते हैं तो यह सीधे-सीधे उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने प्रशासन से पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग करते हुए कहा कि किसी भी निर्दोष मतदाता का नाम सूची से काटा गया तो समाजवादी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने किसानों के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि किसानों की जमीन पर किसी भी प्रकार का अन्याय या जबरन कार्रवाई स्वीकार नहीं की जाएगी। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और जनसमस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को जनता के मूल मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, न कि लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित करने पर। अवधेश प्रसाद ने कार्यकर्ताओं से संयम, अनुशासन और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भीतर रहकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी सड़क से सदन तक जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी। वहीं नि. जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर आम मतदाताओं के अधिकारों से खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे समाजवादी पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

## औचक जांच में ठीक मिले दो चीनी मिलों के तौल कांटे



बहराइच। जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला ने बताया कि विधिक बांट माप विज्ञान विभाग की मोबाइल टेस्टिंग वैन ने सहायक नियंत्रक (अयोध्या/देवीपाटन मंडल) के नेतृत्व में इंडियन पोटल लिमिटेड इकाई जरवल रोड तथा पारले चीनी मिल के गेटों पर स्थापित तौल कांटों की जांच की गई। तौल कांटों की जांच में दोनों चीनी मिलों में स्थापित तौल संयंत्र दुरुस्त पाये गये। श्री शुक्ला ने बताया कि तौल कांटों की जांच हेतु सम्पूर्ण प्रदेश में कुल 03 मोबाइल टेस्टिंग वैन हैं। मोबाइल टेस्टिंग वैन द्वारा 10-10 कुन्टल के मानक बांटों द्वारा तौल कांटों की जांच की जाती है। उन्होंने बताया कि तौल कांटों की जांच के समय विधिक बांट माप विभाग के मंडलीय अधिकारी तथा बहराइच के विभागीय अधिकारी, मिलों के इकाई प्रमुख, विभागाध्यक्ष (गन्ना) बड़ी संख्या में चीनी मिल में गन्ना आपूर्तिकर्ता कृषकगण मौजूद रहे। तौल कांटों की जांच के नतीजों पर क्षेत्रीय गन्ना कृषकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई है।

## 14 संदिग्ध ठिकानों पर विभागीय दस्तक, 1 गिरफ्तार





बाराबंकी। आगामी होली पर्व पर सक्रिय होने वाले कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा चलाई जा रही आपरेशन क्लीन मुहिम के अन्तर्गत विभाग की धड़कड़ विशेष प्रवर्तन अभियान के साथ ही तेज हो गई है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन मे जनपद मे चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज मंगलवार को आबकारी निरीक्षक सिरौलीगौसपुर शिवानी सिंह चैहान की टीम ने थाना टिकैतनगर पुलिस के सहयोग से दर्जनो गांवो मे दबिश देकर भारी मात्रा मे कच्ची शराब को बरामद किया है। टीम ने थाना टिकैतनगर अन्तर्गत ग्राम दुर्जनपुर, सिखलिखपुरवा, बिधानगर, रेवढ़ा, सुर्रा, दुल्हदेपुर सहित 14 संदिग्ध ठिकानो पर दबिश दी। दबिश के दौरान 1 अभियोग पंजीकृत करते हुये लगभग 20 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। दबिश पश्चात ग्रामवासियो को अवैध शराब के सेवन से होने वाली बीमारियो के प्रति जागरुक भी किया। दबिश देने वाली टीम में आबकारी सिपाही संजय कुमार सिंह, जावेद अख्तर, महिला सिपाही सीमा सिंह आदि मौजूद रहे।

# गूंजा भारत-नेपाल मैत्री का सांस्कृतिक स्वर

## रंग, रस और रिश्तों से सजी अविस्मरणीय संध्या



बहराइच । भीमराव अंबेडकर पार्क, (सोहनी बलई गांव), बहराइच का प्रांगण मंगलवार को भारत-नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का साक्षी बना, जब संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026 के अंतर्गत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ हुआ। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के संबोधन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी श्री अतुल द्विवेदी जी की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उनके निर्देशन में समस्त व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रहीं। कार्यक्रम में माननीय विधायक प्रतिनिधि बलहा आलोक जिन्दल, ब्लॉक प्रमुख (मिहीपुरवा) अभिषेक वर्मा उर्फ सौरव, विभाग सम्पर्क प्रमुख, बहराइच धर्मेन्द्र सिंह, एसएसबी कैप्टन तिलक राज एवं एसएसबी जवानों की की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख अभिषेक वर्मा ने भारत-नेपाल के ऐतिहासिक एवं पारिवारिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच सदियों पुराना रोटी-बेटी का संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे अनेक पारिवारिक रिश्ते नेपाल से जुड़े हैं और दोनों देशों की संस्कृतियाँ एक-दूसरे में घुली-मिली हैं। उन्होंने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से वह सांस्कृतिक धरोहर पुनः जीवंत हो उठी है, जिसे आधुनिकता की दौड़ में हम कहीं पीछे छोड़ते जा रहे थे। मल्लखंभ सहित विभिन्न प्रस्तुतियों में बच्चों और कलाकारों की प्रतिभा उल्लेखनीय रही। श्री वर्मा ने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध सदैव सौहार्दपूर्ण रहे हैं और आगे भी निरंतर सुदृढ़ होते रहेंगे। हम एक-दूसरे की संस्कृति को साझा करते हुए इस मैत्री को और मजबूत बनाएंगे। अंत में उन्होंने आयोजन हेतु आमंत्रित किए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम दोनों देशों के संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने ह्रजय हिंद, जय भारतह्न के उद्घोष के साथ अपना वक्तव्य समाप्त किया।

## होली से पहले एकतरफा कार्रवाई का आरोपः सभासद समेत 29 लोगों पर शांति भंग नोटिस, इलाके में उबाल

बहराइच। होली पर्व से पूर्व एक पक्षीय पुलिस रिपोर्ट के आधार पर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा हिंदू समाज के लोगो के विरुद्ध शांति भंग की कार्यवाही किए, जाने को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया है। जानकारी के अनुसार प्रशासन ने सभासद सहित कुल 29 लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ धारा 126/135 के तहत नोटिस जारी किए हैं। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के कुछ व्यक्तियों के विरुद्ध संभावित शांति भंग की आशंका जताते हुए की गई है। नोटिस में संबंधित लोगों को पाबंद करने और भारी धनराशि के मुचलके भरने की चेतावनी का भी उल्लेख है। स्थानीय नागरिकों व समाज के प्रतिनिधियों का आरोप है कि त्योहार के समय इस प्रकार की एकतरफा कार्रवाई से सौहार्द बिगड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई पर पुनर्विचार की मांग की है। उधर प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानूनन कदम उठाया गया है और इसमें किसी प्रकार का पक्षपात नहीं किया गया है। स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में सम्पन्न हुआ 763 गरीब कन्याओं का विवाह



बहराइच । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत नवीन गल्ला मण्डी परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 763 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में 149 मुस्लिम जोड़े का निकाह हुआ तथा 614 हिंदू जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज के तहत संपन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में जनपद के समस्त विकासखण्डों व नगरीय निकायों के अंतर्गत जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर, पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोड़, ब्लाक प्रमुख मिहींपुरवा अभिषेक वर्मा उर्फ सौरव, नवाबगंज के जय प्रकाश सिंह, विधायक बलहा के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, भाजपा उपाध्यक्ष कृपाराम वर्मा तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात पाण्डाल में मुख्य वेदी पर यजमान के रूप में संयुक्त रूप से कन्या पूजन के साथ वैदिक रीति-रिवाज के साथ कन्यादान किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, एसडीएम राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह, तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार, बीडीओ मिहींपुरवा विनोद यादव, समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, मोतीपुर थानाध्यक्ष आनन्द चौरसिया, मिहींपुरवा चौकी प्रभारी अशोक सिंह, विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में वर-वधू के रिश्तेदार व इष्टमित्र मौजूद रहे। विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर ने अन्य अतिथियों के साथ कन्याओं को सामग्री एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया तथा लोक कलाकारों को नकद धनराशि भेंट कर उत्साहवर्द्धन किया।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



बहराइच जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान एम.एल.सी. उ.प्र. विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की सदस्य एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा सुझाव दिया गया कि यातायात सुरक्षा नियमों की जनजागरूकता के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच पैम्फलेट का वितरण कराया जाय तथा वाईस रिकार्डर के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की जाय।

जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर चर्चा के दौरान बताया कि कुल चिन्हित 36 ब्लैक स्पाट्स में 29 एनएच/एनएचएआई से तथा शेष 07 ब्लैक स्पॉट्स पीडब्ल्यूडी/सीडी-1 से सम्बंधित हैं। बैठक में उपस्थित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि आगामी बैठक से पूर्व सभी सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे। डीएम ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि सुरक्षात्मक कार्यों को शीघ्र से शीघ्र पूरा कराएं। हिट एण्ड रन से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 57 मामलों की जांच लम्बित हैं। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जांचोपरान्त शीघ्र ही समस्त 57 प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा।

# स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है : डीएम

## आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी गति पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी



बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुसार आमजन को समयबद्ध, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। तथा संबंधित अधिकारियों को शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्रता से बनाये जाने व इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी चिकित्सक मरीजों को बाहर की दवाएं न लिखे। यदि इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला अस्पताल एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थापित जन औषधि केंद्रों को पूर्ण रूप से सक्रिय रखने, यदि किसी दवा का स्टॉक अस्पताल में उपलब्ध न हो तो मरीजों को जन औषधि केंद्र से दवा उपलब्ध कराने, गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा प्रसव सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ही कराने, उपकेंद्रों पर स्थापित डिलीवरी प्वाइंट्स को सक्रिय करने एवं आवश्यकता अनुसार नए डिलीवरी प्वाइंट स्थापित करने, जनपद में संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सीएचओ की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने, प्रत्येक मरीज का समुचित उपचार एवं आवश्यक जांचें कराना अनिवार्य, प्रतिदिन न्यूनतम 10 टेली-कंसल्टेशन सुनिश्चित करने तथा घर पर प्रसव की घटनाओं को पूर्णतः रोकने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव, टीबी उपचार, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु मृत्यु की शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाकर ही जनपद की स्वास्थ्य रैंकिंग में सुधार संभव है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवधेश कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएचसी अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम, आयुष्मान अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट का आरोप

**डलमऊ, रायबरेली।** गदागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूखंन तिवारी का पुरवा, मजरे अम्बरा मथई में एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है।पीड़िता सुख देई पत्नी राम किशुन ने अपनी बहू गीता पर मारपीट का आरोप लगाया है। उनके अनुसार वह सुबह घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान बहू ने उनसे कमरे की चाबी मांगी। सुख देई का कहना है कि उन्होंने हाथ धोकर चाबी देने की बात कही, जिस पर बहू गाली-गलौज करने लगी। आरोप है कि विवाद के दौरान बहू ने डंडे से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई। इस संबंध में थाना प्रभारी दयानन्द तिवारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के उपरांत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** एसपी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं एएसपी अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को रवि कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना अमेठी जनपद अमेठी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुअसं 41/26 धारा 103(1), 85 बीएनएस थाना व जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त उमाकान्त शुक्ल पुत्र अरविन्द शुक्ल निवासी ग्राम पूरे शिवगुलाम (घूरे का पुरवा) मजरे लोहरता हालपता ग्राम बरामासी थाना अमेठी जनपद अमेठी उम्र करीब 34 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने घटनास्थल निरीक्षण से आलाकत्ल बिजली का तार (2 टुकड़ों में), 1 प्लास, 1 टेप, 1 टेस्टर व 1 एक्सटेंसन बोर्ड बरामद किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अमेठी पुलिस ने अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

## हत्याकांड में गवाही देने नहीं आये कोतवाल

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में मंगलवार को तत्कालीन नगर कोतवाल अरुण कुमार द्विवेदी कोर्ट में गवाही देने नहीं आए। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि एडीजे द्वितीय राकेश पांडेय ने पूर्व नगर कोतवाल अरुण कुमार द्विवेदी को छह मार्च के लिए तलब किया है। अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 कोतवाली नगर के विनोवापुरी मोहल्ले में किराए के मकान में हत्या कर दी गई थी। मामले में जल निगम के सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व एक अन्य आरोपित प्रदीप राम के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

## अभियोजन पक्ष ने डॉक्टर हत्याकांड में की बहस

**सुलतानपुर (वीओएल)।** चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में मंगलवार को अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बहस की। चिकित्सक की पत्नी निशा तिवारी कड़ी सुरक्षा के साथ कोर्ट में पेश हुई। एडीजे प्रथम संध्या चैधरी ने शेष बहस के लिए बुधवार की तिथि तय की है। 23 सितंबर 2023 को डॉ. घनश्याम तिवारी की पीट पीटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में नरायनपुर गांव के अजय नारायण सिंह व मायंग गांव के दीपक सिंह के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

# वित्तीय साक्षरता से सशक्त होंगे युवा नागरिकः डॉ. अर्चना

## स्पेक्ट्रम हाई फामेर्सी कॉलेज में वित्तीय साक्षरता की कार्यशाला आयोजित



जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** जामोली, कूरेभार स्थित स्पेक्ट्रम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में संचालित स्पेक्ट्रम हाई फामेर्सी कॉलेज में युवा नागरिकों के लिए वित्तीय शिक्षा विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यशाला 22 फरवरी से 24 फरवरी तक चली, जिसका उद्देश्य युवाओं को वित्तीय रूप से जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना रहा।

कार्यशाला का संचालन प्रशिक्षक डॉ. अर्चना शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स द्वारा, आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन की सीएसआर पहल के अंतर्गत किया गया। कार्यशाला के दौरान निवेश का महत्व, प्राथमिक एवं द्वितीयक बाजार, म्यूचुअल फंड की बारीकियां, वित्तीय नियोजन तथा प्रतिभूति बाजार में करियर के अवसरों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यह समझाया गया कि सही समय पर सही निवेश निर्णय किस प्रकार उनके भविष्य को सुरक्षित बना सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर स्पेक्ट्रम ग्रुप के चेयरमैन आनंद सावरण, एचआर मैनेजर अनूप मिश्र, ज्योति शर्मा, फामेर्सी प्रिंसिपल विवेक वर्मा सहित मनोज गुप्ता, राम बहादुर सिंह, अभिषेक पांडेय, अश्वनी मिश्रा, अदा पांडेय एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

कार्यशाला में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा डॉ. अर्चना शुक्ला से वित्तीय विषयों पर प्रश्न पूछकर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। यह आयोजन युवाओं को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ, जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## झाड़ियों में मिला युवक का शव गला रेतकर हत्या की आशंका

**शुकुल बाजार, अमेठी।** कस्बे में मंगलवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक युवक का खून से लथपथ शव उसके घर से महज 500 मीटर दूर झाड़ियों में पड़ा मिला। घटना बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के इंटर कॉलेज रोड स्थित भारत गैस एजेंसी के पास की है। शव की हालत देखकर प्रथम दृष्टया मामला गला रेतकर नृशंस हत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक की पहचान साहिल 30 पुत्र शरीफ, निवासी शुकुल बाजार कस्बा के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक साहिल सोमवार देर रात घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन की, रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया, मगर उसका कोई सुराग नहीं लगा। मंगलवार सुबह कुछ स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे झाड़ियों में एक शव देखा, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही थाना बाजार शुकुल पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। घटनास्थल का मुआयना करने पर युवक के गले और चेहरे पर धारदार हथियार से किए गए कई गहरे वार के निशान मिले। गले पर गहरा कट इस बात की ओर संकेत कर रहा है कि हमलावरों ने बेरहमी से वारदात को अंजाम दिया। घटनास्थल पर खून के निशान भी पाए गए, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या वहीं की गई या शव को पास में फेंका गया। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए निष्पक्ष जांच और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उनका कहना है कि साहिल की किसी से खुली दुश्मनी की जानकारी नहीं थी, ऐसे में हत्या के पीछे की वजह को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मृतक के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल, आखिरी लोकेशन और हालिया संपर्कों को भी जांच के दायरे में लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। आपसी रंजिश, व्यक्तिगत विवाद या अन्य संभावित कोणों से जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया गया है। इस जघन्य वारदात से पूरे शुकुल बाजार कस्बे में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

## एनएसएस में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली



**अमेठी।** राजर्षि रणंजय सिंह आसल देव पीजी कॉलेज पीपरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। छात्रों ने चयनित गांव भोजपुर में घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। महाविद्यालय के स्वयंसेवक स्वयं सेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रेनू यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार मतदान है। एन. एस. एस. के प्रत्येक स्वयंसेवकों को समाज में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। जाति, धर्म, सम्प्रदाय, लालच से हटकर मतदान करना चाहिए, यदि लोकतंत्र में प्रत्याशी आप को पसंद नहीं है तो नोटा का भी प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण और राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन चन्द्र विजय ने किया।

## एनएसएस शिविर में छात्राओं को हेल्पलाइन व आत्मसुरक्षा की दी गयी जानकारी

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** हौशिला प्रसाद सिंह स्मारक महिला पीजी कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को शिविर का पाँचवाँ दिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना एवं योग सत्र से हुई, जिससे स्वयंसेविकाओं ने दिनचर्या में स्वास्थ्य और अनुशासन का महत्व समझा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधक अवधेंद्र कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू सिंह (प्रथम इकाई), साधना वर्मा (द्वितीय इकाई), ग्राम प्रधान राधेश्याम वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि आदित्य चतुर्वेदी सहित अध्यापकगण एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। विशेष गतिविधि के अंतर्गत दो स्वयंसेविकाओं को थाना गोसाईगंज भेजा गया, जहाँ प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह एवं प्रियंका पटेल ने महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्राओं को 1090, 1091, 112, 102, 108, 14490, 1073 एवं 181 हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग की जानकारी प्रदान की गई। मध्यान्ह भोजन की जिम्मेदारी रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप को सौंपी गई। भोजन उपरांत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में आजाद ग्रुप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## ड्रीम विजन एकेडमी में मेदान्ता हॉस्पिटल का फ्री हेल्थ कैंप, 112 मरीजों को मिला लाभ

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मेदान्ता हॉस्पिटल की ओर से सुल्तानपुर के सिविल लाइन स्थित ड्रीम विजन एकेडमी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 24 फरवरी को आयोजित इस शिविर का उद्घाटन विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती मुक्ता त्यागी ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में कुल- 112 मरीजों ने पंजीकरण कराकर चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श प्राप्त किया। मेदान्ता हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम द्वारा बीपी, शुगर, बीएमडी, ईसीजी सहित अन्य आवश्यक जांचें निःशुल्क की गईं। जांच के दौरान अधिकांश मरीज गठिया, सायटिका और मधुमेह से पीड़ित पाए गए, जिन्हें उचित परामर्श और आगे के उपचार की जानकारी दी गई। शिविर में डॉ. आनंद (एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन) सहित कई चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने सेवाएं प्रदान कीं। मेदान्ता हॉस्पिटल लखनऊ की टीम के सदस्यों ने सेवा भावना के साथ मरीजों की जांच कर उन्हें संतोषजनक मार्गदर्शन दिया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में विशेष प्रसन्नता देखने को मिली। कार्यक्रम को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकताओं, पत्रकारों और स्वयंसेवकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पत्रकार एसोसिएशन सुल्तानपुर एवं श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को शिविर की जानकारी दी गई। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पीएलवी सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग किया। शिविर के समापन पर आयोजकों ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर जनसेवा का कार्य जारी रखा जाएगा।



# सदर विधायक ने खुरहटी गांव में नवनिर्मित राजकीय नलकूप का किया लोकार्पण



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत खुरहटी गाँव में नवनिर्मित राजकीय नलकूप का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह नलकूप क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करेगा और खेती को नई मजबूती प्रदान करेगा।

सदर विधायक अदिति सिंह ने किसानों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के मद्देनजर कहा कि किसान खुशहाल है और बिजली पानी तथा उर्वरक समेत सभी प्रकार से सरकार के सफल प्रयास से किसान की स्थिति मजबूत हो रही है उन्होंने बताया कि तमाम योजनाओं में शामिल जगह जगह पर नलकूप की व्यवस्था एवं बिजली की आपूर्ति किसानों के लिए मुफीद साबित हुई जिससे किसानों के आय में वृद्धि हो रही है किसान समृद्ध योजना के अंतरगत व्यवस्था में बदलाव प्रदेश सरकार की योजनाओं का हिस्सा है । उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह से आत्मीय संवाद किया तथा क्षेत्र से आए सम्मानित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनहित और विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता निरंतर इसी प्रकार आगे बढ़ाने का काम हमारी सरकार करती रहेगी।

## कमला नेहरू संस्थान में जनपदीय इतिहास संकलन समिति की नयी टीम का गठन

**सुलतापुर (वीओएल)।** जनपद के इतिहास को संरक्षित और संकलित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में जनपदीय इतिहास संकलन समिति की कार्यकारिणी बैठक कमला नेहरू संस्थान में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के अध्यक्ष प्रो. राधेश्याम सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संस्थान के प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह को जनपदीय इतिहास संकलन समिति का अध्यक्ष तथा डॉ. सतीश सिंह को महासचिव चुना गया। वहीं डॉ. समीर पांडेय को उपाध्यक्ष और अखिलेश कुमार यादव को युवा इतिहासकार परिषद का प्रमुख नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त समिति के अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. सतीश सिंह ने समिति के उद्देश्यों और भावी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. राधेश्याम सिंह ने कहा कि इतिहास बोध मानव जीवन में अस्तित्व और पहचान की भावना को जागृत करता है, इसलिए प्रत्येक समाज को अपने अतीत के संरक्षण के प्रति सजग रहना चाहिए। वहीं प्रो. शैलेंद्र प्रताप सिंह ने नवगठित कार्यकारिणी को जनपद स्तर के ऐतिहासिक तथ्यों के वैज्ञानिक संकलन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. शक्ति सिंह ने सभी अतिथियों, सदस्यों और सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह, डॉ. मो. शकील, डॉ. आलोक कुमार वर्मा, डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, डॉ. भूपेन्द्र सिंह एवं डॉ. सुशील मिश्रा सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे।

# पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र ने किया निरीक्षण



**रायबरेली।** पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र किरण एस. ने जनपद का औपचारिक भ्रमण एवं निरीक्षण किया। यह दौरा आगामी प्रमुख त्योहारों होली, रमजान आदि को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों की समीक्षा और पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

आईजी सुबह रिजर्व पुलिस लाइन रायबरेली पहुंचे जहां पुलिस अधीक्षक रवि कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया।

आगमन के बाद आईजी ने पुलिस लाइन स्थित संगोष्ठी भवन में समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जनपद के सभी थाना प्रभारी गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअली जुड़े रहे। बैठक का मुख्य फोकस आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर रहा। आईजी ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी सुनिश्चित करने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सतत पैदल गश्त बढ़ाना, सोशल मीडिया की निरंतर मॉनिटरिंग, अफवाहों पर त्वरित और प्रभावी नियंत्रण, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखन के लिए क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया।

### पुलिस कार्यालय व थानों का गहन निरीक्षण

बैठक के पश्चात आईजी ने पुलिस कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों का अवलोकन करते हुए कार्यों की समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के सख्त निर्देश दिए गए। इसके बाद भ्रमण कार्यक्रम के तहत थाना कोतवाली नगर एवं थाना हरचंदपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, मिशन शक्ति कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का बारीकी से जायजा लिया। थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों की सुव्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण संबंधी कार्यवाहियों की समीक्षा की गई। हरचंदपुर थाने में निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला डेस्क, मालखाना, सीसीटीएनएस पर जाकर जानकारी ली, पेंडिंग पड़े मुकदमों को जल्द निस्तारित करने के आदेश दिए। वहीं फरियादियों के लिए दिशा निर्देश देते हुए कहा कि महिला संबंधित कोई भी फरियादी आती हैं तो पहले प्राथमिकता दी जाए। साथ ही साथ जो भी मामले आते हैं उनको तुरंत निस्तारित करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा, सीओ महराजगंज प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

## भगवान शंकर की मूर्ति की स्थापना को लेकर निकली शिव बारात

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के पूरे चैन मजरे कुम्हरौड़ा गांव में धमार्नुरागी गणेश प्रसाद शर्मा के द्वारा महादेव शक्ति पार्वती मंदिर की स्थापना की गई है। श्री शर्मा द्वारा मंदिर में जहां भोले बाबा के शिवलिंग की स्थापना की गई है । वहीं भगवान गणेश ,नंदी ,कार्तिकेय, मां पार्वती, भगवान विश्वकर्मा और बजरंगबली की मूर्तियों की भी स्थापना धार्मिक रीति रिवाज के साथ हुई है। मंगलवार को भगवान शिव की बारात ने क्षेत्र के भगवान गहरेश्वर मंदिर और बाबा बाल्हेश्वर मंदिर का दर्शन पूजन किया है। भक्तों ने शिवलिंग की परिक्रमा कर मंदिर की स्थापना के प्रति बाबा बाल्हेश्वर से आशीर्वाद प्राप्त किया। गाजे-बाजे के साथ निकली बारात में महिलाएं भी मंगलाचार गा रही थी। गणेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि मूर्तियों की स्थापना के बाद आज बुधवार को भंडारे का भी आयोजन होगा।

## खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** शाहपुर लपटा स्थित खेल मैदान में मेरा युवा भारत सुल्तानपुर (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एथलेटिक्स, कबड्डी वॉलीवाल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। महिला एंव पुरुष वर्ग के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मैडल, शील्ड व स्पोर्ट्स किट देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के 800 मीटर दौड़ में अहिरौली के अमन चैबे प्रथम, लामा बनकठा के प्रदीप कुमार द्वितीय व लामा के ही अनुराग यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिकाओं के कबड्ड़ी टीम में एस.एन. पब्लिक स्कूल की टीम ने प्रथम व द्वितीय दोनों ही स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में रीता कुमारी प्रथम, अनामिका द्वितीय व आकृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालक वर्ग में अविनाश प्रथम, चन्द्रशेखर द्वितीय व अंकित ने तीसरा स्थान हासिल किया। वालीबाल में चैहानपुर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता बनी। वहीं डींगुरपुर बनकेगांव टीम उपविजेता रहीं। कबड्डी बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में शाहपुर लपटा बिजेता व एस. एन. पब्लिक स्कूल उपविजेता रहीं। प्रतियोगिता के विजेताओं को नेहरू युवा केन्द्र के पूर्व एनवाईवी भाजपा नेता अंकित मिश्र ने मैडल, शील्ड व स्पोर्ट्स किट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सचिन तिवारी, अंकुर मिश्र, फूलराज सिंह, मोहन निषाद, शेषकुमारी पाण्डेय, प्रीति सिंह, सृष्टि सिंह, मीनाक्षी सिंह आदि उपस्थित रहीं।

## डॉ.आशीष ने नेत्र रथ का किया शुभारंभ

**सुलतानपुर (वीओएल)।** समाज सेवा को समर्पित भाव के साथ डॉ. आशीष तिवारी, संस्थापक सेवार्थम फाउंडेशन एवं वरिष्ठ नेता निषाद पार्टी ने अपने जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए नेत्र रथ का शुभारंभ कर उसे जनता को समर्पित किया। सोमवार को उनके पैतृक निवास पर हजारों समर्थकों की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर निरूशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया, जिसमें 100 से अधिक लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए गए। डॉ. तिवारी ने कहा कि नेत्र रथ गांव-गांव जाकर लोगों की आंखों की जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराएगा, ताकि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। भजन गायकों एवं कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। फाउंडेशन के प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यकताओं और समर्थकों ने डॉ. तिवारी को फूल-मालाओं एवं उपहार भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके सामाजिक कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। गौरतलब है कि सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा हाल के दिनों में गंगाजल रथ, भव्य रोजगार मेला, कंबल वितरण, गरीबों के उपचार और आवास निर्माण जैसे अनेक जनहितकारी कार्य किए गए हैं। जन्मदिन के अवसर पर सेवा का यह संकल्प समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला कदम माना जा रहा है।



# आरेडिका का हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक और प्रयास

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में आरेडिका के सुपरवाइजर विश्रामगृह में 112.2 किलोवाट, तकनीकी प्रशिक्षण छात्रावास में 138.6 किलोवाट, केन्द्रीय विद्यालय में 223.2 किलोवाट, वर्कर कैंटीन में 255.6 किलोवाट गंधमादन अधिकारी विश्रामगृह में 75 किलोवाट, चिकित्सालय में 246.6 किलोवाट सहित कुल 1050 किलोवाट का बाइफेशियल रूफटॉप सोलर पैनल लगाया गया। इस नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशांत कुमार द्वारा उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। बाइफेशियल सोलर पैनल ऐसे अत्याधुनिक सौर पैनल हैं जो सामने और पीछे, दोनों तरफ से सूर्य की रोशनी का उपयोग कर बिजली बनाते हैं। ये पारंपरिक पैनलों की तुलना में 10-30 प्रतिशत अधिक बिजली पैदा करते हैं। ये विशेष रूप से रिफ्लेक्टिव सतहों (जैसे सफेद छत या जमीन) पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं और कम जगह में अधिक ऊर्जा देने के लिए सर्वोत्तम हैं। हर सोलर प्लेट 600 वाट की है। आरेडिका के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल के निर्माण से आरेडिका का कुल सोलर ऊर्जा क्षमता बढ़कर 5.13 मेगावाट हो गयी। इस सोलर प्लाण्ट को सीधे ग्रिड से जोड़ा गया है। इस संयंत्र की स्थापना से लाखों रुपये रेलवे राजस्व की प्रत्येक वर्ष बचत होगी और 4-5 वर्ष में कुल खर्च को पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही कार्बन फुट प्रिन्ट जैसे मानको में कमी आएगी एवं हरित ऊर्जा तथा स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि होगी।



**आरेडिका हॉस्पिटल में फिजियोथेरेपी सुविधाओं का विस्तार**

आरेडिका चिकित्सालय में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा के कर कमलों द्वारा फिजियोथेरेपी सुविधाओं का विस्तार किया गया। आरेडिका चिकित्सालय ने अपने फिजियोथेरेपी सुविधाओं का विस्तार अत्याधुनिक मशीनों के साथ किया। जिसमें बाईपोलर डाइथर्मल जैसी मशीनें लगाई गयीं । इन मशीनों के द्वारा रेल कर्मियों और उनके परिजनों को चोट तथा दर्द आदि की स्थिति में उच्च स्तरीय फिजियोथेरेपी सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। पीसीएमओ डॉ. आभा जैन ने बताया कि ये फिजियोथेरेपी मशीनें चिकित्सा सेवा के स्तर को एक नई दिशा प्रदान करेंगी जो बिना किसी जलन एवं कष्ट के रोगियों के दर्द की समस्या को ठीक कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर आरेडिका के, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव आदि उपस्थित रहे।

## दुकानों से लेकर बंद मकानों तक निशाना गोसाईगंज क्षेत्र में चोरों की दहशत में लोग

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में 18, 20 और 22 फरवरी को हुई छह चोरी की वारदातों ने क्षेत्र में दहशत फैला दी है। दुकानों और बंद मकानों को निशाना बनाकर चोर लाखों रुपये के जेवरात व नकदी पार कर ले गए। लगातार घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। 18 फरवरी को हुसैनगंज गांव में किराना दुकानदार शाबिर अली की दुकान का शेड काटकर करीब 45 हजार रुपये नकद व लगभग 50 हजार रुपये का सामान चोरी हुआ। पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़कर 115 पैकेट सिगरेट व 14,200 रुपये बरामद किए, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं। 20 फरवरी की रात त्रिलोकीपुर डीहढ़ग्गुपुर गांव में दो घरों से नकदी व जेवर चोरी हुए। इसी रात मोतीगंज बाजार स्थित दिव्य मेडिकल स्टोर और पंकज ज्वैलर्स में भी चोरों ने हाथ साफ किया। पुलिस व फोरेंसिक टीम जांच में जुटी है। 22 फरवरी को हयातनगर रोड पर बंद मकान से करीब 45 हजार रुपये नकद और लगभग 20 लाख रुपये के जेवर चोरी कर लिए गए। लगातार वारदातों से लोगों में भय और व्यापारियों में आक्रोश है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि जांच जारी है और जल्द खुलासा किया जाएगा।

संक्षेप

## शातिर अभियुक्त को किया जिलाबदर

**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में फिरोजाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पचोखरा पुलिस द्वारा शातिर जिलाबदर अभियुक्त सत्ते उर्फ सत्यवीर पुत्र बलवीर सिंह निवासी गढ़ी निर्भय थाना पचोखरा फिरोजाबाद को बाद तामील नोटिस कराकर 3 माह के लिए जिलाबदर किया गया है, जिसे थानाध्यक्ष अमित तोमर ने पुलिस टीम के साथ जनपदीय सीमा बॉर्डर से बाहर जनपद आगरा की सीमा में छोड़ा है। जिलाबदर की अवधि के दौरान अगर अभियुक्त जनपद फिरोजाबाद की सीमा में पाया जाता है तो कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## अपर नगर आयुक्त ने सुनीं शिकायतें

**मथुरा।** जन शिकायतों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को शुरू किए गए ह्लसंभवह्व संतुष्टि एवं समृद्धि के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिसके दृष्टिगत मंगलवार को सुबह से भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में अपर नगर आयुक्त सौरव सिंह द्वारा जनसुनवाई की गई एवं वृंदावन जोनल कार्यालय में अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक जी द्वारा जनसुनवाई की गई तथा जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा-वृंदावन कार्यालय में अवर अभियंता जल अजय कुमार द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायत कर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान भूतेश्वर जोन में कुल 05 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 04 अतिक्रमण तथा 01 लाइट के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें से 01 लाइट से संबंधित शिकायत का निस्तारण करा दिया गया है। एवं वृंदावन जोन में कुल 08 शिकायत प्राप्त हुई है। जिनमे से 04 जलकल, 03 निर्माण एवं 01 सफाई से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती कल्पना सिंह चैहान, सहायक नगर अनुज कौशिक, अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम आदि उपस्थित रहे।

## 1 मार्च को होगी गोकुल की छड़ीमार होली

**मथुरा।** होली के विविध रंगों के बीच गोकुल की सुप्रसिद्ध छड़ीमार होली के लिए मंच सज चुका है। 1 मार्च को गोकुल में परंपरा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजन समिति के अनुसार श्रद्धालुओं पर 21 क्विंटल अबीर-गुलाल और 5 क्विंटल शुद्ध टेसू के फूलों से बना प्राकृतिक रंग बरसाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ठाकुर जी भव्य डोले में विराजमान होकर गोकुल की कुंज गलियों का भ्रमण करेंगे। यह शोभायात्रा मुख्य बाजार और नंद चैक से होते हुए मुरलीधर घाट पहुंचेगी। शोभायात्रा में ग्वाल-बाल और गोपियों के भेष में श्रद्धालु भजन-कीर्तन और नृत्य करते हुए चलेंगे। मुरलीधर घाट पर ही वह ऐतिहासिक छड़ीमार होली खेली जाएगी जिसे देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटक आते हैं।

# रंगोत्सव का कैबिनेट मंत्री ने किया शुभारंभ



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** बरसाना स्थित श्रीराधा बिहारी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में रंगोत्सव 2026 के संबंध में आयोजित भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा किया गया। प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत, मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एनजी, उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल आदि ने कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर पहले श्रीराधा कृष्ण के स्वरूप में नृत्य प्रस्तुत हुई।

प्रदेश के केबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने रंगोत्सव 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा बृजवासी श्री राधा-रानी जी और श्री कृष्ण जी को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। जो प्रेम की भाषा और संतों का सम्मान बृज की भूमि में मिलता है, वह और कहीं नहीं है। पहले बरसाना की लट्ठमार होली उत्तर भारत में ही एक प्रसिद्ध पर्व के रूप में मनाई जाती रही है, लेकिन आज बरसाना की होली विश्व प्रसिद्ध हो चुकी है। दुनिया भर से श्रद्धालु यहां की होली खेलने के लिए आतुर रहते हैं। यह प्रदेश की वर्तमान योगी आदित्यनाथ की सरकार की वजह से संभव हुआ है। कोई भी संत कितना भी ज्ञान अर्जन कर ले लेकिन ब्रजभूमि के दर्शन किए बिना उनकी तपस्या पूर्ण नहीं मानी जाती। ऐसे पवित्र स्थल की पवित्रता और तीर्थ स्थल को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि न सिर्फ मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना में पर्यटन व तीर्थों का विकास हुआ है बल्कि पूरे प्रदेश में भी पर्यटन व धार्मिक स्थलों का विकास हुआ है। इससे साफ है कि वर्तमान प्रदेश सरकार की कार्यशैली से उप्र की छवि बदल चुकी है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया कि रंगोत्सव के दौरान बरसाना में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति विनम्र व्यवहार बनाए रखें। श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों की सुविधा व सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। रंगोत्सव 2026 शुभारंभ के अवसर पर मंच पर बृज संस्कृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली पर आधारित नृत्य प्रस्तुति ने सभी मंचासीन अतिथियों और श्रद्धालुओं का मन मोहा।

## बरसाना सतरंगी सागर में आया नजर जमकर बरसे लड्डू, लूटने को मची होड़

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** फाल्गुन की उमंग और ब्रजरस की परंपरा के बीच बरसाना एक बार फिर द्वापर युगीन प्रेमलीला का जीवंत मंच बन गया। लठामार होली से एक दिन पूर्व नंदगांव से आए पंडा ने जैसे ही होली का संदेश सुनाया तो श्रीराधा ने लड्डू खिलाकर होली खेलने की अनुमति दी। इसी के साथ पूरा वातावरण रंग, रस और भक्ति में सराबोर हो उठा। श्रीराधा रानी मंदिर बरसाना के लाड़िली महल प्रांगण में सतरंगी गुलाल उड़ने लगा और लड्डुओं की वर्षा होने लगी। इससे बरसाना सतरंगी सागर नजर आया।

मंगलवार की सुबह नौ बजे राधादासी लठामार होली का निमंत्रण देने के लिए नंदगांव पहुंची। शाम लगभग चार बजे राधारानी मंदिर में सेवायतों ने भक्त और भगवान के बीच लगा पर्दा हटाया। पर्दा हटते ही रंग-बिरंगी कढ़ाईदार पोशाक में सुसज्जित राधा-कृष्ण के दर्शन हुए। इसी के साथ ब्रह्मांचल पर्वत जयकारों से गूंज उठा। पारंपरिक लड्डू होली के दौरान मंदिर प्रांगण और पर्वत पर हजारों किलो लड्डुओं की वर्षा हुई। ढोल नगाड़ों की गूंज, शहनाई की मधुर धुन और होरी के रसिया के बीच नंदगांव से आए पंडा ने लड्डू बरसाते हुए संदेश दिया कि अगले दिन कृष्ण अपने ग्वाल-बालों संग बरसाना में होली खेलने आएंगे। बरसाना के ग्वालों ने पारंपरिक मधुर गालियों और जयघोष के साथ पांडा का स्वागत किया। हवाओं में उड़ते गुलाल और अबीर ने पूरे वातावरण को सतरंगी बना दिया। गोस्वामी समाज द्वारा ढप और मृदंग की संगत पर समाज गायन हुआ, जिसमें श्रद्धालु झूमते नजर आए। स्वर्णिम श्रृंगार में विराजमान युगल स्वरूप के दर्शन कर भक्त भावविभोर हो उठे।

बरसाना और नंदगांव की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम का प्रतीक है, जिसे सदियों से दोनों गांव निभाते आ रहे हैं। मान्यता है कि इसी आध्यात्मिक संबंध के कारण दोनों गांवों के बीच वैवाहिक रिश्ते नहीं होते और आज भी द्वापरकालीन परंपराएं पूरी श्रद्धा से निभाई जाती हैं। होली के इस विशेष अवसर पर, स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए मेले क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई, ताकि यह उत्सव बिना किसी बाधा के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# पुलिस ने डीजे संचालकों को दिये दिशा निर्देश



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा आगामी त्यौहार होली को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से डीजे संचालकों संग मीटिंग आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें बताया गया कि निर्धारित ध्वनि सीमा का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए, अश्लील भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक गानों का प्रसारण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। डीजे केवल निर्धारित समय एवं अनुमति के अनुसार ही बजाए जाएँ, जुलूस कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था एवं सार्वजनिक शांति बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अराजकता या कानून व्यवस्था से संबंधित समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें, निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## प्रभावी हीट वेव एक्शन प्लान तैयार करें अधिकारी

**फिरोजाबाद।** आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रशासन ने अपनी तैयारीयों को धरातल पर उतारने हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक समीक्षा बैठक आयोजित की, जिसमें उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने स्तर पर एक प्रभावी हीट वेव एक्शन प्लान तैयार करें, ताकि नागरिकों को राहत पहुंचाई जा सके, इस अभियान में नगर निगम, चिकित्सा, जलापूर्ति एवं श्रम विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी, बैठक के दौरान निर्देशित किया गया है कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर और प्याऊ लगाई जाए, साथ ही जलापूर्ति की निरंतरता को बनाए रखने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएं, जिसमें अर्बन लोकल बॉडी का पूर्ण सहयोग रहेगा, चिकित्सा विभाग को दवाओं की निरंतरता और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रो पर ओ0आर0एस0 घोल एवं जीवन रक्षक दवाओं की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करने हेतु कहा गया, जबकि श्रम विभाग को निर्देशित किया गया कि वह कारखानों और श्रमिकों के कार्य स्थलों पर कार्य करने वालें कार्मिकों के लिए छाया व स्वच्छ पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, सभागार कक्ष में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को हीट बेव एक्शन प्लान का ऑनलाइन के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कराया गया। अंत में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भीषण गर्मी के दौरान किसी भी नागरिक को असुविधा न हो, बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त पुलिस विभाग के अधिकारी अपर आयुक्त नगर निगम आदि उपस्थित रहे।

## अमान्य स्कूलों पर कसेगा शिकंजा, टीसी के बिना नहीं होगा दाखिला : बीएसए

**फिरोजाबाद।** जनपद में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूलों पर लगाम कसने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय ने सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं। बीएसए ने स्पष्ट किया है कि जनपद में कोई भी अमान्य या अनधिकृत स्कूल संचालित नहीं होने दिया जाएगा। यदि निरीक्षण के दौरान ऐसा पाया गया, तो भारी आर्थिक दंड के साथ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

**मान्यता की जांच कर ही करायें प्रवेश :** बीएसए ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का दाखिला किसी भी स्कूल में कराने से पहले यह भली भांति सुनिश्चित कर लें कि वह विद्यालय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है या नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि डमी स्कूलों या अत्यधिक शुल्क वसूलने वाले संस्थानों के खिलाफ जांच के बाद मान्यता निरस्तीकरण की संस्तुति की जाएगी।

नियमों को सख्त करते हुए विभाग ने निर्देश दिया है कि कोई भी विद्यालय छात्र छात्राओं के प्रवेश के समय पिछले स्कूल से जारी ट्रांसफर सर्टिफिकेट और आवश्यक दस्तावेजों के बिना दाखिला न ले। वहीं, अभिभावकों को भी सलाह दी गई है कि वे पुराने स्कूल की बकाया फीस जमा कर टीसी और यू-डायस नंबर अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि नए स्कूल में प्रवेश में कोई बाधा न आए। जारी निर्देशों के अनुसार, कोई भी स्कूल रविवार या किसी भी शासकीय अवकाश के दिन कक्षाओं का संचालन नहीं कर सकेगा। इसके साथ ही, सभी विद्यालयों को शिक्षा के अधिकार के तहत निर्धारित 25 प्रतिशत सीटों पर निर्धन बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। बीएसए आशीष कुमार पाण्डेय ने अभिभावकों को भी सचेत किया है कि आरटीई के तहत प्रवेश पाने के लिए यदि किसी ने कूटरचित या फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए, तो जांच के बाद न केवल प्रवेश निरस्त होगा, बल्कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## 125 बेटियों को शिक्षा के लिए मिलेगा 'प्रियाकांतजु विद्याधन'



**मथुरा।** वृन्दावन ठा श्रीप्रियाकान्जु मंदिर कोष से प्रतिवर्ष ब्रज की जरूरतमंद परिवारों को बेटियों को मिलने वाले शिक्षा सहयोग के लिये आवेदन प्रारम्भ हो गये हैं। इस वर्ष भी ब्रज को 125 बेटियों को पढाई हेतु आर्थिक सहयोग दिया जायेगा। मंदिर संस्थापक देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज मंदिर पर आयोजित होली महोत्सव में बेटियों को सहयोग राशि प्रदान करेंगे। जरूरतमंद बेटियां मंदिर कार्यालय पर आवेदन कर सकती हैं। प्रियाकान्तजु मंदिर सचिव विजय शमां ने बताया कि वर्ष 2016 में मंदिर स्थापना से ही बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओअभियान में अपना सहयोग प्रारम्भ किया गया था। बति 10 वर्षों से ब्रज की होनहार एवं जरूरतमंद बेटियों का चयन इस योजना के लिये किया जाता है। प्रत्येक बालिका को एक वर्ष के लिये इक्यावन सौ रुपए की धनराशि पढाई सहयोग में दी जाती है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले बेटियों को सहयोग जारी रहता है। देवकीनंदन महाराज प्रत्येक वर्ष बेटियों को यह सहयोग प्रदान करने के साथ ही कथा में आने वाले परिवारों को कन्या भ्रुण हत्या न करने की शपथ दिलवाते हैं। मंदिर मीडिया प्रभारी जगदीश वर्मा ने बताया 6 से 12 वीं कक्षा की ऐसी बेटियाँ जिनके पिता का देहान्त हो चुका है या परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हैं, वे 25 फरवरी तक इसमें आवेदन कर सकती हैं। मंदिर कार्यालय पर 12 बजे के बाद आवेदन पत्र भरे जायेंगे। छात्रायें वर्तमान कक्षा का आइडी कार्ड, फीस रशीद, पिछली कक्षा की मार्कशीट, आधार कार्ड, अपना या माता पिता की बैंक पासबुक कॉपी, 2 फोटो के साथ आवेदन कर सकती हैं। सामान्य ज्ञान परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से 125 बेटियों का चयन किया जायेगा।

**प्रियाकांतजू 2 मार्च को भक्तों संग खेलेंगे होली :** वृंदावन के प्रियाकांतजु मंदिर में 23 फरवरी से श्रीमद्भागवत कथा के साथ महोत्सव शुरू होगा और 2 मार्च को हाइड्रोलिक पिचकारी से सात प्रकार की होली खेली जाएगी। ठाकुर श्रीप्रियाकांतजु मंदिर की प्रसिद्ध हाइड्रोलिक होली दो मार्च को खेली जाएगी। देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज के सानिध्य में रंगों में सराबोर होंगे। मंदिर में 23 फरवरी से महोत्सव का प्रारंभ होगा। इसकी तैयारियां पूर्ण कर लीं हैं। प्रियाकांतजु मंदिर के प्रबंधक रवि रावत ने बताया कि विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 23 फरवरी से 1 मार्च तक दोपहर 3.30 से सायं 7 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। इसमें देवकीनंदन महाराज कथा सुनाएंगे। वहीं 2 मार्च को मंदिर प्रांगण में सुबह 10 बजे से सात प्रकार की होली होगी। इसे फूलों की होली, लड्डू-जलेबी होली, रसिया गायन होली, भजन नृत्य होली, लठामार होली, गुलाल की और अंत में टेसू के रंगों से होली खेली जाएगी। श्रद्धालुओं पर हाइड्रोलिक पिचकारी से टेसू के फूलों से बने रंग बरसाए जाएंगे।

## एसीएमटी कॉलेज में 46 छात्रों का कंपनी ने किया चयन

फिरोजाबा। मंगलवार को रूपसपुर स्थित एसीएमटी कॉलेज में डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए एलकॉन कंपनी द्वारा साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसके एचआर पंकज कुमार ने 64 छात्रों का साक्षात्कार लिया। उनके द्वारा लिए गए इंटरव्यू में 46 छात्रों का चयन किया गया। इस मौके पर एसीएमटी कॉलेज के चेयरमैन योगेश यादव ने चयनित हुए छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही अन्य छात्रों को भी आगे आने वाली कंपनियों में चयनित होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कॉलेज हेड विकास यादव, संजीव यादव, कुलदीप सिंह रमन कुमार, प्रदीप कुमार, गौतम, नवीन कुमार आदि शिक्षकगण तथा स्टाफ मौजूद रहे। फोटो एसकेबी शिकोहाबाद के एसीएमटी कॉलेज में साक्षात्कार लेते हुए।

# काशी विश्वनाथ धाम से प्रसाद पहुंचा जन्मभूमि, श्रद्धालु हुए अभिभूत



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर रंगभरी एकादाशी को आयोजित लठामार होली महोत्सव के लिए श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी से वृहद मात्रा में प्रसादी-सामग्री पहुँची। इस संबंध में जानकारी देते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि श्रीकाशी विश्वनाथ धाम से होली महोत्सव के लिए वृहद मात्रा में रंग, गुलाल, अबीर, वस्त्र, फल, पुष्प आदि अनेकानेक सामग्री सुसज्जित वाहन से आज फाल्गुन शुक्ल अष्टमी तद्नुसार 24 फरवरी को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर पहुँची। संस्थान के पदाधिकारी, पूजाचार्य एवं भक्तों ने ढोल, मृदंग, मजीरे की मंगल ध्वनि एवं मंत्रोच्चारण से शोभायात्रा का स्वागत किया। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम से प्राप्त प्रसाद-सामग्री का शोभायात्रा के रूप में मंदिर परिसर में प्रवेश कराया। उद्दाम संकीर्तन के मध्य भक्तों ने पुष्पवर्षा कर प्रसाद सामग्री को नमन किया। श्री काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी से प्राप्त प्रसाद सामग्री रंगभरी एकादशी शुक्रवार दिनांक 27 फरवरी 2026 को प्रिया-प्रियतम को अर्पित की जायेगी। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सकारात्मक वृहद रचनात्मक सहयोग एवं भावमय सेवा के लिए आभार प्रकट करते हुये कहा कि काशी एवं मथुरा के मध्य स्थापित ऐसी धार्मिक परंपरायें भविष्य में आध्यात्मिक नवाचार के अन्य मार्गों को प्रशस्त कर करोड़ों-करोड़ सनातन धर्मावलम्बियों को आनन्दित करेगी।

## सोलह श्रृंगार कर राधा दासी सखी ने बरसाना से नंदभवन पहुंचाया लट्ठमार होली का निमंत्रण

**मथुरा।** लट्ठमार होली से पूर्व मंगलवार को बरसाना से कान्हा व उसने सखाओं को होली का निमंत्रण जाना था। जिसको लेकर राधारानी की सखी के रूप के राधा दासी सखी वर्षों से जा रही है। वृंदावन की रहने वाली राधा दासी सखी सुबह लाडलीजी मंदिर पहुंचीं है। जहां वो सोलह श्रृंगार करती हैं। इसके बाद राधारानी से अनुमति लेती है। इस दौरान मंदिर सेवायत द्वारा राधा दासी को हड़िया में गुलाल भरकर देते है। गुलाल के साथ इत्र, बीड़ा, फोआ व प्रसाद भी देते है।

ढोल नगाड़ों के साथ राधा दासी लाडली जी मंदिर से नीचे उतर कर रंगीली गली पहुंची हैं। जहां स्थानीय लोग उसे बड़े भाव के साथ नंदभवन के लिए रवाना करते हैं। इस दौरान राधा दासी के साथ गोपाल सखी भी उनके साथ नंदगांव जाती है। राजस्थान के जयपुर में जन्मीं राधा दासी सखी बताती हैं कि 16 वर्ष कि उम्र में उसने अपना घर परिवार छोड़ दिया और वो वृंदावन आ गई। जहां उनका संर्पक श्यामा सखी से हुआ।

बरसाना होली का निमंत्रण लेकर आज से 35 साल पहले श्यामा सखी नन्दभवन जाती थी, लेकिन उनके बाद अब मैं होली का निमंत्रण लेकर जा रही हूं। मैं सालभर से इस पल का इंतजार करती हूं कि कब राधारानी का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिले कि कान्हा को होली सन्देश देने नन्दभवन जाए। लंबा घूंघट डालकर लहंगा चुनरी ओढ़कर तथा हड़िया में गुलाल व प्रसाद लेकर जब मैं नन्दभवन पहुंचती हूं तो नन्दगांव के लोग मेरा पूरा आदर-सत्कार करते है। इस सम्मान को पाकर में धन्य हो जाती हूं। बरसाना से पहुंचा अबीर और गुलाल सबसे पहले कृष्ण बलराम को लगाया गया, जिसके बाद नंदगांव के प्रत्येक घर घर में होली के निमंत्रण को लेकर गुलाल वितरित किया गया। वहीं नंद बाबा मंदिर में बरसाना से पहुंची सखियों का भव्य स्वागत किया गया।

## कानपुर स्टेशन से चोरी की गयी 2वर्षीय बच्ची को जीआरपी टूंडला ने सकुशल बरामद किया

**टूंडला।** जीआरपी थाना टूंडला पुलिस ने कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन से चोरी की गई 2 वर्षीय बच्ची को तत्परता दिखाते हुए सकुशल बरामद किया है। दिनांक 23.02.2026 को कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन क्षेत्र से 02 वर्षीय बच्ची सीता के चोरी होने की सूचना प्राप्त होते ही थाना जीआरपी कानपुर एवं आरपीएफ टीम द्वारा तत्काल सजगता दिखाते हुए सीसीटीवी अवलोकन एवं तकनीकी माध्यमों से सघन प्रयास कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर त्वरित रूप से थाना जीआरपी टूंडला को सटीक सूचना प्रेषित की गई। सूचना प्राप्त होते ही थाना जीआरपी टूंडला पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया।



संपूर्ण प्रक्रिया लगभग चार घंटे के भीतर पूर्ण की गई। यह कार्यवाही थाना जीआरपी कानपुर, आरपीएफ एवं थाना जीआरपी टूंडला और सीआईबी आरपीएफ अलीगढ के उत्कृष्ट समन्वय तत्परता एवं सराहनीय प्रयासों का परिणाम है। बच्ची पूर्णतः सुरक्षित है, परिजनों को सुपुर्दगी की की गई है। प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर 27 फरवरी को होगी अभिनव लट्ठमार होली

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर विश्वप्रसिद्ध लट्ठमार होली महोत्सव का आयोजन बहुत ही अनूठे एवं उल्लास के साथ 27 फरवरी 2026 को किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की परंपरागत लठामार होली फाल्गुन शुक्ल रंगभरी एकादशी तद्नुसार शुक्रवार दिनांक 27 फरवरी 2026 को आयोजित की जायेगी। श्रीकृष्ण जन्मस्थान की विश्वप्रसिद्ध लठामार होली को दिव्य-भव्य एवं मयार्दाओं के अनुसार संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियों पूर्ण कर ली गयी है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि विगत वर्षों की भाँति लठामार होली का ओजन श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में स्थित केशव वाटिका में किया जायेगा। लठामार होली सांय 4 बजे से प्रारम्भ होगी। संस्थान प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुवेर्दी ने बताया कि इस वर्ष विशेष रूप से केसू के फूलों से निर्मित प्राकृतिक रंग भक्तों को प्रिया-प्रियतम को रंग से सराबोर कर होली के आनन्द में विशिष्ट रस को प्राप्त करायेंगे। रंग एवं गुलाल वर्षा के लिए स्वचालित यंत्रों का उपयोग श्रद्धालुजनों को होली के विशिष्ट आनन्द की अधिकाधिक अनुभूति करायेंगे। किशोर भरतिया एवं अनिलभाई ने बताया कि प्रिया-प्रियतम ने इस पवित्र लीला का दर्शन स्वयं कराकर ब्रजवासियों को परमानन्द प्राप्त कराया था। विगत लगभग 46 वर्ष से उसी आनन्द के दर्शन ब्रजवासियों के साथ-साथ देश-विदेश के असंख्य कृष्ण भक्त प्राप्त कर रहे हैं। ब्रज में होली के अवसर पर आयोजित होने वाली अधिकांश लीलाओं के दर्शन जन्मभूमि की रंगारंग लठामार होली में भक्तों को दर्शनीय है।

# बाल उत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया

**फिरोजाबाद।** बेसिक शिक्षा विभाग लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निदेशों के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा बाल उत्सव कार्यक्रम का सफल एवं गरिमामयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी टूण्डला जिला नोडल मीना मंच ज्योति पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा अजय कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया गया, मंच संचालन दीपमाला मास्टर ट्रेनर एवं ब्लॉक नोडल रीमा यादव द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। बाल उत्सव के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने मंच पर अपने जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों के विचार साझा किए। साथ ही विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं सृजनात्मक चित्रकला प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं हेतु विभाग की ओर से भोजन एवं पेयजल की समुचित



व्यवस्था की गई कार्यक्रम में मीना मंच से संबंधित सुंदर छायाचित्रों मॉडलों व शैक्षिक गतिविधियों की आकर्षक पेंटिंग के साथ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये। सभी अतिथियों ने पेंटिंग एवं प्रस्तुतियों का अवलोकन कर विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चयन बाल उत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों का चयन मंडल स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है। इसके अतिरिक्त मास्टर ट्रेनर्स मनीषा रानी सीमा रानी निमेष कौशलेन्द्र कुमार मृदुल पाराशर, दीपमाला व रजनी को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विभागीय अधिकारियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करना रहा। बालच उत्सव के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया गया, जिसकी सभी उपस्थित जनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

## सवारियों से भरी स्लीपर बस आगे जाते ट्रक से टकरायी, 4 लोग गंभीर रूप से घायल

**फिरोजाबाद।** दिल्ली से बहराइच के लिए जा रही स्लीपर बस ओवरस्पीड के चलते आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नसीरपुर थाना क्षेत्र में आगे चल रहे ट्रक में जा टकरा गई। हादसे के बाद स्लीपर बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक और तीन सवारियां चोटिल हो गईं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस, यूपीडा ने घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंसों की सहायता से सैफई पीजीआई भेज दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। शांति ट्रैवल्स की स्लीपर बस नंबर बीआर 2 पीसी 9051 दिल्ली से तीन दर्जन से अधिक सवारियों बहराइच जा रही थी। जब बस थाना नसीरपुर क्षेत्र के 58.800 किमी पर पहुंची ही थी तभी मध्य रात्रि के बाद बस चालक ने ओवर स्पीड के चलते बस से नियंत्रण खो दिया जिससे बस आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। बस को चालक शकील पुत्र मकरुद्दीन निवासी हाता रेवलिया थाना केसरगंज जिला बहराइच चला रहा था। हादसे में बस का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद बस में बैठी सवारियों की चीख पुकार मच गई। हादसे को देखकर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस, यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। यूपीडा, पुलिस ने घायलों को बस से बाहर निकाला। हादसे में बस चालक शकील, बस में बैठी सवारियों में ताकिर पुत्र मदी अहमद निवासी साहिबाबाद थाना रानीपुर जिला बहराइच, नीरज मौर्य पुत्र रवीश मौर्य निवासी रवेपुरा थाना जारौल रोड जिला बहराइच, हैदर अली पुत्र अली दीन निवासी मनैती थाना केसरगंज जिला बहराइच घायल हो गए। बस के चालक शकील और तीनों अन्य घायल सवारियों को 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज सैफई प्राथमिक उपचार को भेजा है। हादसे के दौरान ट्रक चालक मौके से भाग गया। इस बारे में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार सोलंकी ने बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए सैफई भेजा गया है।

संक्षेप

## कच्चे तेल के वायदा भाव में रही तेजी

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चा तेल की कीमत 50 रुपये की तेजी के साथ 6,095 रुपये प्रति बैरल हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का मार्च माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 50 रुपये या 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,095 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 15,375 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.60 प्रतिशत की तेजी के साथ 66.71 डॉलर प्रति बैरल हो गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 0.49 प्रतिशत बढ़कर 71.46 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## अर्थव्यवस्था के आठ फीसद की दर से बढ़ने का अनुमान

नयी दिल्ली। नए आधार वर्ष 2022-23 की संशोधित श्रृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है। पिछले महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत थी।

## बीकेटी ने कंज्यूमर टायर मार्केट में प्रवेश किया

बंगलुरु। ऑफ-हाइवे टायर सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीकेटी) ने आज अपने ऑन हाइवे पोर्टफोलियो के साथ भारत के कंज्यूमर टायर मार्केट में प्रवेश किया। ऑफ-हाइवे टायर लीडरशिप से आगे बढ़ते हुए, बीकेटी ने टू-व्हीलर (स्कूटर और मोटरसाइकिल) तथा मीडियम और हैवी कमर्शियल व्हीकल्स के लिए निर्मित टायर पेश किए, जिससे भारत में तेजी से बढ़ते कंज्यूमर और रिप्लेसमेंट टायर बाजार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। इस लॉन्च के साथ ही कंपनी ने अपना नेशनल ब्रांड कैंपेन, एलिवेट योर ड्राइव भी शुरू किया।

## सूर्या ने किया आईटीसी मार्स चौपाल महोत्सव आयोजित

बंगलुरु। सूर्या रोशनी लिमिटेड इस वर्ष आईटीसी मार्स द्वारा आयोजित चौपाल महोत्सव 2026 में सक्रिय रूप से शामिल हुई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण समुदायों से सीधे जुड़ना और अपनी उपस्थिति को और मजबूत करना है। चौपाल महोत्सव आईटीसी मार्स के भौतिक और डिजिटल मॉडल पर आधारित एक बड़ा ग्रामीण मंच है। यह ई-चौपाल की परंपरा से आगे बढ़कर आज देश के सबसे भरोसेमंद ग्रामीण अभियानों में शामिल हो चुका है, जहां जमीनी गतिविधियों के साथ डिजिटल माध्यम से भी व्यापक पहुंच बनाई जाती है। यह महोत्सव इस महीने से शुरू होकर मार्च के मध्य तक चलेगा। हर स्थान पर तीन दिन के सप्ताहांत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## 2026 की कोमेड-के और यूनि-गॉज की परीक्षा 9 मई को




लखनऊ। कोमेड-के यू-जी-ई-टी/यूनी-गॉज 2026 एंट्रन्स एग्जामिनेशन शनिवार, 09 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह एकीकृत नेशनल-लेवल टेस्ट पूरे भारत में अंडरग्रेजुएट इंजीनियरिंग एडमिशन के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसके माध्यम से कर्नाटक के 150+ इंजीनियरिंग कॉलेजेज और देशभर के 30+ रेप्यूटेड प्राइवेट, सेल्फ-फंडेड और डीम्ड यूनिवर्सिटीज में प्रवेश मिलता है। एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी, डॉ. कुमार, ने कहा कि कोमेड-के में हमारा दृढ़ विश्वास है कि किसी छात्र की मेरिट और एप्टिट्यूड ही उसकी शिक्षा यात्रा के मुख्य मार्गदर्शक होने चाहिए। कोमेड-के यू-जी-ई-टी हमारी फेयरनेस, ट्रांसपेरेंसी और इक्वल अपॉर्च्युनिटी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से 150 से अधिक टॉप-टियर कॉलेजेज छात्रों को प्रवेश देते हैं, और युवा प्रतिभाओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से जोड़ना हमारे लिए गर्व की बात है।

# सेंसेक्स में 1069 अंकों की गिरावट




मुंबई। कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली होने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,359.93 अंक लुढ़ककर 81,934.73 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत के नुकसान के साथ 25,424.65 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 385.4 अंक फिसलकर 25,327.60 अंक तक आ गया था। घरेलू बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई, जिसका नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। एआई की वजह से व्यापक व्यवधान और पारंपरिक आईटी सेवा प्रदाताओं के मार्जिन पर दबाव से जुड़ी वैश्विक चिंताएं फिर उभर आई हैं। वैश्विक व्यापार और अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंताएं दोबारा बढ़ गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार समझौतों पर चेतावनियों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संभावित शुल्क की खबरों ने बाजार पर अतिरिक्त दबाव डाला। आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। इसके विपरीत एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सिलेक्ट सूचकांक 0.68 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप सिलेक्ट 0.54 प्रतिशत नीचे आ गया। आईटी क्षेत्र में लंबे समय तक दबाव रहने की आशंका से रियल एस्टेट शेयरों पर भी असर पड़ा, क्योंकि इससे घरों की मांग और मूल्यांकन प्रभावित हो सकते हैं। यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डीएएक्स, लंदन का एफटीएसई 100 और पेरिस का सीएसी 40 दोपहर के कारोबार में गिरावट में थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को करीब दो प्रतिशत नुकसान के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत बढ़कर 71.66 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 3,483.70 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 1292.24 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की।

# रुपया छह पैसे टूटकर 90.95 प्रति डॉलर पर



मुंबई। डॉलर की तेजी और कच्चे तेल की मजबूत कीमतों के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 90.95 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेज गिरावट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं ने रुपये पर और दबाव डाला, जबकि विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से कुछ समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 90.91 पर खुला और भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित दखल के कारण 90.91-90.97 के सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। यह सत्र के आखिर में 90.95 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट है। सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे बढ़कर 90.89 पर बंद हुआ था। कमज़ोर घरेलू बाज़ारों और कच्चे तेल की कीमतों में तेज़ी, और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बावजूद व्यापार समझौते का सम्मान न करने वाले देशों पर ज़्यादा शुल्क लगाने की धमकी के बाद शुल्क को लेकर अनिश्चितता से रुपये में गिरावट आई। हालांकि, उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने रुपये को 91 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे गिरने से रोकने के लिए शायद डॉलर बेचे होंगे, और कहा कि बुधवार को रुपये की हाजिर कीमत 90.75 रुपये से 91.20 रुपये के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 0.16 प्रतिशत बढ़कर 97.86 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड, वायदा कारोबार में 0.27 प्रतिशत बढ़कर 71.68 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू शेयर बाजार में, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,068.74 अंक टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 288.35 अंक के नुकसान के साथ 25,424.65 पर रहा। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने सोमवार को 3,483.70 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## दिसंबर तिमाही में खुदरा ऋण बकाया 18.1 प्रतिशत बढ़कर 162 लाख करोड़ पर

मुंबई। खुदरा ऋण का बकाया दिसंबर तिमाही में 18.1 प्रतिशत बढ़कर 162 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में तेजी, त्योहारी मांग और जीएसटी दरों में कटौती से कर्ज वितरण को बढ़ावा मिला। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रेडिट सूचना कंपनी सीआरआईएफ हाई मार्क की इस रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के दौरान खुदरा ऋण में सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाला आवासीय ऋण खंड 10.5 प्रतिशत बढ़कर 43 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं, सोने के बदले कर्ज यानी स्वर्ण ऋण में 44.1 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई और इसका बकाया 16.2 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान व्यक्तिगत ऋण खंड का बकाया भी 11.6 प्रतिशत बढ़कर 15.9 लाख करोड़ रुपये हो गया। जीएसटी दरों में कटौती से वाहन कर्ज में 14.6 प्रतिशत, दोपहिया वाहन ऋण में 12.3 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता सामान ऋण में 14.3 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई। आलोच्य अवधि में एकल स्वामित्व वाली इकाइयों द्वारा लिए गए ऋण का बकाया 26.2 प्रतिशत बढ़ा। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर 30 से 180 दिन की देरी वाले खुदरा ऋणों का अनुपात घटकर दिसंबर, 2025 में 2.8 प्रतिशत रह गया।

# सोना 400 रुपये बढ़कर 1.63 लाख रुपये पर



नयी दिल्ली। स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली और कमजोर रुपये के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 1,63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। स्थानीय बाजार विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है।

99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहीं। कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातु की कीमतों में गिरावट के बावजूद स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ओर से खरीदारी बढ़ने से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों को समर्थन मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 1.35 प्रतिशत घटकर 5,157.16 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 88.19 डॉलर प्रति औंस पर सपाट रुख के साथ कारोबार कर रही थी। विश्लेषकों ने कहा कि रुपये में कमजोरी से अन्य मुद्रा धारकों के लिए सोना महंगा हो गया, जिससे वैश्विक कीमतों में गिरावट का असर कम हो गया।

## आरओडीटीईपी की घटी दरें कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों पर लागू नहीं होंगी: सरकार

नयी दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि निर्यात सहायता योजना आरओडीटीईपी के तहत दिए जाने वाले शुल्क लाभ की दरों में 50 प्रतिशत की कटौती का फैसला कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों पर लागू नहीं होगा। यह घटनाक्रम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि सरकार ने एक दिन पहले ही निर्यातित उत्पादों पर शुल्क एवं करों की वापसी (आरओडीटीईपी) योजना के तहत लागू दरें और मूल्य-सीमा तत्काल प्रभाव से मौजूदा दरों के 50 प्रतिशत तक सीमित करने की घोषणा की थी। सरकार ने यह योजना वर्ष 2021 में शुरू की थी। इसका उद्देश्य निर्यातकों को विनिर्माण एवं वितरण प्रक्रिया के दौरान लगने वाले उन करों, शुल्कों एवं उपकरों की भरपाई करना है, जो केंद्र, राज्य या स्थानीय स्तर पर किसी अन्य व्यवस्था के तहत वापस नहीं किए जाते। इस योजना के तहत अब तक 0.3 प्रतिशत से लेकर 3.9 प्रतिशत तक कर एवं शुल्क की वापसी दी जाती थी। यह योजना इस साल मार्च तक वैध है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि 23 फरवरी, 2026 की अधिसूचना संख्या 60 के तहत अधिसूचित किए गए आरओडीटीईपी लाभ की कम दरें और मूल्य सीमा आईटीसी एचएस अध्याय 01 से 24 के तहत आने वाले निर्यातित उत्पादों पर लागू नहीं होगी।

# झारखंड सरकार ने 1.58 लाख करोड़ का बजट पेश किया



रांची। झारखंड सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1.58 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कृषि गतिविधियों में लगी महिलाओं के लिए एक योजना की घोषणा की गई।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नीत सरकार ने 2025-26 में 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विधानसभा में कहा, मैं सदन के पटल पर वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ रुपये का बजट रखता हूं। किशोर ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग.. गरीब, किसान, आदिवासी और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने कहा, अबुआ दिशोम (हमारा अपना) बजट झारखंडवासियों के चेहरे पर मुस्कान लाएगा और गरीबों के आंसू पोंछेगा... महिला किसानों के लिए महिला खुशहाली योजना शुरू की जा रही है। इसके लिए हमने 25 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। मंत्री ने कहा कि इसके अलावा, अगले वित्त वर्ष में 100 नए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले जाएंगे। उन्होंने कहा, झारखंड खनिज संसाधनों से समृद्ध है। इसके अलावा यहां देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर और राजरप्पा मंदिर जैसे धार्मिक स्थल के साथ-साथ नेतरहाट जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोगों की समावेशी वृद्धि और विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्त मंत्री ने कहा, विपक्ष द्वारा बाधाएं उत्पन्न किए जाने के बावजूद, हम झुकेंगे नहीं और राज्य के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए आगे बढ़ते रहेंगे। किशोर ने झारखंड को पर्याप्त वित्तीय सहायता न देकर केंद्र पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, राज्य को केंद्रीय करों में 5,000 करोड़ रुपये का हिस्सा नहीं मिला... और अनुदान सहायता के रूप में 11,000 करोड़ रुपये भी नहीं मिले। केंद्रीय करों में हिस्सेदारी धीरे-धीरे घट रही है... वीबी-जी राम जी (अधिनियम) के कारण राज्य को 5,640 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कोयला आपूर्ति के बदले सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को 1.36 लाख करोड़ रुपये की बकाया राशि का भुगतान न करने को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

# समुद्री केबल प्रणाली का मजबूत होना एआई, डिजिटल परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण




नयी दिल्ली। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने मंगलवार को कहा कि समुद्री केबल प्रणाली प्राकृतिक आपदाओं, भू-राजनीतिक तनाव और बढ़ती डेटा मांग जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है जिनसे निपटने के लिए तकनीकी नवाचार, परिचालन मजबूती और नीतिगत समाधान के समन्वित दृष्टिकोण की जरूरत है।

लाहोटी ने यहां ब्रॉडकास्ट इंडिया फोरम की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि समुद्र-तल में बिछाई जाने वाली केबल प्रणाली आज के कृत्रिम मेधा (एआई) युग में डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने सुझाव दिया कि बेहतर मार्ग नियोजन, कम जोखिम वाले क्षेत्रों में केबल बिछाना, वास्तविक समय में निगरानी की व्यवस्था और वैकल्पिक मार्ग विकसित करने से भौतिक क्षति और सेवा बाधित होने का असर कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और मजबूत नियामकीय ढांचा सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए आवश्यक है। भू-राजनीतिक तनाव और बढ़ती डेटा खपत के कारण क्षमता में सुधार ऑपरेटरों के लिए निरंतर चिंता का विषय बना हुआ है। इसी तरह, क्लाउड अवसंरचना के सामने डेटा सुरक्षा, निजता, सेवा बाधा, परिचालन लागत, ऊर्जा खपत और पर्यावरणीय प्रभाव जैसी चुनौतियां हैं। लाहोटी ने कहा कि मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय और खतरे पर लगातार निगरानी रखना जरूरी है। पिछले एक दशक में भारत में ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या छह गुना बढ़कर नवंबर, 2025 में 100 करोड़ से अधिक हो गई। भारतीय मोबाइल उपभोक्ता प्रति माह औसतन 27 जीबी डेटा की खपत कर रहे हैं।

पेज एक का शेष

## इलाहाबाद हाईकोर्ट

वाराणसी में विद्यामठ में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, हमारे शुभचिंतक अधिवक्ता हमारे पास आए थे। हमसे कहा कि हम आपकी सहायता करने के लिए तैयार हैं तो हमने कहा ठीक है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कुछ वकीलों ने सहायता की पेशकश करते हुए उनसे संपर्क किया था, लेकिन उन्हें अब तक उठाए गए किसी भी कदम के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

अविमुक्तेश्वरानंद ने एक तस्वीर दिखाई और आरोप लगाया कि प्रयागराज का एक पुलिस अधिकारी उनके खिलाफ साजिश रचने के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि तस्वीर में अधिकारी केक काटते हुए और आशुतोष ब्रह्मचारी उनके पास खड़े दिखते हैं। अविमुक्तेश्वरानंद ने दावा किया कि प्रशासन और पुलिस ने 18 जनवरी, मौनी अमावस्या से उनके खिलाफ कार्वाई शुरू कर दी।

## केरल का नाम

जूट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, केरल विधानसभा के विचार प्राप्त होने के बाद, भारत सरकार केरल का नाम बदलकर केरलम करने हेतु केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 को संसद में प्रस्तुत करने के लिए राष्ट्रपति की अनुशंसा प्राप्त करेगी। केरल विधानसभा ने 24 जून, 2024 को केरल का नाम बदलकर केरलम करने का प्रस्ताव पारित किया था। प्रस्ताव में कहा गया था हमारे राज्य का नाम मलयालम भाषा में केरलम है। राज्यों का गठन भाषा के आधार पर। नवंबर, 1956 को हुआ था। केरल पिरवी दिवस भी। नवंबर को ही मनाया जाता है।

इसमें कहा गया था, राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही मलयालम भाषा बोलने वाले लोगों के लिए संयुक्त केरल के गठन की प्रबल मांग रही है। लेकिन संविधान की पहली अनुसूची में हमारे राज्य का नाम केरल ही दर्ज है। यह विधानसभा सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से संविधान के अनुच्छेद 3 के अनुसार तत्काल कदम उठाकर राज्य का नाम बदलकर केरलम करने की अपील करती है। इसके बाद, केरल सरकार ने केंद्र सरकार से संविधान के अनुच्छेद 3 के अनुसार केरल का नाम बदलकर केरलम करने के लिए संविधान की पहली अनुसूची में संशोधन करने हेतु आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। संविधान के अनुच्छेद 3 में मौजूदा राज्यों के नामों में परिवर्तन का प्रावधान है। अनुच्छेद 3 के अनुसार, संसद विधि द्वारा किसी भी राज्य का नाम बदल सकती है। अनुच्छेद 3 के प्रावधान में यह भी कहा गया है कि इस उद्देश्य से संसद के किसी भी सदन में कोई विधेयक राष्ट्रपति की अनुशंसा के बिना प्रस्तुत नहीं किया जाएगा।

## यूपी को

से भेंट की है। सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री के साथ भी उनकी सकारात्मक व सार्थक वार्ता हुई। इसके अतिरिक्त प्रमुख फिनटेक कंपनियों के अध्यक्ष व सीईओ के साथ भी बैठकें की गईं। कई कंपनियां पहले से भारत और उत्तर प्रदेश में निवेश कर रही हैं। सीएम योगी ने उल्लेख किया कि देश के सबसे बड़े एक्सप्रेसवे के रूप में विकसित हो रहे गंगा एक्सप्रेसवे में भी कुछ कंपनियों ने पहले से निवेश किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रति निवेशकों की धारणा में 360 डिग्री का सकारात्मक परिवर्तन आया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने उन अत्याधुनिक स्थलों का भी दौरा किया, जहां सामान्य लोगों का प्रवेश कठिन होता है। विशेष रूप से शीघ्र शुरू होने वाले जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कार्गो सुविधा और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग) विकसित करने के लिए सिंगापुर की दक्षता का अध्ययन किया गया। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में भारत सहित विश्व के अनेक विमान अपने एमआरओ कार्यों के लिए सिंगापुर आते हैं। यह सुविधा भारत में, विशेषकर जेवर में विकसित की जा सकती है। निवेशकों ने इस विषय पर गंभीर तैयारी कर रखी है और वे उत्तर प्रदेश के साथ संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के विश्वस्तरीय स्किलिंग सेंटर (आईटीई) का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि हमने यूपी के अंदर हर जिले में स्केल को स्किलिंग में बदलने के लिए और स्किलिंग को रोजगार से जोड़ने के लिए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन डेवलप करने की जो कार्रवाई शुरू की है, उसका यहां भी एक मॉडल देखने को हमें मिला है। सीएम ने उम्मीद जताई कि इस सेंटर के साथ भी हम इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी सहित प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों और अधिकारियों की सराहना की, जो लगातार बैठकों में सक्रिय हैं। उन्होंने भारतीय उच्चायुक्त और उनकी टीम का भी विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने ट्रेड, टेक्नोलॉजी, टूरिज्म, लॉजिस्टिक्स, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर, एमआरओ और स्किलिंग जैसे क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सिंगापुर में हुए निवेश समझौते और प्राप्त प्रस्ताव उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर तेज गति से अग्रसर करेंगे।

## उत्तर प्रदेश

भी करके दिखाया है। आज उत्तर प्रदेश ने केवल टेक्नोलॉजी और ट्रस्ट में ही नहीं, बल्कि भारत के अंदर ट्रांसफॉर्मेशन के भी एक नए युग में आगे बढ़ने वाले प्रदेश के रूप में अपनी पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि अगले तीन से चार वर्षों में उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में निर्णायक छलांग लगाएगा। उन्होंने सिंगापुर के उद्योग जगत को आमंत्रित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश पूरी तरह सुरक्षित है और संभावनाओं से परिपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक डेडिकेटेड सिंगापुर सिटी विकसित करने की योजना प्रस्तुत की है। यदि सिंगापुर के निवेशक एनसीआर क्षेत्र में आना चाहते हैं तो उनके लिए एक विशेष रूप से नियोजित सिंगापुर सिटी की अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे के आसपास भूमि की व्यवस्था की गई है, ताकि एयरपोर्ट कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और वर्ल्ड-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर का पूरा लाभ निवेशकों को मिल सके। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में उनका निवेश पूरी तरह सुरक्षित रहेगा और यहां उन्हें अपनी व्यावसायिक संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगापुर व उत्तर प्रदेश कैसे एक साथ आगे बढ़ सकते हैं, सिंगापुर विजिट के दौरान इन संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। दो दिन में जीआईसी, टेमासेक, सैट्स, जीएसएस ग्रीन्स और ब्लैकस्टोन सहित प्रमुख संस्थाओं के चेयरमैन और सीईओ से चर्चा करने का अवसर मिला। सिंगापुर के उद्योग जगत के साथ बहुचरणीय बैठकों में सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि सिंगापुर का हर इंडस्ट्री लीडर आज भारत में एक ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में उत्तर प्रदेश की भूमिका को समझ रहा है।

## अतिक्रमणकारियों

रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहले कहा था कि वह इस क्षेत्र को विनियमित करेगी, लेकिन इस दिशा में कुछ नहीं किया गया। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, "यह एक सार्वजनिक भूमि है या यूं कहें कि यह रेलवे की जमीन है, जो एक निर्विवाद तथ्य है। वास्तव में आपको वहां रहने के लिए रियायत ही मिल रही है" उन्होंने कहा, "आप इसे वहां रहने का अधिकार नहीं बता सकते। आपको रियायत इसलिए मिल रही है, क्योंकि अधिकारी वर्षों तक अवैध गतिविधियों को नजरअंदाज करते रहे। भूषण ने कहा कि विस्तार परियोजना के लिए सारी जमीन की जरूरत नहीं है और रेलवे या तो केवल उतनी ही जमीन ले सकता है, जितनी आवश्यक हो या परियोजना को स्थानांतरित कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अदालत रेलवे से परियोजना को स्थानांतरित करने के लिए नहीं कह सकती, क्योंकि यह विशेषज्ञों का काम है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने कहा कि क्षेत्र में कई धार्मिक स्थल हैं और लोगों को वहां से हटाने से पहले उनका पुनर्वास किए जाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने गोंजाल्विस से कहा, "इन लोगों पर दया कीजिए। ये लोग अस्वच्छ परिस्थितियों में रह रहे हैं, जहां पीने योग्य पानी, बिजली और सीवेज की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्हें खुद तय करने दीजिए कि वे पीएमएवाई योजना के तहत आवास चाहते हैं या नहीं। और अगर कोई बाधा आती है, तो अदालत उसका समाधान करेगी"।

## अंडमान : समुद्र

से बचाए गए पांचों यात्रियों और चालक दल के दोनों सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम पवन हंस लिमिटेड ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 24 फरवरी 2026 को, पीएचएल डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टर (वीटी पीएचवाई) ने श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) से सुबह लगभग 8.30 बजे रंगत और उसके आगे मायाबंदर के लिए उड़ान भरी थी।

## कुमाऊं की होली

को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को मंच दिया जा रहा है, जिससे उन्हें पहचान और आजीविका के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खड़ी-बैठकी होली जैसे उत्सव प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को सुदृढ़ करेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देंगे। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि परंपराओं को जीवित रखना समाज और सरकार दोनों की साझा जिम्मेदारी है।

## बीबीडी एजूकेशनल

का मुख्य आकर्षण मिस्टर और मिस उत्कर्ष होगा, जिसके लिए प्रतियोगिता 26 फरवरी से शुरू हो जायेगी और कई राउण्ड के बाद फाइनल प्रतिभागियों में चयन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टूडेन्ट ऑफ ईयर का पुरुस्कार भी दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इसके साथ ही इस बार ई-स्पोर्ट्स का आयोजन होगा, जिसके लिए इच्छुक प्रतिभागी तुरन्त रजिस्ट्रेशन कराकर भाग ले सकते हैं। इसमें बीबीडी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, डेंटल साइंसेज, फार्मेसी, आर्किटेक्चर, कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स, लीगल स्टडीज, बेसिक सांइस, ह्यूमनटीज, एजूकेशन और बीबीडीआईटीएम, बीबीडीएनआईआईटी एवं बीबीडी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को भी सम्मानित किया जायेगा।

## मेरठ : घर

में सहायता की। उन्होंने कहा कि पड़ोसियों ने सीढ़ी लगाकर प्रथम तल पर फंसे पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन दूसरे तल पर फंसे लोग धुएं और लपटों में घिर गए।

सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। संकरी गलियों के कारण दमकल वाहनों को पहुंचने में दिक्कत हुई। बाद में दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया और सभी गंभीर रुप से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का संदेह है और विस्तृत जांच की जा रही है। पांडे ने कहा, सबसे बड़ी चुनौती आग पर काबू पाना और उसे आसपास के इलाके में फैलने से रोकना था।




# भारत कोई कसर नही छोड़ेगा लेकिन हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी

मुंबई। **जिम्बाब्वे** के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी।



वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी। भारत को भी अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से 83 रन से हार का सामना करना पड़ा था और सैमन्स को लगता है कि भारतीय टीम उनके खिलाफ शुरू से ही हावी होकर खेलने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद सैमन्स ने कहा, हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।

सैमन्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ की गई गलतियों को स्वीकार करते हुए कहा कि उनकी टीम विशेष रूप से गेंदबाजी इकाई को लेकर विपक्षी टीम ने जो पूर्व अनुमान लगाए वह सही साबित हुए और भारत के खिलाफ इस तरह की गलती से बचना होगा। उन्होंने कहा हम इस मामले में थोड़ा और समझदारी से काम ले सकते हैं। चेन्नई का मैदान थोड़ा बड़ा होगा और शायद इस लिहाज से वहां हमें थोड़ी ज्यादा आसानी होगी।

# प्राग शतरंज महोत्सव : गुकेश की निगाह साल की पहली सफलता पर

प्राग (चेक गणराज्य)। विश्व चैंपियन डी गुकेश विश्व कप से जल्दी बाहर होने और टाटा स्टील मास्टर्स में निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर बुधवार से यहां शुरू होने वाले प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में साल का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त गुकेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी विंसेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिनका हाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश 10वें स्थान पर हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रेटिंग के मामले में सबसे आगे हैं। पिछले कुछ समय तक लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में तीन भारतीय खिलाड़ी हुआ करते थे, लेकिन अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञाननंदा खराब प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गए हैं। गुकेश के साथ इस प्रतियोगिता में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। यही वह प्रतियोगिता है जिसने चेन्नई के इस खिलाड़ी को पहली बड़ी सफलता दिलाई थी। अमेरिका के हैंस नीमन एक और ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। ईरान के परहम मगसूदलू भी प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे जबकि नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है जिससे वह भी दावेदारों में शामिल हो गए हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त चिदंबरम टाटा टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद



2700 रेटिंग क्लब में वापसी करने की उम्मीद कर रहे होंगे। चिदंबरम के लिए यहां पिछली बार के प्रदर्शन को दोहराना एक कठिन चुनौती होगी। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुब्बोएव, स्पेन के डेविड एंटोन गुज्जारो और स्थानीय स्टार डेविड नवरा नौ दौर की मास्टर्स प्रतियोगिता के लिए 10 खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। चैलेंजर्स वर्ग में सूर्य शेखर गांगुली और महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख भारतीय चुनौती पेश करेंगे। कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश 10वें स्थान पर हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रेटिंग के मामले में सबसे आगे हैं। पिछले कुछ समय तक लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में तीन भारतीय खिलाड़ी हुआ करते थे, लेकिन अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञाननंदा खराब प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गए हैं। गुकेश के साथ इस प्रतियोगिता में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। यही वह प्रतियोगिता है जिसने चेन्नई के इस खिलाड़ी को पहली बड़ी सफलता दिलाई थी।

यही वह प्रतियोगिता है जिसने चेन्नई के इस खिलाड़ी को पहली बड़ी सफलता दिलाई थी। अमेरिका के हैंस नीमन एक और ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। ईरान के परहम मगसूदलू भी प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे जबकि नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है जिससे वह भी दावेदारों में शामिल हो गए हैं।


# पाक ने इंग्लैंड को दिया 165 रन का लक्ष्य

## टी-20 वर्ल्डकप : साहिबजादा फरहान की फिफ्टी, लियाम डॉसन को 3 विकेट

एजेंसी

पाल्लेकल। पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप के 5वें सुपर-8 मैच में इंग्लैंड को 165 रन का टारगेट दिया है। कैंडी के पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। पाकिस्तानी टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 164 रन बनाए। ओपनर साहिबजादा फरहान ने 63 रनों की पारी खेली। जबकि बाबर आजम और फखर जमान ने 25-25 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड की ओर से लियाम डॉसन ने 3 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर और जैमी ओवरटन को 2-2 विकेट मिले। आदिल रशीद को एक विकेट मिला।

एक बैटर रनआउट हुए। क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे ळ20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दौरान दैनिक भास्कर के खास गेम 'सुपर ओवर' में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूर्नामेंट का टॉप स्कोरर बनिए। 19वें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने दूसरा विकेट लिया। उन्होंने शाहीन शाह अफरीदी को सैम करन के हाथों कैच कराया। शहीन 2 रन बनाकर आउट हुए। आर्चर ने पावरप्ले सईम अयूब (7 रन) का विकेट भी लिया था। 18वें ओवर में लियम डॉसन ने लगातार दो बॉल पर 2 विकेट लिए। लेकिन, हैट्रिक पूरी नहीं कर सके। 17वें ओवर की तीसरी बॉल पर पाकिस्तान ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर फखर जमान (25 रन) को आदिल रशीद ने कैच आउट कराया। 16वें ओवर की चौथी बॉल पर पाकिस्तान ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर ओपनर साहिबजादा फरहान 63 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवरटन ने छइह कर दिया। इससे पहले उन्होंने बाबर आजम (24 बॉल पर 25 रन) को बोल्ड किया। 15वें ओवर में सैम करन ने महज 5 रन दिए। उन्होंने इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं दी। सभी रन सिंगल के जरिए आए। 14वें ओवर में विल जैक्स की बॉल पर दो छक्के लगे। पहला छक्का फखर जमान ने लगाया। जबकि, दूसरा छक्का फखर जमान ने लगाया। इस ओवर में पाकिस्तान का स्कोर 100 पार भी पहुंच गया।



इतना ही नहीं, आखिरी बॉल पर फरहान ने 37 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। 11वें ओवर की 5वीं बॉल पर पाकिस्तान ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर बाबर आजम 24 बॉल पर 25 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवरटन ने बोल्ड कर दिया। 10वें ओवर में आदिल रशीद ने महज 4 रन खर्च किए। उन्होंने इस ओवर में कोई बाउंड्री खर्च नहीं की। ये सभी रन सिंगल के जरिए आए। 7वें ओवर में पाकिस्तान ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। साहिबजादा फरहान ने सैम करन की आखिरी बॉल पर छक्का लगाया और टीम को 50 पार पहुंचा दिया। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पाकिस्तान की शुरूआत मिलीजुली रही है। टीम ने शुरूआती 6 ओवर में दो विकेट पर 46 रन बनाए। ओपनर साहिबजादा फरहान और बाबर आजम नाबाद हैं। कप्तान सलमान अली आगा (5 रन) को लियाम डॉसन और सईम अयूब (7 रन) को जोफ्रा आर्चर ने पवेलियन भेजा। चौथे ओवर में पाकिस्तान ने दूसरा विकेट गंवाया। लियाम डॉसन की तीसरी बॉल पर कप्तान सलमान अली आगा 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवरटन ने कैच किया। तीसरे ओवर की पहली बॉल पर पाकिस्तान ने पहला विकेट गंवाया। यहां पर सईम अयूब 7 बॉल पर 7 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने जैकब बेथेल के हाथों कैच कराया। इस ओवर की आखिरी दो बॉल पर साहिबजादा फरहान ने लगातार दो चौके लगाए। आखिरी बॉल पर जैकब बेथेल से मिस फील्ड हुई। पाकिस्तान और इंग्लैंड मैच शुरू हो चुका है। पाकिस्तानी टीम टॉस जीतकर बैटिंग कर रही है। साहिबजादा फरहान और सईम अयूब की जोड़ी ने पहले ओवर में जोफ्रा आर्चर की बॉल पर 5 रन बनाए।

## ऑस्ट्रेलिया की भारत पर आसान जीत

ब्रिस्बेन। एशले गार्डनर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन तथा बेथ मूनी और कप्तान एलिसा हीली के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 70 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। मौजूदा विश्व चैंपियन भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर (84 गेंदों में 53 रन) और उप कप्तान स्मृति मंधाना (68 गेंदों में 58 रन) के अर्धशतकों के बावजूद उसकी टीम 48.3 ओवर में 214 रन पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई और उसने केवल 38.2 ओवर में चार विकेट पर 217 रन बनाए। हीली (70 गेंद पर 50 रन) के अर्धशतक की मदद से उसने अच्छी शुरुआत की। इसके बाद मूनी (79 गेंद पर 76 रन) और एनाबेल सदरलैंड (44 गेंद पर नाबाद 48 रन) ने चौथे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत सुनिश्चित की। भारत की उप कप्तान मंधाना ने मैच के बाद कहा, शुरू में ही दो विकेट गंवाने के बाद वापसी करना आसान नहीं था लेकिन हमने अच्छा प्रदर्शन किया। विकेट वैसा नहीं था जैसा हमने सोचा था। हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं और बहुत अधिक बदलाव करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा हमें बल्लेबाजी में सामूहिक प्रदर्शन करना होगा लेकिन हम इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। अभी हमारे पास दो दिन का समय है। हम मजबूत वापसी करेंगे।

## केआईडब्ल्यूजी : सेना पदक तालिका में शीर्ष पर, सीआरपीएफ की काजल को दूसरा स्वर्ण

गुलमर्ग। सेना की टीम खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2026 के गुलमर्ग चरण में मंगलवार को यहां अपना चौथा स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन पांच स्वर्ण दांव पर थे। सीआरपीएफ की नॉर्डिक स्कीइंग खिलाड़ी काजल कुमारी राय ने अपना लगातार दूसरा स्वर्ण जीता। उन्होंने 10 किमी रेस में शीर्ष स्थान हासिल किया। सेना की टीम कुल पांच स्वर्ण पदक के साथ शीर्ष पर है। टीम ने कल तीन और आज एक स्वर्ण पदक जीता। सेना ने इससे पहले लद्दाख चरण में पुरुषों की आइस हॉकी में स्वर्ण जीता था। हरियाणा चार स्वर्ण के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है। ये सभी पदक उसके स्केटिंग खिलाड़ियों



ने लेह में जीते। कामिया कार्तिकेयन ने गुलमर्ग में स्की माउंटेनियरिंग में महाराष्ट्र को पहला स्वर्ण दिलाया जबकि अनुभवी आंचल ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश को अल्पाइन स्कीइंग की जाइंट स्लैलम रेस में केआईडब्ल्यूजी 2026 खेलों का पहला स्वर्ण दिलाया।

## महा ओपन : नागल जीते धामने भी आगे बढ़े

पुणे। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया जबकि स्थानीय दावेदार मानस धामने ने भी जीत दर्ज की। नागल ने पहले दौर में जापान के सातवें वरीय रियो नोगुची को 6-1, 6-2 से हराया।

भारतीय खिलाड़ी ने एक घंटे और नौ मिनट में मिली जीत के दौरान बेसलाइन से खेल को नियंत्रित किया और सीधे सेट में जीत दर्ज की। वाइल्ड कार्ड धारक धामने ने चैलेंजर सर्किट पर अपनी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले हफ्ते के दिल्ली चैलेंजर के विजेता यूनान के स्टेफानोस सकेलारिडिस को 6-4, 7-6 से हराया। पुणे के दुनिया के 489वें नंबर के खिलाड़ी धामने ने दूसरे सेट के कड़े टाईब्रेक में धैर्य बरकरार रखते हुए दुनिया के 220वें नंबर के यूनान के खिलाड़ी के खिलाफ यादगार जीत हासिल की। लिथुआनिया के आठवें वरीय एडास बुटविलास ने भारत के वाइल्ड कार्ड धारक आदित्य बालसेकर को 6-0, 6-1 से हराया जबकि भारत के ही करण सिंह को क्वालीफायर मैक्स कासनिकोवस्की ने 6-3, 6-1 से शिकस्त दी।

## संक्षेप

### प्रो लीग : स्पेन से शूट आउट में हारा भारत

होबार्ट। भारत का एफआईएच पुरुष प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा जब यहां स्पेन के खिलाफ निर्धारित समय में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में उसे 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। मनिंदर सिंह के गोल से 59वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए रखने के बावजूद भारत ने अंतिम लम्हों में स्पेन को बराबरी का मौका दिया जब ब्रूनो फॉन्ट ने गोल दागकर मैच को शूटआउट में खींच दिया। स्पेन ने मैच में जोरदार शुरुआत की। टीम ने चौथे मिनट में ही अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन ड्रैग फ्लिक को भारतीय गोलकीपर मोहित ने आसानी से बचा लिया। स्पेन को लगा कि उन्होंने आठवें मिनट में बढ़त बना ली है लेकिन जोस बास्टेरा के गोल को अस्वीकार कर दिया गया। दबाव से उबरते हुए भारत ने 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन अमित रोहिदास की ड्रैग फ्लिक को स्पेन के गोलकीपर लुई कैल्जाडो ने नाकाम कर दिया।

### दिल्ली में पैरा तैराकी कार्यशाला शुरू

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के सहयोग से तीन दिवसीय पैरा तैराकी कोचिंग कार्यशाला सोमवार को यहां शुरू हो गई। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तैराकी परिसर में आयोजित की जा रही इस कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ और कोच भारत में पैरा तैराकी को बेहतर बनाने पर चर्चा करेंगे। ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) में भी तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

# न्यूजीलैंड पर जीत दर्ज करने उतरेगा श्रीलंका



एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले सुपर आठ के करो या मरो के मुकाबले में स्पिन गेंदबाजों के सामने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। पाल्लेकल की धीमी पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज स्पिनरों के सामने बुरी तरह से फ्लॉप रहे और 147 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाए। श्रीलंका की पिचें सह-मेजबान भारत की पिचों की तुलना में बल्लेबाजी के लिए ज्यादा मुश्किल रही हैं और प्रेमदासा पिच पर भी यही सिलसिला जारी रहने की संभावना है, जहां बड़ी बाउंड्री के कारण छक्के लगाना आसान नहीं है। सुपर आठ के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों के शॉट चयन पर सवाल उठाए गए थे और उसकी टीम को अपनी इन गलतियों से सबक लेना होगा। श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने टीम के खराब प्रदर्शन पर कहा यह एक टी20 मैच है, इसलिए जाहिर है कि आप अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन जब गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही होती है, तो यह कहना आसान है, करना मुश्किल। उन्होंने कहा, क्या इससे बेहतर विकल्प थे। निश्चित रूप से हो सकते थे। मैंने सोचा कि ऐसे विकेट पर जहां गेंद रुक कर आ रही हो, वहां तेजी से रन बनाना अच्छा विचार नहीं है।

## अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका का अभेद किला

अहमदाबाद। अपराजित और बेखौफ अंदाज में खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम को एक अभेद किले में बदल दिया है। यात्राओं की थकान और बदलती पिचों से भरे इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका को परिचित माहौल में खेलने की एक दुर्लभ सुविधा मिली है और टीम ने इसका पूरा फायदा उठाया है। ग्रुप चरण में दक्षिण अफ्रीका ने अहमदाबाद में कनाडा, अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ इसी स्टेडियम में अपने मैच खेले। केवल यूएई के खिलाफ मैच के लिए उन्हें दिल्ली की यात्रा करनी पड़ी। सुपर आठ चरण में वे फिर अपने इस एक तरह के घरेलू मैदान पर लौटे, जहां उन्होंने खिताब के प्रबल दावेदार भारत को मात दी। अब वे इसी मैदान पर वेस्टइंडीज से भिड़ने की तैयारी कर रहे हैं, जिसके बाद एक मार्च को जिम्बाब्वे से मुकाबले के लिए दिल्ली की छोटी यात्रा करेंगे।

# रणजी फाइनल में जम्मू-कश्मीर का दबदबा

एजेंसी

हुबली। शुभम पुंडीर के नाबाद शतक और युवा यावर हसन की 88 रन की जुझारू पारी की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन मंगलवार को यहां कर्नाटक के खिलाफ दो विकेट पर 284 रन बना कर मजबूत शुरुआत की।

खब्बू बल्लेबाज शुभम दिन का खेल खत्म होने पर 117 रन पर नाबाद हैं जबकि अब्दुल समद (नाबाद 52) अर्धशतकीय पारी के साथ उनका साथ निभा रहे हैं। कप्तान पारस डोगरा के चोट के कारण रिटायर हर्ट होने के बाद दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 105 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। इससे पहले 27 साल के शुभम और यावर ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन जोड़कर आठ बार की चैंपियन टीम के खिलाफ बड़े स्कोर की नींव रखी। दो शतकीय साझेदारियों में



शामिल शुभम ने शिखर शेट्टी के खिलाफ डीप मिड-विकेट के ऊपर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। इस उपलब्धि का जश्न उन्होंने हेलमेट उतारकर और ड्रेसिंग रूम की ओर हाथ उठाकर मनाया। मैच के आगे बढ़ने के साथ पिच से स्पिनरों को अधिक मदद मिलने की संभावना को देखते हुए जम्मू-कश्मीर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जो अब तक सही साबित हुआ है। मध्य प्रदेश और बंगाल जैसी स्थापित टीमों को नॉकआउट में हराकर पहली बार रणजी फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर को पहला झटका तब लगा जब कमरान इकबाल (छह) प्रसिद्ध कृष्णा की बाहर जाती गेंद पर स्लिप में केएल राहुल को कैच दे बैठे। इसके बाद यावर और शुभम ने पहले सत्र में टीम को संभाला और लंच तक स्कोर एक विकेट पर 104 रन पहुंचा दिया। लंच के समय यावर 57 और शुभम 38 रन पर नाबाद थे।

दोनों ने आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए कर्नाटक के अनुभवी गेंदबाजों को प्रभाव छोड़ने का मौका नहीं दिया। नयी गेंद ने दिन की शुरुआत में बल्लेबाजों को परेशान किया और गेंद कई बार बल्ले को छकाती हुई निकल गई और कुछ किनारे भी लगे, लेकिन दोनों ने इस मुश्किल दौर को संयम के साथ झेल लिया। कर्नाटक के तीन तेज गेंदबाजों और लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल ने अनुशासित लाइन-लेंथ रखी, लेकिन उन्हें मेहनत का फल नहीं मिला।



# स्कूल व धार्मिक स्थलों के पास न हों मांस की दुकानें

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास मांस-मछली की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने का संकल्प जताया है। उन्होंने दावा किया कि ऐसी दुकानें भावनाएं आहतै करती हैं और बच्चों में हिंसक प्रवृत्तियों को बढ़ावा देती हैं।

शहरी विकास विभाग का भी प्रभार संभाल रहे सिन्हा ने हाल ही में विभाग द्वारा जारी एक परिपत्र के संबंध में पूछे जाने पर यह बयान दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिन्हा ने कहा, हम नया बिहार बना रहे हैं और यह हमारे हर कदम में झलकता है। हाल की विभागीय बैठक में मैंने नियमों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए हैं, जिन्हें स्वच्छता और सामाजिक सौहार्द सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। सिन्हा ने कहा, हम लोगों के खान-पान की पसंद के अधिकार के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन खुले में, खासकर धार्मिक स्थलों के आसपास ऐसी (मांस) वस्तुओं की बिक्री हमारी भावनाओं की पवित्रता को प्रभावित करती है। इसी प्रकार, बच्चों में हिंसक प्रवृत्तियों को रोकने के लिए इन्हें शैक्षणिक संस्थानों से भी दूर रखा जाना चाहिए। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ये नियम कई वर्षों से लागू हैं। उन्होंने कहा, ऐसे स्थानों के आसपास मांस, मछली और पोल्ट्री की दुकानें अवैध रूप से संचालित होती रही हैं। इन नियमों के पीछे के कारणों पर हम टिप्पणी नहीं करना चाहते, लेकिन हाल में इनके अनुपालन पर



विशेष जोर दिया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, कुछ सप्ताह पहले उत्तर बिहार के दरभंगा जिले के दौरे के दौरान सड़क किनारे इन वस्तुओं की दुकानों से उठने वाली दुर्गंध से सिन्हा असहज हुए थे। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद जिला प्रशासन को त्वरित कार्वाई के निर्देश दिए गए और राज्यभर में बिहार नगर निगम कानून के सख्त अनुपालन का आदेश जारी किया गया। होली पर्व और असम व पश्चिम बंगाल में प्रस्तावित चुनावों से पहले सिन्हा के इस बयान को राजनीतिक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ विधायक भाई वीरेंद्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, स्कूलों और मंदिरों के पास मांस की बिक्री पर रोक के नियम पहले से मौजूद हैं। लेकिन जिस तरीके से विजय सिन्हा ने बयान दिया, उससे स्पष्ट है कि उनका निशाना एक विशेष समुदाय था। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के विधायक अख्तरुल ईमान ने कहा, ये नियम हमेशा से रहे हैं और इनके अनुपालन पर किसी को आपत्ति नहीं है। लेकिन जिस तरह से और जिस समय बयान दिया गया, उससे उनकी नीयत की पवित्रता पर ही सवाल उठता है। ईमान ने कहा कि भाजपा नेताओं को आत्ममंथन करना चाहिए कि दो दशकों से सत्ता में साझेदारी के बावजूद मांस-मछली की अवैध बिक्री की समस्या क्यों बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण शहरों में समुचित बूचड़खानों की कमी है और इन्हें स्थापित करना सरकार की जिम्मेदारी है। एआईएमआईएम नेता ने कहा, बेहद कम मात्रा में मांस-मछली की बिक्री करने वाले दुकानदारों से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वे दूरदराज स्थित बूचड़खानों तक जाएं। उन्हें उपयुक्त स्थान आवंटित किया जाए, इस बात का ध्यान रखते हुए कि वह मंदिर या स्कूल के पास न हो। केवल सुर्खियां बटोरने की राजनीति न की जाए। सामाजिक सौहार्द ऐसे बयानों से अधिक प्रभावित होता है।

# सभी के लिए किफायती और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा हर किसी का मिशन होना चाहिए : राष्ट्रपति

एजेंसी



मुंबई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि सभी के लिए किफायती और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा हर किसी का मिशन होना चाहिए।

राष्ट्रपति मुंबई के लोक भवन (पूर्व में राज निवास) में पी डी हिंदुजा अस्पताल द्वारा आयोजित जीवन बचाना और एक स्वस्थ भारत का निर्माण अभियान का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि भारत वैश्विक स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में प्रतिष्ठा हासिल करेगा। राष्ट्रपति ने निजी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों से स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी को भी ध्यान में रखने की अपील की। राष्ट्रपति मंगलवार दोपहर को महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर मुंबई पहुंचीं। राष्ट्रपति का छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा अजित पवार और मुंबई की महापौर रितु तावडे ने स्वागत किया।

## सड़क दुर्घटनाएं खामोश महामारी हैं: ज्यां टॉड

नयी दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत ज्यां टॉड ने मंगलवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्व भर में एक खामोश महामारी हैं और इनमें होने वाली मौतों को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। टॉड ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए एक वैश्विक जागरूकता अभियान भी शुरू किया। सड़क दुर्घटनाएं विश्वभर में एक खामोश महामारी हैं, और भारत में भी ये हर साल हजारों लोगों की जान लेती हैं, जिससे देश भर के परिवारों और समुदायों पर गहरा असर पड़ता है। ऐसे देश में जहां आवागमन में तेजी से वृद्धि हो रही है, सड़क सुरक्षा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए मिलकर काम करने से सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या कम करने में मदद मिल सकती है।

## दिल्ली पुलिस ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों के एक समूह द्वारा कमीज उतारकर किए गए विरोध प्रदर्शन के संबंध में संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब को मुख्य साजिशकर्ता करार देते हुए गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चिब की गिरफ्तारी मेमो में उन्हें भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मुख्य साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड बताया गया है, जहां प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रविरोधी नारे लगाए औरै दंगे जैसी स्थितिै पैदा करने की कोशिश की। दिल्ली की एक अदालत ने चिब को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। चिब की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका को देखते हुए पुलिस ने राजधानी के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। चिब की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस के सात कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था।

## राहुल एआई समिट में हुई अराजकता के मास्टरमाइंड, कानून दोषियों तक पहुंचेगा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पिछले सप्ताह एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के शर्ट उतारकर किए गए प्रदर्शन के मास्टरमाइंड कांग्रेस नेता राहुल गांधी थे। केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी ने जोर देकर कहा कि कानून का लंबा हाथ जल्द ही उस बदमाश तक पहुंचेगा जिसने पर्दे के पीछे से भारत को बदनाम करने के लिए अराजक घटना की साजिश रची थी। भाजपा की यह प्रतिक्रिया दिल्ली की एक अदालत द्वारा एआई इम्पैक्ट समिट स्थल पर शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन करने के संबंध में भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजे जाने के बाद आई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि कांग्रेस की युवा शाखा ने राहुल गांधी के इशारे पर एआई समिट में विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस अराजक घटना के मास्टरमाइंड हैं, बल्कि एक सुपर मास्टरमाइंड हैं। राहुल गांधी के इशारे पर भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष और अन्य लोगों द्वारा शर्ट उतारकर किया गया प्रदर्शन भारत की छवि को धूमिल करता है। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी और लम्पट, गुंडे और मवाली लोगों में ज्यादा फर्क नहीं है। भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी शायद यह सोच रहे होंगे कि वे कानून से ऊपर हैं, लेकिन कानून का लंबा हाथ जल्द ही उस व्यक्ति तक पहुंचेगा जिसने देश को बदनाम करने की कोशिश की है, चाहे वह कोई भी हो। उन्होंने कहा कि पुलिस हिरासत में उदय सच बताएगा और घटना में शामिल लोगों के नामों का खुलासा करेगा। हम यह जानने का इंतजार करेंगे कि इस मामले में क्या संबंध स्थापित होता है। यह बात सार्वजनिक की जाएगी और पूरे देश को पता चल जाएगा।

## भारत-इजराइल ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की

नयी दिल्ली। भारत और इजराइल ने वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का पहला दौर शुरू कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। पिछले साल नवंबर में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि भारत-इज़राइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का पहला दौर 23 फरवरी, 2026 को नयी दिल्ली में शुरू हुआ और यह 26 फरवरी तक जारी रहेगा। इस तरह के समझौतों में दोनों पक्ष आपस में व्यापार वाली अधिकतम वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी कम कर देते हैं या पूरी तरह समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा सेवाओं और निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है। बयान में कहा गया कि इस दौर के दौरान दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। इन सत्रों में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के कई पहलुओं पर चर्चा होगी। इस वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भादू कर रहे हैं, जबकि इज़राइली पक्ष का नेतृत्व वरिष्ठ निदेशक यिफ़ात अलोन पेरेल कर रही हैं।

## 86 हजार गुमशुदा महिलाओं और लड़कियों का पता लगाया गया : सीएम फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विधानसभा को सूचित किया कि पुलिस ने 2024 और 2025 में लापता हुई 86,228 महिलाओं और लड़कियों का पता लगा लिया है। महाराष्ट्र का गृह विभाग भी संभाल रहे फडणवीस ने सदन को बताया कि गत दो वर्षों में लापता हुई 93,940 महिलाओं में से 67,458 का पता लगा लिया गया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार, इस अवधि के दौरान लापता बताई गई 23,429 लड़कियों में से 18,770 को उनके परिवारों से मिला दिया गया। फडणवीस के मुताबिक अकेले मुंबई में पुलिस ने 4,515 नाबालिगों के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज की और इनमें से 4,455 का पता लगा लिया। उन्होंने बताया कि नवी मुंबई में पुलिस ने गत दो साल की अवधि में 313 लड़कों और 627 लड़कियों का सफलतापूर्वक पता लगाया। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन मुस्कान की सफलता की भी सदन में जानकारी दी। यह अभियान शोषित और लापता बच्चों के बचाव पर केंद्रित है। जुलाई 2015 से दिसंबर 2024 के बीच, ऑपरेशन मुस्कान के 13 चरण लागू किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 41,000 से अधिक बच्चों को बचाया गया। वर्तमान में, अभियान का 14वां चरण 20 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक पूरे राज्य में आयोजित किया गया।


# कार्यालय-नगर पंचायत उसका बाजार-सिद्धार्थनगर





स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ सर्वेक्षण 2026






## नगर पंचायत उसका बाजार की ओर से समस्त नगर वासियों को गणतंत्र दिवस 2026 की हार्दिक शुभकामनायें

### नगर वासियों से विनम्र अपील

1. खुले में शौच कदापि न करें। खुले में शौच करते हुये पकड़े जाने पर जुर्मानें से दण्डित किये जायेगें। 2. वार्ड की स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति में सक्रिय सहयोग कर वार्ड में पूर्ण स्वच्छता लायें। 3. डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में अपना सहयोग अवश्य करें एवं सूखा कूड़ा व गीला कूड़ा अलग करके कचरा संग्राहक को सौपें। 4. पर्यावरण को प्लास्टिक के प्रदूषण से मुक्त बनायें। पालीथीन का प्रयोग करते हुये पकड़े जाने पर जुर्माने से दण्डित किये जायेगें। 5. कूड़ा-करकट आदि नालियों, सड़कों, खुले स्थानों में न फेकें, सफाई में सहयोग करें। 6. बिना भवन का नक्शा पास कराये, भवन निर्माण न करायें। 7. जल ही जीवन है इसकी बचत करें और भूगर्भ जलस्तर को बनाये रखने में अपना सहयोग करें। 8. नगर पंचायत की भूमि, सार्वजनिक स्थलों, सड़क की पटरी, नाली/नालों आदि पर अवैध अतिक्रमण ना करें। 9. पथ प्रकाश बिन्दुओं को क्षति ना पहुंचायें। 10. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग करें।



**हेमन्त कुमार जायसवाल**
अध्यक्ष प्रतिनिधि
नगर पंचायत उसका बाजार
सिद्धार्थनगर



**मंजू जायसवाल**
अध्यक्ष
नगर पंचायत उसका बाजार
सिद्धार्थनगर

## सम्मानित सदस्य का नाम

श्रीमती प्रमिला देवी, श्री कल्लू प्रसाद, श्री कासिम, श्रीमती कांती देवी, श्रीमती गुड़िया देवी, श्रीमती सूर्यमती देवी, श्री विभूति प्रसाद अग्रहरि, श्री राजेश कुमार, श्री अंगद सहानी, श्री मयँक पाण्डेय, श्री उपेन्द्रनाथ दूबे, श्रीमती पूनम त्रिपाठी, श्री अयोध्या साहू, श्रीमती प्रेमा देवी, श्री सूरज कुमार


आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com